RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 300
नई दिल्ली, शनिवार, 10 सितंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



चोट के कारण नीरज चोपड़ा राष्ट्रीय खेलों में नहीं खेल पाएंगे

स्पोर्ट्स-12

# गोगरा-हॉट स्प्रिंग्स से 12 तक पीछे हट जाएंगी सेनाएं

## भारत-चीन पूर्वी लद्दाख में बनाए गए अस्थायी ढाचों को नष्ट करेंगे और इसकी पारस्परिक पुष्टि भी करेंगे

- इस इलाके में वही प्राकृतिक स्वरूप को बहाल किया जाएगा जो गतिरोध की स्थिति से पहले था
- शंघाई सहयोग संगठन के सम्मेलन से पहले पीछे हटने की घोषणा, इसमें प्रधानमंत्री मोदी व चीन राष्ट्रपति के भाग लेने की उम्मीद



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/बीजिंग

**भारत** और चीन पूर्वी लद्दाख के गोगरा-हॉट स्प्रिंग्स क्षेत्र (पेट्रोलिंग प्वाइंट-15) से अपनी सेनाओं को पीछे हटाने की प्रक्रिया अगले सोमवार (12 सितंबर) तक पूरी कर लेंगे। दोनों देशों ने बृहस्पतिवार से पीछे हटने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। दोनों सेनाएं दो साल से अधिक समय तक यहां चले गतिरोध के दौरान बनाएं गए अस्थायी ढांचों को भी नष्ट कर देंगी।

विदेश मंत्रालय के मुताबिक उज्बेकिस्तान में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के वार्षिक शिखर सम्मेलन से लगभग एक सप्ताह पहले इलाके से पीछे हटने की घोषणा की गई। इस सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग के भाग लेने की उम्मीद है। बीजिंग में, यह पूछे जाने पर कि क्या भारत और चीन 15 से 16 सितंबर को समरकंद में होने वाले एससीओ शिखर सम्मेलन से इतर मोदी-शी की संभावित बैठक के बारे में एक-दूसरे के संपर्क में हैं, चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि उनके पास इस समय इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा, हमारा मानना है कि पीछे हटने की प्रक्रिया एक सकारात्मक कदम होगा। यह सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति के माहौल के लिए महत्वपूर्ण है और चीन भी शांति एवं स्थिरता बनाए रखने के लिए भारत के साथ काम करने की उम्मीद करता है। मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने इस मामले से जुड़े सवालों के जवाब में कहा, इस बात पर सहमति बनी कि इलाके में दोनों पक्षों द्वारा बनाए गए सभी अस्थाई ढांचे और अन्य संबद्ध ढांचे ध्वस्त किए जाएंगे और इसकी पारस्परिक रूप से पुष्टि की जाएगी। इलाके में भूमि का वही प्राकृतिक स्वरूप बहाल किया जाएगा, जो दोनों पक्षों के बीच गतिरोध की स्थिति से पहले था। उन्होंने बताया कि दोनों पक्षों ने वार्ता जारी रखने और भारत-चीन सीमावर्ती इलाकों में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास शांति बहाल करने एवं शेष मुद्दों को सुलझाने पर सहमति जताई है।

उन्होंने कहा, दोनों पक्ष चरणबद्ध, समन्वित और सत्यापित तरीके से इस क्षेत्र में भविष्य में सैन्य जमावड़े पर रोक पर सहमत हुए हैं। बागची ने कहा कि समझौते के जरिए यह सुनिश्चित होता है कि दोनों पक्षों द्वारा इस क्षेत्र में एलएसी का कड़ाई से पालन और सम्मान किया जाएगा और यथास्थिति में एकतरफा बदलाव नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत और चीन के कोर कमांडरों के बीच 16वें दौर की वार्ता 17 जुलाई 2022 को चुशुल मोल्दो बैठक स्थल पर हुई थी। उन्होंने कहा, दोनों पक्षों ने तब से भारत-चीन सीमा क्षेत्रों के पश्चिमी क्षेत्र में एलएसी के साथ प्रासंगिक मुद्दों को (शेष पेज 8)

## लद्दाख में वायुसेना के अड्डे को उन्नत करने की अनुमति मिली

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** वन्यजीव बोर्ड की स्थाई समिति ने लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास चांगथांग वन्यजीव अभयारण्य में 508 हेक्टेयर क्षेत्र में भारतीय वायु सेना के अड्डे के उन्नयन के प्रस्ताव को अनुमति दे दी है।

इसके अलावा बोर्ड ने चांगथांग और काराकोरम वन्यजीव अभयारण्यों में भी नौ और रणनीतिक परियोजनाओं को अनुमति प्रदान कर दी। भारत, एलएसी के पास रक्षा बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाना चाहता है। वायुसेना ने चीन के साथ सीमा गतिरोध शुरू होने के कुछ महीनों बाद 12 दिसंबर, 2020 को राज्य वन्यजीव बोर्ड को अपने अड्डे के उन्नयन के लिए एक प्रस्ताव सौंपा था। राज्य बोर्ड ने राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए इसके महत्व को स्वीकार करते हुए 29 जून को एक बैठक में इसे अनुमति प्रदान कर दी।

राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की स्थाई समिति ने केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव की अध्यक्षता में 29 जुलाई को एक बैठक में वायुसेना के प्रस्ताव को मंजूरी दी।

# सूखे की मार से कम होगा धान का उत्पादन

- चालू खरीफ सीजन में घटे बुवाई के क्षेत्र फिर भी खपत से ज्यादा होगी पैदावार



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** के धान उत्पादन में 10 से 12 मिलियन (1 से 1.2 करोड़) टन की गिरावट हो सकती है, चालू खरीफ सीजन में कम बारिश के चलते धान बुवाई क्षेत्र घटने के बाद कृषि मंत्रालय ने आशंका जताई है। खाद्य सचिव सुधांशु पांडेय ने शुक्रवार को कहा कि इस खरीफ सीजन में घरेलू उत्पादन 10 से 12 मिलियन (1 से 1.2 करोड़) टन कम हो सकता है। यद्यपि पांडेय ने जोर देकर कहा कि देश में चावल का उत्पादन खपत से अधिक होगा।

हालांकि सरकार ने पहले ही चावल निर्यात पर रोक लगा दी है जो शुक्रवार से प्रभावी हो गया। इस अनाज के विभिन्न किस्मों पर पहले से 20 फीसदी का निर्यात शुल्क लगा दिया है। घरेलू थोक और फुटकर कीमतों में मवेशियों के चारे के स्टॉक की कीमतों में बढ़ोतरी का रुझान दिख रहा है। जबकि मक्के की कीमतें 19 रुपये प्रति किलो (एक जनवरी में 2022) से बढ़कर 24 रुपये प्रति किलो (8 सितंबर, 2022) हो गईं, वहीं टूटे चावल की कीमतें भी 16 रुपये प्रति किलो (1 जनवरी 2022) से बढ़कर 22 रुपये प्रति किलो (8 सितंबर, 2022) हो गईं। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के आंकड़ों के अनुसार भारत में सामान्य बारिश 760.6 की तुलना में 795.7 मिलीमीटर बारिश हुई।

लेकिन अनियमित बारिश होने के कारण 36 क्षेत्रों में आज की तारीख में 17 फीसदी कम बारिश मिली है। कुछ राज्यों में कमजोर बारिश होने के कारण चालू खरीफ सीजन में धान की फसल का कवरेज क्षेत्र 4.95 फीसदी घटकर 393.79 लाख हेक्टेयर रह गई है। कृषि मंत्रालय के बुवाई आंकड़ों के अनुसार 393.79 लाख हेक्टेयर क्षेत्र पर बुवाई हुई है, जबकि पिछले साल इसी अवधि में 414.31 लाख हेक्टेयर भूमि पर धान की बुवाई हुई थी। एक आधिकारिक बयान के अनुसार इस प्रकार पिछले साल की तुलना में 20.52 लाख हेक्टेयर कम क्षेत्र पर बुवाई हुई है। हालांकि, झारखंड (9.37 लाख हेक्टेयर), मध्य प्रदेश (6.32 लाख (शेष पेज 8)

## बिलकिस बानो के मामले में गुजरात सरकार को नोटिस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**गुजरात** दंगों के दौरान बिल्कीस बानो से सामूहिक दुष्कर्म और उनके परिवार के लोगों की हत्या के 11 दोषियों की रिहाई के खिलाफ दायर की गई याचिका पर सुप्रीम कोर्ट तीन सप्ताह बाद सुनवाई करेगा। अदालत ने गुजरात सरकार के वकील से दो सप्ताह के भीतर पीठ के समक्ष प्रासंगिक अभिलेख प्रस्तुत करने को कहा है। यह मामला न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी और न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना की पीठ के सामने सुनवाई के लिए आया है। शीर्ष अदालत ने बीते 25 अगस्त को इस केस में केंद्र और गुजरात सरकार से जवाब मांगा था। अदालत ने माकपा नेता सुभाषिनी अली, पत्रकार रेवती लौल और कार्यकर्ता रूपरेखा रानी की याचिका पर नोटिस जारी किया था। पीठ ने याचिकाकर्ताओं से कहा था कि वे उन 11 दोषियों को मामले में पक्षकार के रूप में पेश करें, जिन्हें रिहा किया गया है। तृणमूल सांसद महुआ मोइत्रा ने भी दोषियों (शेष पेज 8)

# जल्दी स्पष्ट हो जाएगा कांग्रेस अध्यक्ष बनूंगा या नहीं: राहुल

- भारत जोड़ो यात्रा के दौरान बोले कांग्रेस नेता- अध्यक्ष पद का चुनाव नहीं लड़ा तो इसका कारण बताऊंगा



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/कन्याकुमारी

**कांग्रेस** अध्यक्ष पद के लिए चल रही प्रक्रिया के बीच राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि यह बहुत जल्द स्पष्ट हो जाएगा कि वह पार्टी अध्यक्ष बनेंगे या नहीं।

भारत जोड़ो यात्रा के दौरान जब पत्रकारों ने राहुल से कांग्रेस अध्यक्ष बनने को लेकर सवाल किया तो उन्होंने कहा कि वह इस संबंध में स्पष्ट रूप से फैसला कर चुके हैं। हालांकि उन्होंने क्या फैसला लिया, इसका खुलासा नहीं किया। राहुल गांधी ने यह भी कहा कि अगर वह अध्यक्ष पद का चुनाव नहीं लड़ते हैं तो इसके कारणों के बारे में बताएंगे।

पार्टी अध्यक्ष का चुनाव कार्यक्रम घोषित होने के कुछ दिनों बाद दिए गए राहुल गांधी के इस बयान से कई तरह के संकेत मिल रहे हैं। यह भी कि वह अध्यक्ष नहीं बनने के पहले के फैसले पर अडिग रह सकते हैं। राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के तहत शुक्रवार को करीब 17 किलोमीटर की पदयात्रा की। उन्होंने दो दिनों की पदयात्रा में करीब 40 किलोमीटर की दूरी तय कर ली है। रास्ते में कांग्रेस नेता किसानों, स्वच्छता कर्मियों, आदिवासी कार्यकर्ताओं, यूट्यूबर्स और पंचायत नेताओं के साथ बातचीत करते हुए चल रहे हैं।

यात्रा से इतर संवाददाताओं से बातचीत में राहुल ने कहा कि वह कांग्रेस अध्यक्ष बनूंगे या नहीं, चुनाव होने पर स्पष्ट हो जाएगा। तब तक इंतजार करिए। यदि वह चुनाव में खड़े नही हुए (शेष पेज 8)

## हाथरस मामला

## सुप्रीम कोर्ट ने पत्रकार कप्पन की जमानत याचिका स्वीकार की

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने अक्टूबर 2020 में उत्तर प्रदेश के हाथरस जाते समय गिरफ्तार किए गए केरल के पत्रकार सिद्दीकी कप्पन की जमानत याचिका शुक्रवार को स्वीकार कर ली और कहा कि प्रत्एक व्यक्ति को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार है। कप्पन को हाथरस में कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार पीड़िता की मौत के बाद वहां जाते वक्त रास्ते में गिरफ्तार कर लिया गया था। पीड़िता दलित समुदाय की थी। प्रधान न्यायाधीश उदय उमेश ललित की अगुवाई वाली पीठ ने कप्पन को निर्देश दिया कि वह उत्तर प्रदेश की जेल से रिहा किए जाने के बाद आगामी छह सप्ताह तक दिल्ली में ही रहें। पीठ में न्यायमूर्ति एस. रवीन्द्र भट और न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा भी शामिल थे। पीठ ने कप्पन की जमानत मंजूर करते हुए कहा, अभी तक आपने (आयोजन पक्ष ने) ऐसा कुछ नहीं पेश किया है, जिसे उकसावा (शेष पेज 8)

## लोकसभा चुनाव से पहले कई राज्यों के भाजपा प्रभारी तय

- शीर्ष नेतृत्व ने पूर्व मुख्यमंत्रियों, वरिष्ठ नेताओं को दी जिम्मेदारी, इनमें विजय रूपाणी, बिप्लव कुमार देब और प्रकाश जावड़ेकर का नाम शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) ने शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्रियों और पूर्व केंद्रीय मंत्रियों समेत कई वरिष्ठ नेताओं को संगठनात्मक कार्य के लिए कई प्रदेशों में पार्टी मामलों का प्रभारी नियुक्त किया। कुछ राज्यों में सहप्रभारी भी नियुक्त किए गए हैं, जबकि पश्चिम बंगाल दो सह प्रभारियों की तैनाती की गई है। नवनियुक्त प्रभारियों में पूर्व मुख्यमंत्रियों विजय रूपाणी और बिप्लव कुमार देब के अलावा पूर्व केंद्रीय मंत्रियों प्रकाश जावड़ेकर और महेश शर्मा के नाम शामिल हैं।

भाजपा ने महासचिव विनोद तावड़े को बिहार का नया प्रभारी और बिहार के पूर्व मंत्री मंगल पांडे को पश्चिम बंगाल का प्रभारी बनाया है। हरीश द्विवेदी बिहार के सह-प्रभारी होंगे वहीं पार्टी के आईटी प्रकोष्ठ के प्रमुख अमित मालवीय पश्चिम बंगाल के लिए सह-प्रभारी होंगे। भाजपा ने एक बयान में कहा कि भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा को पूर्वोत्तर के आठ राज्यों का समन्वयक बनाया गया है जबकि पार्टी के राष्ट्रीय सचिव ऋतुराज सिन्हा संयुक्त समन्वयक होंगे। यह नियुक्तियां महत्वपूर्ण हैं क्योंकि कई वरिष्ठ नेताओं, जिनके पास वर्तमान में कोई संगठनात्मक पद नहीं था, उन लोगों को नई जिम्मेदारियां दी गई हैं।

रूपाणी पंजाब और चंडीगढ़ के प्रभारी होंगे जबकि देब हरियाणा के प्रभारी होंगे। वहीं, जावड़ेकर केरल में पार्टी का कामकाज देखेंगे। बयान के मुताबिक, पार्टी के वरिष्ठ नेता और इसकी केंद्रीय चुनाव समिति के सदस्य ओम माथुर छत्तीसगढ़ के प्रभारी होंगे। पार्टी की उत्तर प्रदेश इकाई के (शेष पेज 8)

## कुत्ता काटे तो उसे खाना खिलाने वाला हो जिम्मेदार: सुप्रीम कोर्ट



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**आवारा** कुत्तों के बढ़ते खतरे से निपटने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सुझाव देते हुए कहा कि जो लोग गली के कुत्तों को खाना खिलाते हैं, उन्हीं पर उनके टीकाकरण की जिम्मेदारी डाली जानी चाहिए। साथ ही यदि कुत्ता हमला कर किसी को घायल कर देता है तो उस स्थिति में क्षतिपूर्ति के लिए रकम भी इन खाना खिलाने वालों से ही वसूली जानी चाहिए। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी की पीठ केरल उच्च न्यायालय के 2015 के फैसले के खिलाफ दायर भारतीय पशु कल्याण बोर्ड और अन्य पक्षों की अपीलों पर सुनवाई कर रही थी। केरल हाई (शेष पेज 8)

### बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,793 | ↑ 104 | |
| निफ्टी | 17,833 | ↑ 34 | |
| सोना | 51,131 | ↑ 62 | /10g |
| चांदी | 55,540 | ↑ 579 | /kg |

### क्विक न्यूज

**सीयूईटी-यूजी के नतीजे 15 सितंबर तक घोषित होंगे**

**नई दिल्ली।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष जगदीश कुमार ने शुक्रवार को कहा कि विश्वविद्यालईन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) के स्नातक के परिणाम 15 सितंबर तक घोषित किए जाएंगे। स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए जरूरी सीयूईटी-यूजी की परीक्षा पहली बार जुलाई में हुई और 30 अगस्त को खत्म हुई। परीक्षा मे 60 फीसदी अभ्यर्थी बैठे थे। कुमार ने कहा, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) सीयूईटी-यूजी के परिणाम 15 सितंबर तक घोषित कर सकती है या संभव हुआ तो कुछ दिन पहले भी नतीजे घोषित किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा, इसमें शामिल सभी विश्वविद्यालय सीयूईटी-यूजी के परिणाम के आधार पर स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले की प्रक्रिया शुरू करने के लिए अपने वेब पोर्टल को तैयार रखे।

## ग्रेटर नोएडा के डिपो स्टेशन से बोड़ाकी तक दौड़ेगी मेट्रो

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

**नोएडा** के सेक्टर-51 से ग्रेटर नोएडा के डिपो स्टेशन तक चलने वाली मेट्रो बोड़ाकी तक जाएगी। इसकी डीपीआर तैयार हो गई है। करीब 2.6 किलोमीटर लंबे ट्रैक पर दो स्टेशन होंगे। शुक्रवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण बोर्ड के समक्ष इस आशय की जानकारी प्रस्तुत कर दी गई है। इस रूट के बनने से दादरी व बोड़ाकी के आसपास से नोएडा-ग्रेटर नोएडा के बीच सफर करने वाले हजारों दैनिक यात्रियों को सहूलियत हो जाएगी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की 127वीं बोर्ड बैठक में बोड़ाकी मेट्रो का भी प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया, जिसके अनुसार डिपो स्टेशन से बोड़ाकी तक करीब 2.6 किलोमीटर लंबे मेट्रो ट्रैक की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट एनएमआरसी से प्राप्त हो गई है। प्राधिकरण (शेष पेज 8)

# ब्रिटेन देगा महारानी एलिजाबेथ को राजकीय विदाई

- इससे पहले 1965 में राजकीय सम्मान से हुआ था पूर्व प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल का अंतिम संस्कार
- शोक में डूबे पूरे देश की चर्चों में बजाई गईं घंटियां महल के इर्द-गिर्द श्रद्धांजलि देने के लिए भीड़ जमा



**पीएनएस/एजेंसी।** नई दिल्ली/लंदन

**ब्रिटेन** में महारानी एलिजाबेथ द्वितीय का अंतिम संस्कार देश में आधी सदी से अधिक समय बाद पहली बार किसी का राजकीय अंतिम संस्कार होगा। इससे पहले 1965 में पूर्व प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल को राजकीय सम्मान के साथ विदा किया गया था। महारानी के पति प्रिंस फिलिप का अंतिम संस्कार राजशाही परंपरा के अनुसार किया गया था। ब्रिटेन में सबसे लंबे समय तक राजगद्दी पर रहीं 96 वर्षीय महारानी एलिजाबेथ द्वितीय का बृहस्पतिवार को स्कॉटलैंड में उनके बाल्मोरल कैसल स्थित आवास पर निधन हो गया।

उनकी मौत की खबर सुनते ही पूरा ब्रिटेन शोक में डूब गया। शाही परिवार दस दिन तक शोक मनाएगा। देशभर से लोग महारानी के आवास के इर्द-गिर्द श्रद्धांजलि देने के लिए एकत्रित होने लगे और पूरे ब्रिटेन में चर्च की घंटियां बजाई गईं। प्रधानमंत्री लिज ट्रस ने शुक्रवार को संसद का विशेष सत्र बुलाया और महारानी को श्रद्धांजलि अर्पित की। ट्रस ने महारानी को देश की सबसे महान राजनेता बताया और कहा कि वह ऐसी चट्टान की तरह थीं, जिस पर आधुनिक ब्रिटेन की (शेष पेज 8)

## भारत में रविवार को रहेगा राजकीय शोक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**ब्रिटेन** की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के निधन पर उनके सम्मान में रविवार को पूरे देश में एक दिन का राजकीय शोक मनाया जाएगा। राजकीय शोक वाले दिन, देश भर में उन सभी भवनों पर, जहां राष्ट्रीय ध्वज नियमित रूप से फहराया जाता है, राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा और उस दिन कोई आधिकारिक मनोरंजन की गतिविधि आयोजित नहीं होगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री (शेष पेज 8)

## तीन बार आईं भारत सांस्कृतिक विविधता की थीं प्रशंसक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**औपनिवेशिक** शासन से भारत की आजादी के बाद 1952 में ब्रिटिश सिंहासन पर काबिज होने वाली पहली ब्रितानी शासक महारानी एलिजाबेथ द्वितीय भारत की सामाजिक एवं सांस्कृतिक समृद्धि एवं विविधता की प्रशंसक थीं। सिंहासन संभालने के बाद वह तीन बार भारत आईं और यहां अपना स्वागत देख अभिभूत हो गईं। दिल्ली के रामलीला मैदान में 1961 में पहली (शेष पेज 8)

# गाजियाबाद-नोएडा की सोसाइटी में कुत्ता घुमाने पर कड़े नियम

## 11 वर्षीय बच्चे पर हमला के मामले में पिटबुल मालिक पर एफआईआर

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद


घायल बच्चा।

गाजियाबाद पुलिस ने पिटबुल मालिक ललित त्यागी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। ललित के पिटबुल ने पार्क में घूम रहे एक बच्चे पर हमला कर दिया था। इसमें बच्चे के चेहरे पर करीब डेढ़ सौ से ज्यादा टांके आए हैं। पिटबुल अभी सोसाइटी में है, इसे लेकर आसपास रहने वाले लोगों और उनके बच्चों में दहशत है। उधर, हमले की लगातार घटनाएं बढ़ने के बाद गाजियाबाद और नोएडा की तमाम सोसाइटीज में कुत्ता घुमाने पर कड़े नियम लागू कर दिए गए हैं।

कारोबारी सचिन त्यागी का 11 वर्षीय बेटा पुष्प उर्फ कुश त्यागी शनिवार को पार्क में घूम रहा था। वहां पर एक 15 वर्षीय लड़की अपने पालतू पिटबुल डॉग को घुमा रही थी। इस दौरान पिटबुल उस लड़की के हाथ से छूट गया और बच्चे पर हमला कर दिया। कुत्ते ने बच्चे के एक कान और गाल को बुरी तरह नोंच डाला। सर्वोदय हॉस्पिटल में बच्चे की सर्जरी हुई, जहां उसके चेहरे पर डेढ़ सौ से ज्यादा टांके आए हैं।

सचिन त्यागी ने थाना मधुबन बापूधाम में कुत्ता मालिक ललित त्यागी पर थ्स् कराई है। इधर, नगर निगम ने ललित त्यागी पर पांच हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। पुष्प उर्फ कुश त्यागी को पिटबुल के हमले से बचाने वाले शख्स का नाम उबेद खान है। उबेद भी संजयनगर में रहते हैं और उस दिन पार्क के नजदीक से गुजर रहे थे। उन्होंने देखा कि पिटबुल ने बच्चे को जमीन पर गिरा रखा है और उसे नोंच रहा है।

अपनी परवाह किए बिना उबेद ने बहादुरी दिखाते हुए पिटबुल को रस्सी खींचकर अलग किया। हालांकि इस दौरान पिटबुल उबेद पर भी हमला कर सकता था। शायद बच्चे को बचाने में चंद और सेकेंड की देरी होती तो स्थिति इससे भी ज्यादा भयावाह हो सकती थी। लिफ्ट और सोसाइटीज में कुत्ता काटने की लगातार घटनाओं के बाद कुछ हाउसिंग सोसाइटीज में कड़े प्रतिबंध शुरू हो गए हैं।

गाजियाबाद की हाई एंड पैराडाइज सोसाइटी में कुत्तों को लिफ्ट में ले जाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। गौर कास्केड में भी ऑनर्स ऑफ एसोसिएशन ने आठ बिंदुओं पर गाइडलाइन जारी की है। इसमें कुत्तों को लिफ्ट में नहीं ले जाने, घुमाते वक्त उनका फेस कवर करने, पार्क में नहीं ले जाने जैसे प्रतिबंध लगाए गए हैं। इंदिरापुरम के न्यायखंड-2 स्थित आम्रपाली विलेज सोसाइटी में शाम छह बजे से रात 8 बजे तक कुत्ते घुमाने पर रोक लगा दी गई है। राजनगर एक्सटेंशन की प्रोव्यू लेबोनि सोसाइटी में भी कॉमन एरिया में कुत्ते टहलाना प्रतिबंधित किया गया है। उधर, ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित गौड़ सिटी की 14 एवेन्यू, ऐस एस्पायर, ईको विलेज वन में भी कुत्ता पालने, घुमाने को लेकर गाइडलाइन्स जारी की गई हैं। सभी आरडब्लूए इस बात के पक्ष में हैं कि कुत्तों को घुमाते वक्त उनका फेस कवर किया जाए और लिफ्ट में तभी लाया जाए।

## पालतू कुत्ते को लिफ्ट में ले जाने का विरोध करने पर युवक ने महिला से की गाली गलौज

**नोएडा।** हाईराइज सोसायटी में लगातार कुत्तों को लेकर विवाद सामने आ रहे है। कुत्तों के लिए विवाद का एक और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह वीडियो नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र के जेपी अमन सोसायटी का बताया जा रहा है। लिफ्ट में कुत्ते को ले जाने पर एक महिला ने विरोध किया तो युवक ने महिला के साथ गाली गलौज की। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। सेक्टर 151 स्थित जेपी अमन सोसायटी का एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें एक युवक महिला के साथ गाली गलौज कर रहा है और महिला उस युवक और उसके पालतू कुत्ते की वीडियो बना रही है बताया जा रहा है कि युवक अपने पालतू कुत्ते को लेकर लिफ्ट से जा रहा था। जिसका महिला के द्वारा विरोध किया गया लेकिन उसके बावजूद भी युवक नहीं माना जब महिला ने उसका ज्यादा विरोध किया तो उसने उसके बाद महिला के साथ गाली गलौज शुरू कर दी। महिला वीडियो बनाते हुए युवक से दूसरी लिफ्ट यूज कहने की बात कर रही है और वह कह रही है कि आपको नियमों के बारे में पता है उसके बावजूद भी आप इस लिफ्ट को इस्तेमाल कर रहे हैं।

# छात्रा को अध्यापिका ने पीटा कराना पड़ा अस्पताल में भर्ती

● सहेली के बाल ठीक करने से नाराज थी शिक्षिका

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद के एक स्कूल में सहेली के बाल ठीक करने से नाराज शिक्षिका ने छात्रा को बुरी तरह पीट डाला। इसके बाद छात्रा की हालत ज्यादा खराब हो गई और उसे अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।

गाजियाबाद में पाइपलाइन मार्ग स्थित एक निजी स्कूल में सहेली के बिगड़े बाल ठीक करना एक छात्रा को काफी महंगा पड़ गया। इसी बात से नाराज छात्रा को शिक्षिका ने बुरी तरह पीट दिया। दरअसल, शिक्षिका की पिटाई से छात्रा बेहोश हो गई। मामले में पीड़ित परिवार ने थाने में शिक्षिका के खिलाफ शिकायत दी। छात्रा को संजयनगर स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया है। भिक्कनपुर गांव के शमीम की बेटी सुहाना यहां पाइपलाइन मार्ग स्थित एक निजी स्कूल में कक्षा चार में पढ़ती हैं। सुबह को छात्रा स्कूल गई थी। इसी दौरान कक्षा में उसकी सहेली ने उससे अपने बिगड़े बालों में सही करने के लिए कह दिया। वह बाल सही करने लगी तो यह दृश्य शिक्षिका को नागवार गुजरा। आरोप है कि नाराज शिक्षिका ने छात्रा को बुरी तरह पीटा।

परिवार के लोग छात्रा को पहले मुरादनगर सीएचसी लेकर पहुंचे जहां से उसे गंभीर हालत में गाजियाबाद रेफर कर दिया गया। इसके बाद छात्रा को संजय नगर स्थित सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उधर, इस पूरे मामले में संबंधित इलाके के थाना प्रभारी सतीश कुमार का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। शिक्षिका से बात करने के बाद ही सही स्थिति का पता चलेगा। इसको लेकर स्कूल प्रबंधन से बात करने की कोशिश की गई तो उनसे संपर्क नहीं हो सका। मामले में पुलिस स्कूल जाकर पूछताछ कर सकती है।

# दूसरे के छत पर नवजात को छोड़कर चली गई मां

● बच्चे को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया, पालने के लिए बढ़े कई हाथ

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

एक अज्ञात मां ने जन्म लेते ही अपने बच्चे को त्याग दिया। वह बरौला गांव निवासी एक मुस्लिम परिवार के घर की छत पर नवजात लड़के को छोड़कर चली गई।

शुक्रवार तड़के जब वह परिवार सो कर उठा, तो उन्हें बच्चे के रोने की आवाज सुनाई दी। इस पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची थाना सेक्टर 49 पुलिस ने बच्चे को एक अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करवाया है।

पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस को शक है कि किसी बिन ब्याही मां ने इस बच्चे को जन्म दिया है और लोकलाज की वजह से उसने बच्चे को दूसरे की छत पर छोड़ दिया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार सुबह थाना सेक्टर 49 पुलिस को सूचना मिली कि बरौला गांव में रहने वाले मोहम्मद हुसैन के घर की छत पर एक नवजात बच्चा रो रहा है।

उन्होंने बताया कि बच्चे की रोने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए। उन्होंने बताया कि पुलिस ने बच्चे को वहां से लेकर अस्पताल में भर्ती करवाया। उन्होंने बताया कि बाल कल्याण समिति को मामले की सूचना दे दी गई है।

थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि बच्चे को यहां पर किसने रखा। उन्होंने बताया कि बच्चा एक दिन पहले जन्मा है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस बरौला गांव में लगे सीसीटीवी कैमरे की सहायता से बच्चे की मां की तलाश कर रही है। बच्चे को अपनाने के लिए कई लोगों ने हाथ बढ़ाया है, लेकिन पुलिस ने कहा कि बच्चे को नियम के तहत ही किसी को गोद दिया जाएगा।

## दोस्त पर लगाया दुष्कर्म कर वीडियो बनाने का आरोप

**गाजियाबाद।** सिहानी गेट थाना क्षेत्र के अंतर्गत पॉश कॉलोनी में रहने वाली एक युवती ने अपने दोस्त पर बलात्कार करने और अश्लील वीडियो बनाने का आरोप लगाया है।

पुलिस को तहरीर देते हुए युवती ने बताया कि दो साल पहले उसकी भाटिया मोड़ पर रहने वाले नवीन त्यागी नामक युवक से दोस्ती थी। एक दिन वह उसे अपने साथ ले गया और शादी करने व अथाह प्रेम करने की दुहाई देकर उसी इज्जत लूट ली। इतना ही नहीं आरोपित लगाातर उसकी इज्जत से खिलवाड़ करता रहा। जब युवती ने उसका का विरोध करना शुरू कर दिया तो युवक ने बात न मानने पर वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी।

# ऑनलाइन क्रिप्टो ट्रेडिंग के नाम पर करोड़ों की ठगी

● फर्जी वेबसाइट के जरिये देते थे मोटे मुनाफे का लालच

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



फर्जी वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन क्रिप्टो ट्रेडिंग के नाम पर करोड़ों रुपये की ऑनलाइन धोखाधड़ी की जा रही है।

क्रिप्टो ट्रेडिंग में भारी मुनाफे का लालच देकर हजारों करोड़ रुपये का फर्जीवाड़ा किया गया है। जालसाज जिन खाताधारकों के अकाउंट में पैसा ट्रांसफर करवाते हैं, उन्हें 10 से 15 प्रतिशत तक कमीशन दिया जाता है। साइबर क्राइम पुलिस ने ऐसे ही एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसने कमीशन लेकर 33 लाख रुपये अपने खाते में ट्रांसफर करा लिए और बाद में उन्हें यूएसडीटी में कन्वर्ट कर क्रिप्टो वॉलेट में ट्रांसफर कर दिया।

साइबर क्राइम थाना प्रभारी रीता यादव के मुताबिक फेज-3 रुड़की रोड मेरठ निवासी योगेंद्र कुमार चौधरी ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वर्ष 2021 के जुलाई माह में उनकी पहचान टेलीग्राम और व्हाट्सएप के माध्यम से एनी नामक महिला से हुई। एनी ने अपनी वेबसाइट के बारे में बताते हुए उन्हें क्रिप्टो ट्रेडिंग कर भारी मुनाफे का लालच दिया।

शुरुआत में थोड़ा पैसा लगाने पर उन्हें अच्छा मुनाफा दिया गया। योगेंद्र कुमार चौधरी ने बताया कि एनी के झांसे में आकर उन्होंने 1 करोड़ 84 लाख 70 हजार रुपये क्रिप्टो ट्रेडिंग में लगा दिए। उसके बाद एनी से उनका संपर्क नहीं हुआ। थाना प्रभारी रीता यादव ने बताया कि साइबर क्राइम के पुलिस महानिदेशक सुभाष चंद्र के निर्देश पर साइबर क्राइम थाना नोएडा से एक पुलिस टीम गठित की गई। साइबर क्राइम की टीम ने सिविल इंजीनियर भूलेश्वर नाथ मिश्रा पुत्र स्वर्गीय तीर्थनाथ मिश्रा निवासी कांदिवली वेस्ट मुंबई को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गए भुवनेश्वर ने योगेंद्र कुमार के साथ हुई ऑनलाइन धोखाधड़ी से 33 लाख रुपये अपने खाते में ट्रांसफर कर लिया था।

इसके बाद भुवनेश्वर ने कमीशन लेकर क्रिप्टो एक्सचेंज पी-2-पी के माध्यम से यूएसडीटी में कन्वर्ट कर क्रिप्टो वॉलेट में ट्रांसफर किए थे।

थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित के खातों से ठगी की धनराशि का रुपया 19 बैंक खातों व एक पेमेंट पता चला कि सिंगापुर के एक नागरिक ने खुद को क्रिप्टो ट्रेडिंग एडवाइजर बताकर योगेंद्र को क्रिप्टो में इन्वेस्टमेंट कर अधिक लाभ कमाने का झांसा दिया था।

## संक्षिप्त समाचार

### नॉर्थ-ईस्ट फेस्टिवल: तन्वी का क्लासिकल डांसर आज



**नोएडा।** सेक्टर-33 ए स्थित नोएडा हाट में आयोजित नॉर्थ-ईस्ट फेस्टिवल में अगले दो दिल लगातार सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रहने वाली है। शनिवार को जहां असम की फिल्म अभिनेत्री एवं क्लासिकल डांसर तन्वी शर्मा तथा उनकी एकेडमी के बच्चों द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। वहीं रविवार को त्यागराज सेंटर ऑफ म्यूजिक द्वारा केरला बैस प्रस्तुतियां दी जाएंगी। वहीं शुक्रवार को 10वें दिन गणेश विसर्जन भी किया गया। साथ ही फैस्टिवल के 15वें दिन भी काफी चहल पहल रही। लोगों ने यहां जमकर खरीददारी की। नोएडा हॉट के निदेशक मुकेश शर्मा ने बताया कि शनिवार को शाम 7 बजे से तन्वी शर्मा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगी, प्रसिद्ध कासियोली डांस, टीवा फ्यूजन डांस, बीहू डांस, आसाम के क्षेत्रिय गानों पर डांस, तथा त्नवी शर्मा द्वारा भी प्रस्तुति दी जाएगी।

### मोबाइल लूटने वाले दो झपटमार गिरफ्तार

**नोएडा।** थाना फेस-2 पुलिस ने एक व्यक्ति से मोबाइल लूटने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आयुक्त आलोक सिंह के मीडिया प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि 17 अगस्त वर्ष 2022 को थाना फेस.2 क्षेत्र से एक व्यक्ति से बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने मोबाइल फोन लूट लिया था। उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही थाना पुलिस ने इस मामले में लोकेश तथा सूरज को गिरफ्तार कर उनके पास से लूटा गया मोबाइल फोन बरामद किया है। इन बदमाशों ने लूटपाट की कई वारदातें करनी स्वीकार की है।

### चोरों से 4 हजार अमेरिकी डॉलर बरामद

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा की थाना बीटा-2 पुलिस ने सेंधमारी कर घरों में चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से पुलिस ने 4000 अमेरिकी डॉलर बरामद किये है। पकड़े गए चोरों में एक युवक पेंटर है जोकि दिन पेंटर बनकर घरों में रैकी किया करता था। बीटा 2 थाना पुलिस ने एक शातिर चोरों के गिरोह का खुलासा किया है। इस दौरान पुलिस ने एक माह पहले हुई चोरी का खुलासा करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इन लोगों ने एक मकान में सेंधमारी करते हुए चोरी की घटना को अंजाम दिया था। इस दौरान चोर घर से 6400 अमेरिकी डॉलर चुरा कर ले गया था।

### रामलीला मंचन के लिए सेक्टर-62 में भूमि पूजन

**नोएडा।** श्रीराम मित्र मंडल नोएडा की ओर से सेक्टर 62 में आयोजित हो रहे रामलीला महोत्सव के लिए शुक्रवार को भूमि पूजन हुआ। सेक्टर 62 के सी-57 स्थित रामलीला मैदान में श्रीराम मित्र मंडल नोएडा रामलीला समिति की ओर से आयोजित हो रहे श्रीरामलीला महोत्सव और श्रीराम लीला मंचन के लिए भूमि पूजन संपन्न हुआ। भूमि पूजन व श्री गणेश पूजन के बाद आरती की गई। सेक्टर 62 रामलीला मैदान में श्रीराम मित्र मंडल नोएडा द्वारा 26 सितंबर से 6 अक्टूबर तक श्रीराम लीला मंचन किया जाएगा। भूमि पूजन में समिति के चेयरमैन उमाशंकर गर्ग, अध्यक्ष धर्मपाल गोयल, सहित शहर के गणमान्य नागरिक सम्मिलित हुए। भूमि पूजन के पश्चात मंच निर्माण, पुतला निर्माण सहित विभिन्न कार्य शुरू हो जाएंगे।

### बारातघर व सामुदायिक केंद्रों पर लगी मुहर

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण जमीन की उपलब्धता के आधार पर अधिकांश गांवों में बरातघर व खेल का मैदान बनाना चाह रहा है। चुहड़पुर, सिरसा, डाढ़ा व रोशनपुर में बरातघर व खेल के मैदानों का डिजाइन तैयार कर लिया गया है। साथ ही बादलपुर, धूममानिक पुर, सैनी, खोदना खुर्द, जलपुरा, पतवाड़ी, एमनाबाद, खेड़ा चौगानपुर, हल्दौनी, हबीबपुर समेत कई गांवों के भी डिजाइन तैयार हो गए हैं। परियोजना विभाग शीघ्र ही इन पर काम शुरू करेगा। ग्रेटर नोएडा के स्वर्णनगरी, सिग्मा फोर, ईटा वन, नॉलेज पार्क टू, ईकोटेक वन, ईकोटेक 9, आदि सेक्टरों में सामुदायिक केंद्र बनाने के लिए मानचित्र तैयार हो गया है। इन पर भी जल्द काम शुरू होंगे।

# हिंडन पर तीसरा पुल बनकर तैयार, 15 से होगा शुरू

● नदी पर लगने वाले जाम की समस्या होगी दूर

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद




शहर को अब जल्दी ही हिंडन नदी के नए पुल का तोहफा मिलने जा रहा है। सेतु निर्माण निगम ने जीडीए से कहा है कि पुल लगभग तैयार हो चुका है। वहीं, जीडीए प्लान कर रहा है कि 15 सितंबर को इस पुल का लोकार्पण हो सकता है।

इसके लिए सेतु निर्माण निगम और जीडीए तैयारी में जुटे हैं। बता दें कि हिंडन नदी पर नया पुल बनाने का कार्य लंबे समय से चलता आ रहा है और इस पुल बनाने का कार्य सेतु निर्माण निगम कर रहा है। इसी पुल का निरीक्षण हाल ही में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया था। उन्होंने निर्देश दिया था कि सेतु निर्माण निगम जल्दी ही इस पुल के निर्माण कार्य को पूरा करे, जिससे शहर के लोगों को जल्द से जल्द नए पुल मिल का तोहफा मिल सके। मुख्यमंत्री के निर्देश का असर होता दिखाई दे रहा है। सेतु निर्माण निगम का दावा है कि इस पुल के बनाने का कार्य लगभग पूरा हो चुका है, इसमें सिर्फ फिनिशिंग का कार्य बचा है। दूसरी ओर जीडीए के चीफ इंजीनियर आरके गुप्ता भी अब जल्द से जल्द इस पुल को आम जनता के लिए तैयार कराने में जुट गए हैं। माना जा रहा है कि 15 सितंबर को इस पुल को आम वाहन चालकों के लिए खोल दिया जाएगा। इसके साथ ही गाजियाबाद में हिंडन नदी पर वाहनों के जाम की समस्या दूर हो जाएगी।

वहीं ग्रेनो के नॉलेज पार्क थ्री से नोएडा के सेक्टर 146-147 के बीच हिंडन नदी पर पुल का निर्माण शीघ्र शुरू हो सकता है। शुक्रवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण बोर्ड ने नोएडा प्राधिकरण की बादौली में जमीन शीघ्र अधिग्रहित करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही प्राधिकरण बोर्ड ने प्राधिकरण की अन्य परियोजनाओं की भी समीक्षा की।

# निर्माणाधीन भवन में लगी क्रेन की रस्सी टूटी, एक मजदूर की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

जनपद गौतमबुद्ध नगर के सेक्टर-132 में एक निर्माणाधीन इमारत में निर्माण सामग्री ऊपर ले जाने के लिए लगाई गई क्रेन की रस्सी टूट गई, जिससे क्रेन नीचे आ गिरी। इस घटना में पांच मजदूर दब गए, जिनमें से एक मजदूर की मौत हो गई।

पुलिस ने बताया कि घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, जहां दो लोगों की हालत अत्यंत नाजुक बनी हुई है। अपर पुलिस उपायुक्त आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि थाना सेक्टर-126 क्षेत्र के सेक्टर-132 में एक निर्माणाधीन इमारत में नीचे से निर्माण सामग्री ऊपर ले जाने के लिए लगाई गई क्रेन की रस्सी शुक्रवार दोपहर को टूट गई, जिससे क्रेन नीचे आ गिरी। उन्होंने बताया कि घटना में नीचे खड़े पांच मजदूर दब गए। द्विवेदी ने कहा कि घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां संतोष यादव (22) की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# ग्रेटर नोएडा में दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट घर के बाहर कूड़ा डालने को लेकर हुआ विवाद

● मामला दर्ज कर घायलों को मेडिकल जांच को भेजा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा के दादरी थाना क्षेत्र के कस्बे में कूड़ा डालने को लेकर दो पक्ष आपस मे भिड़ गए। इस दौरान दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले। मारपीट में एक युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया।

पुलिस ने युवक को मेडिकल जांच के लिए भेज दिया और आगे की कार्रवाई में जुट गई है। शुक्रवार को दादरी थाना क्षेत्र के बादशाहनगर मोहल्ले में कूड़ा डालने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। विवाद में एक पक्ष के लोगो ने दूसरे पक्ष के लोगो के साथ लाठी और डंडो से लेस होकर जमकर मारपीट भी की। फिलहाल पुलिस ने घायलों को मेडिकल जांच के लिए भेज दिया है। बादशाहनगर के सलीम ने बताया कि सुबह वह अपने घर के बाहर बैठे हुए थे। इतने में उसके पड़ोस में रहने वाले एक युवक ने उनके घर के सामने कूड़ा फेंक दिया। जिसका विरोध करने पर पड़ोसी ने फोन कर कई लड़के बुला लिए ओर मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान एक पक्ष के जुनेद, नाजिम व सलीम घायल हो गए। जुनैद चोट लगने से गम्भीर रूप से घायल हुए है। वो चोट लगने से लहूलुहान हो गया। दादरी थाना प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि मारपीट का एक मामला सामने आया है जहां पर दो पक्षों में कूड़ा डालने को लेकर विवाद हुआ था इस दौरान एक पक्ष द्वारा शिकायत दी गई है।

## ट्रैफिक दबाव कम करने में जुटा ग्रेनो प्राधिकरण

**नोएडा।** भविष्य में ट्रैफिक दबाव से निपटने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण अभी से तैयारी में जुट गया है। प्राधिकरण पूरे शहर का कंप्रिहेंसिव मोबिलिटी प्लान तैयार करा रहा है। इसकी जिम्मेदारी मैसर्स राइट्स को दी गई है।

राइट्स ने अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट पहले ही सबमिट कर दी है। ट्रैफिक पुलिस से प्राप्त सुझावों को शामिल करते हुए अंतिम रिपोर्ट बहुत जल्द प्रस्तुत करेगी। उसके आधार पर ग्रेटर नोएडा में ट्रैफिक से निपटने का शॉर्ट टर्म व लॉन्ग टर्म प्लान पर काम होगा। इस आशय की रिपोर्ट प्राधिकरण बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत की गई।



सेक्टर-62 में नो पार्किंग में खड़े ऑटो का चालान काटते पुलिसकर्मी

# वर्ल्ड डेयरी समिट: आठ मंत्री व तीन सीएम करेंगे शिरकत

● इवेंट में 40 देश के 1500 प्रतिभागियों ने रजिस्ट्रेशन कराया

**पायनियर समचार सेवा।** नोएडा


वर्ल्ड डेयरी समिट को लेकर नोएडा पुलिस सघन तलाशी अभियान चलाती हुई।

ग्रेटर-नोएडा के एक्सपो मार्ट में अंतरराष्ट्रीय इवेंट वर्ल्ड डेयरी समिट 2022 का आयोजन होने जा रहा है।

इसका शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। 1974 के बाद लगभग 48 साल बाद वर्ल्ड डेरी समिट 2022 का आयोजन होने जा रहा है। समिट में देश और विदेशों से वीआईपी मूवमेंट होगी। समिट में भारत सरकार के 8 केंद्रीय मंत्री, 3 प्रदेशों के मुख्यमंत्री शिरकत करेंगे। इस इवेंट में 40 देश प्रतिभाग करेंगे। अब तक विभिन्न देशों के 1500 प्रतिभागियों ने रजिस्ट्रेशन किया है। इसमें संयुक्त राज्य अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी, कनाडा, न्यूजीलैंड और बेल्जियम शामिल है। समिट में अमूल गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन संघ और नंदिनी कर्नाटक मिल्क फेडरेशन हैं। यह आयोजन एनडीडीबी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी मदर डेयरी द्वारा भी प्रायोजित है। अन्य प्रायोजकों में डेयरी सहकारी संघ, दुग्ध उत्पादक कंपनियां, निजी डेयरी, डेयरी उपकरण निर्माण आदि शामिल हैं। पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम को देखते हुए विदेशी और स्वदेशी मेहमानों के लिए ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में 10 होटल चिन्हित किए गए हैं। इन होटलों के आसपास और आने जाने के रास्तों पर भारी पुलिस बल तैनात किया जा रहा है। समिट में आने वाले वीआईपी मूवमेंट को देखते हुए पुलिस ने एक आदेश जारी करते हुए 15 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा में ड्रोन के संचालन पर प्रतिबंध लगा दिया गया। इस दौरान कोई भी संगठन या निजी व्यक्ति इस क्षेत्र में ड्रोन नहीं उड़ा सकेगा। सीआरपीसी की धारा 144 के तहत ड्रोन के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया गया है। आदेश का उल्लंघन आईपीसी की धारा 188 के तहत दंडनीय अपराध होगा। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को देखते हुए डीसीपी ट्रैफिक गणेश साहा की ओर गाजियाबाद, बुलंदशहर और अलीगढ़ तीनों जिलों के कप्तान को पत्र भेजकर 12 सितंबर को सीमाओं पर सख्त चेकिंग कराने के लिए कहा गया है ताकि असामाजिक तत्व गौतमबुद्ध नगर में प्रवेश नहीं कर सकें।

# किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी ने अदालत में किया आत्मसमर्पण

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



गौतमबुद्ध नगर के नोएडा में एक किशोरी को अगवा करने के बाद उससे बलात्कार करने के आरोपी ने अदालत में बृहस्पतिवार को आत्मसमर्पण कर दिया।

पुलिस ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि वह आरोपी युवक को रिमांड पर लेने का प्रयास कर रही है। थाना सेक्टर 39 क्षेत्र के सदरपुर कॉलोनी में रहने वाली एक किशोरी को अभिषेक सोनी नामक युवक ने कथित रूप से पांच माह पूर्व अगवा करके उससे बलात्कार किया था। हालांकि, थाना सेक्टर 39 पुलिस ने किशोरी को बरामद कर लिया था, लेकिन आरोपी उसी समय से फरार चल रहा था। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही थी। पुलिस ने अदालत से उसकी गिरफ्तारी के लिए वारंट भी हासिल किया था। इस बीच आरोपी ने जनपद गौतमबुद्ध नगर अदालत में जाकर आत्मसमर्पण कर दिया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस आरोपी को रिमांड पर लेने के लिए न्यायालय मे आवेदन कर रही है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# निर्माणाधीन चार मंजिला इमारत ढही, पांच जखमी

## आजाद मार्केट में हुई घटना, दिल्ली नगर निगम के मुताबिक निर्माण योजनानुसार पाया गया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

शीश महल आजाद मार्केट में एक चार मंजिला निर्माणाधीन इमारत भरभराकर गिर गई। इस हादसे में पांच लोग मलबे के चपेट में आने घायल हुए हैं। घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अच्छी बात यह है कि इस हादसे में किसी की जान नहीं गई है।

इस घटना का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि यह घटना बहुत ही दुखद है। राहत एवं बचाव कार्य पर नजर है जिला प्रशासन से जानकारियां ले रहे है। इस बीच एमसीडी ने दावा किया है कि भवन का निर्माण नक्शे के मुताबिक चल रहा था।

दमकल विभाग के अनुसार, इस घटना के बारे में शुक्रवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे फोन आया था। यह बिल्डिंग हाल के समय में ही बनी थी और इसके कुछ हिस्सों में निर्माण कार्य चल रहा था। सूत्रों का कहना है कि इस बिल्डिंग का नक्शा पास था, लेकिन नक्शा पास होने के बावजूद बिल्डर ने भवन के दोनों तरफ 3 फीट के छज्जे निकाल लिए थे। कॉलम तो आरसीसी के थे, लेकिन छत गाडर पर बनाई जा रही थी। पिलर वजन सहन नहीं कर सके। जिसके कारण इमारत ढह गई। पुलिस उपायुक्त सागर सिंह कलसी ने बताया कि शायद ओवरलॉडिंग की वजह से इमारत ढह गई। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



मलबे को हटाती एनडीआरएफ की टीम।

### फर्जीवाड़ा कर पास किया था नक्शा : आप

*नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी ने आजाद मार्केट के शीश महल में इमारत ढहने के मामले में दिल्ली नगर निगम पर निशाना साधा है। आप के प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि इमारत का नक्शा फर्जीवाड़ा करके पास किया गया था। उन्होंने सवाल किया कि सरल में 100 गज तक की इमारत के नक्शे पास होते हैं। यह इमारत 100 गज से बड़ी थी तो नक्शा कैसे पास हो गया। सौरभ भारद्वाज ने भवन विभाग के अभियंतों ने इस पर ध्यान क्यों नहीं दिया। चार मंजिला इमारत बनाने के बाद बेसमेंट खोदा जा रहा था। क्या कभी ऐसा हुआ है कि इमारत बनाने के बाद बेसमेंट खोदा आ जाए। एमसीडी के एक्सईएन, एई और जेई के संज्ञान में यह बात नहीं आई हो, ऐसा संभव ही नहीं है। मार्च 2022 में नगर निगम के चुनाव होने थे। केंद्र सरकार ने भांपा कि लोग भाजपा के खिलाफ हैं।*

### निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल

● भवन में क्षमता से अधिक सामान जमा किया गया था, जिस कारण इमारत गिरी



**नई दिल्ली।** सदर बाजार स्थित आजाद मार्केट के शीश महल में निर्माणाधीन इमारत गिरने पर दिल्ली नगर निगम ने स्थिति स्पष्ट की है। निगम अधिकारियों ने बताया कि भवन योजना के अनुसार भूतल, प्रथम तल, द्वितीय तल एवं तृतीय तल पर निर्माण की अनुमति दी गई थी। संपत्ति के निरीक्षण के दौरान निर्माण स्थल पर योजना से इतर कोई भी निर्माण नहीं पाया गया। प्रथम दृष्टया प्राप्त जांच में पाया गया कि भवन निर्माण में घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग किया जा रहा था। भवन में क्षमता से अधिक निर्माण सामग्री जमा करके उस पर बोझ डाला गया जिस कारण वह भवन गिर गया। बाकि भवन के गिरने का सही कारण मलबे को हटाने के बाद ही चल सकेगा। निगम ने अपने कार्यबल एवं मशीन गिरे हुए भवन के स्थान पर मलबा हटाने के लिए लगा दी हैं। निगम ने 10 ट्रक मलबे की ढुलाई के लिए लगाए हैं। अभी तक किसी की भी मौत की सूचना नहीं मिली है।

### इस साल इमारत गिरने की घटनाएं

● बकौली गांव में हादसा इस साल 16 जुलाई को निर्माणाधीन गोदाम की दीवार गिर गई थी जिससे एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई थी और आठ लोग गंभीर रूप से घायल भी हुए थे। इस हादसे के लिए आप ने भाजपा शासित एमसीडी को यह कहते हुए जिम्मेदार ठहराया था कि उन्हें गोदाम के अवैध निर्माण की जानकारी थी, लेकिन बावजूद इसके कोई कार्रवाई नहीं की गई।

● पहाड़गंज इलाके में 100 साल पुरानी इमारत गिर गई जिसके मलबे में दबकर एक बच्चे की मौत हो गई थी और तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। यह इमारत पिछले कई सालों से बंद पड़ी थी, लेकिन इसमें एक परिवार रह रहा था। यह घटना 16 जून की थी। हादसे से पहले बारिश होने की वजह से इमारत और कमजोर हो गई थी।

● पोचनपुर इलाके में 21 मई मकान ढहने की घटना सामने आई थी। इस दौरान इलाके में एक मकान के बेसमेंट निर्माण का काम चल रहा था। उसी वक्त बगल में स्थित डीडीए फ्लैट की दीवार व छत गिर गई जिससे जगदीश नामक एक शख्स की मौत हो गई थी।

● कश्मीरी गेट इलाके में 14 मार्च को तीन मंजिला निर्माणाधीन इमारत अचानक गिर गई। इसके मलबे में 12 लोग दब गए थे। इन्हें मलबे से सुरक्षित निकाल लिया गया था।

# चांदनी चौक में अवैध निर्माण पर रोक

● हाईकोर्ट ने एमसीडी को ऐसे निर्माणों को रोकने का दिया है आदेश




**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उच्च न्यायालय ने चांदनी चौक के एक आवासीय क्षेत्र में कथित तौर पर अनधिकृत और अवैध वाणिज्यिक निर्माण कार्य को रोकने का निर्देश दिया है। उसने दिल्ली नगर निगम से कहा कि आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए और दिल्ली पुलिस आयुक्त, अदालत द्वारा नियुक्त कोर्ट कमिश्नर तथा परिसर का निरीक्षण करने वाले दल को सभी प्रकार की सहायता मुहैया कराए।

मुख्य न्यायाधीश एस. सी. शर्मा और न्यायमूर्ति एस. प्रसाद की पीठ ने कहा, निर्देश दिया जाता है कि सुनवाई की अगली तारीख तक उक्त संपत्ति में किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य नहीं कराया जाए। अदालत ने डॉ एस. जेटली की याचिका पर सुनवाई की जिन्होंने कहा कि यह याचिका चांदनी चौक के कटरा नील के निवासियों की ओर से दायर की गई है। याचिका में कहा गया था कि चांदनी चौक के बाग दीवार इलाके में एक अनधिकृत और अवैध वाणिज्यिक निर्माण किया जा रहा है जो एक आवासीय इलाका है।

एमसीडी के वकील संजीव सागर और नाजिया परवीन ने कहा कि नगर निकाय ने कथित अवैध निर्माण को गिराने के लिए नोटिस जारी किया था। इस संबंध में निचली अदालत में एक याचिका दायर की गई थी और अदालत ने सुनवाई पूरी होने से पहले एमसीडी को ध्वस्तीकरण की कोई भी कार्वाई नहीं करने का आदेश दिया था। शीर्ष अदालत ने कहा कि कोर्ट कमिश्नर को निर्माण कार्य की वीडिओग्राफी करने की पूरी स्वतंत्रता होगी और वह 15 दिन के भीतर रिपोर्ट सौंपेंगे। मामले की सुनवाई 23 सितंबर को होगी।

# हजारों घरों की प्यास बुझाएगा जल बोर्ड का मिनरल वाटर

● सौरभ भारद्वाज ने वॉटलिंग प्लांट का किया उद्घाटन



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली जल बोर्ड ने दक्षिणी दिल्ली में मिनरल वाटर बोटलिंग प्लांट शुरू किया है। इसके जरिए रोजाना हजारों घरों की प्यास बुझायी जाएगी।

इसकी प्रतिदिन 9 हजार बोतल भरने की क्षमता है। इस संयंत्र में आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल कर स्वचालित तरीके से पानी को पीने लायक बनाकर बोतल में भरा जाएगा और फिर जल सुविधा केन्द्र के जरिए ये पानी की बोतलें आम लोगों तक पहुंचाई जाएंगी। इसके साथ ही अलग अलग संस्थान या कोई भी व्यक्ति पानी की बोतलों के लिए बड़े ऑर्डर्स भी दे सकता है। डीजेबी के उपाध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने सादिक नगर में वाटर बोटलिंग प्लांट का उद्घाटन किया। इस दौरान विधायक सौरभ भारद्वाज ने बताया कि यह प्लांट 3 शिफ्ट में काम करेगा।

हर शिफ्ट में 3 हजार बोतल पैक करने का काम किया जाएगा । बोतलें भरने के लिए प्लांट को जो पानी सप्लाई किया जा रहा है उसमें वेस्ट होने वाले पानी को भी दोबारा रिसाइकिल कर के प्रयोग में लाया जाएगा ताकि पानी की बर्बादी बिल्कुल भी ना हो। डीजेबी के इस संयंत्र से गंगा का निर्मल और मिनरल युक्त पानी सप्लाई किया जाएगा और इसकी गुणवत्ता की जांच प्रयोगशाला में नियमित तौर पर किया जाता रहेगा।

### बाजार में बिकने वाले पानी से होगा बेहतर

इस बोटलिंग प्लांट से जो पानी सप्लाई होगा उसकी गुणवत्ता बीआईएस स्टैंडर्ड के मानकों से भी बेहतर होगी। बाजार में बिकने वाले बोतल बंद पानी से भी यह बेहतर होगा। इस प्लांट में रोज गंगा नदी से 3.5 लाख लीटर पानी सप्लाई किया जाएगा। जिससे आम लोगों को पीने के लिए गंगा नदी का निर्मल और मिनरल युक्त पानी मिल सके। इस प्लांट में पानी को पीने योग्य बनाने के लिए एक्टिवेटेड कार्बन और माइक्रो फिल्टरेशन तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा।

# दिल्ली सरकार के खिलाफ भाजपा का हल्ला बोल प्रदर्शन



प्रदर्शन के दौरान प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता व अन्य भाजपा नेता।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● मनीष सिसोदिया समेत अन्य मंत्रियों के घर के बाहर फूंके पुतले

नई आबकारी नीति को लेकर मचा बवाल थम नहीं रहा है। इस मामले को लेकर भाजपा अब और हमलावर हो गई। पार्टी कार्यकर्ताओं ने दिल्ली सरकार के सभी मंत्रियों के आवास के बाहर प्रदर्शन कर रोष व्यक्त किया और रावण के रूप में सभी का पुतला फूंकर नाराज जताई। भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता के नेतृत्व में मनीष सिसोदिया के आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन करने वालों को संबोधित करते हुए भाजपा ने नई आबकारी नीति के खिलाफ जो आंदोलन महिलाओं, आरडब्ल्यूए और समाजिक संगठनों के साथ पूरे दिल्ली में शुरु किया था आज वह निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुका है।

हाथ में तिरंगा और महात्मा गांधी की फोटो लेकर अन्ना हजारे के साथ भ्रष्टाचार की लड़ाई में कूदने वाले केजरीवाल आज खुद ही भ्रष्टाचार के आगोश में समाए हुए हैं। शराब माफियाओं के साथ मिलकर उन्होंने करोड़ों रुपये का घोटाला किया और उनका कमीशन 2 फीसदी से बढ़कार 12 फीसदी कर उसका आधा हिस्सा मेज के नीचे से अपने नाम कर लिया।

शराब के ठेके खुलने का विरोध कर रही महिलाओं को अपने बाउंसरों से पिटवाने का भी काम सीएम ने किया। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए बिधूड़ी ने कहा कि नई शराब नीति पर विधानसभा के भीतर और बाहर जब भी सरकार से सवाल पूछे गए तो उन्होंने जवाब नहीं दिया। जबकि यह पॉलिसी पहले दिन से ही शक के घेरे में आ गई थी।

# लंबे समय के बाद एलजी के साथ केजरीवाल की बैठक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● आबकारी नीति को लेकर जारी तनाव के बीच पहली मुलाकात

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के साथ लंबे अंतरात के बाद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की शुक्रवार को बैठक हुई है। नई आबकारी नीति को लेकर उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के आवास पर सीबीआई की छापेमारी, आप नेताओं को एलजी की तरफ से भेजी गई कानूनी नोटिस के बाद यह पहली मुलाकात थी। बैठक के दौरान सीएम ने कहा कि जो कुछ भी हुआ वह दुर्भाग्यपूर्ण था। उम्मीद है कि स्थिति में सुधार होगा। दोनों के बीच बैठक करीब 40 मिनट तक चली।

उपराज्यपाल से मुलाकात के बाद अरविंद केजरीवाल ने मीडिया से बातचीत में कहा जो भी हुआ वह दुर्भाग्यपूर्ण था। उन्हें भरोसा है कि स्थिति में सुधार होगा। बेहद सौहार्दपूर्ण माहौल में हमारी चर्चा हुई। केजरीवाल ने कहा कि पिछले कुछ सप्ताह में शुक्रवार को होने वाली बैठक नहीं हुई, क्योंकि संयोगवश वह दिल्ली से बाहर थे। आज की बैठक बहुत अच्छी रही। कई मुद्दों पर चर्चा हुई। उन्होंने एलजी से दिल्ली नगर निगम के कार्य में सुधार का अनुरोध किया, क्योंकि शहर में गंदगी एक बड़ा मुद्दा बन गया है। कचरे के विशाल भंडार को हटाने में दिल्ली सरकार की मदद की भी पेशकश की। उपराज्यपाल के साथ आम आदमी पार्टी की खींचतान के बीच, केजरीवाल हर शुक्रवार को होने वाली पिछली तीन साप्ताहिक बैठकों में शामिल नहीं हुए थे। इसमें 19 अगस्त को उपमुख्यमंत्री सिसोदिया के आवास पर छापेमारी वाला दिन भी शामिल है। सिसोदिया के आवास पर यह छापेमारी दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 में कथित अनियमितता के सिलसिले में की गई थी। दरअसल, उपराज्यपाल सक्सेना ने शराब नीति में कथित घोटाले में सीबीआई जांच की सिफारिश की थी। नई आबकारी नीति की सीबीआई जांच की सिफारिश के बाद से दिल्ली सरकार और उपराज्यपाल के बीच संबंध बिगड़े हैं।



एलजी वीके सक्सेना को गुलदस्ता भेंट करते मुख्यमंत्री।


### कोविड-19 के 123 नए मामले, संक्रमण से चार लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली में शुक्रवार को कोविड-19 के 123 नए मामले आए और संक्रमण दर 1.06 प्रतिशत रही। स्वास्थ्य विभाग के बुलेटिन के अनुसार, कोरोना वायरस संक्रमण से और चार लोगों की मौत हुई है।

बुलेटिन के अनुसार, पिछले दिन 11,567 नमूनों के जांच किए गए थे जिनमें 123 के संक्रमित होने की पुष्टि हुई। उसके अनुसार, शहर में अभी तक कुल 20,01,432 लोग कोरोना वायरस से संक्रमित हुए हैं जबकि संक्रमण से 26,491 की जान चली गई। दिल्ली में बृहस्पतिवार को कोविड के 182 नए मामले आए थे, संक्रमण से तीन लोगों की मौत हुई थी और संक्रमण दर 1.37 प्रतिशत थी।

# पर्यावरण विभाग को सताने लगी प्रदूषण की चिंता

● गोपाल राय ने केंद्रीय पर्यावरण मंत्री को पत्र लिख मांगा मिलने का समय



पर्यावरण मंत्री गोपाल राय

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव को एक पत्र लिखकर उनसे सर्दियों में राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए एक संयुक्त कार्य योजना तैयार करने के लिए मिलने का समय मांगा है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार लोगों को स्वच्छ आबोहवा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है और अल्पकालिक व दीर्घकालिक उपायों पर काम कर रही है। इन उपायों को गर्मियों और सर्दियों के लिए कार्य योजनाओं के माध्यम से लागू किया जा रहा है। राय ने कहा कि दिल्ली सरकार के प्रयासों से ही वायु गुणवत्ता सूचकांक के संतोषजनक (51 से 100) और मध्यम (101 से 200) श्रेणी में दिन बढ़ गए हैं। गत दो वर्ष की तरह उनकी सरकार ने इस बार भी वायु प्रदूषण से निपटने के लिए एक शीतकालीन कार्य योजना तैयार की है। केंद्रीय पर्यावरण, वन व जलवायु परिवर्तन मंत्री यादव को लिखे पत्र में उन्होंने कहा, आने वाले महीनों में दिल्ली को वायु प्रदूषण के संभावित खतरे से बचाने के लिए एक योजना तैयार करने के वास्ते हम आपसे समय देने का अनुरोध करते हैं।

पिछले साल भी यादव को कई पत्र लिखे थे, जिसमें वायु प्रदूषण के मुद्दे पर चर्चा के लिए आपात बैठक बुलाने का अनुरोध किया गया था हालांकि इन पत्रों का उन्हें कोई जवाब नहीं मिला था।

शहर की सरकार ने सभी प्रकार के पटाखों के उत्पादन, बिक्री और इस्तेमाल पर भी एक जनवरी तक पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है।

# कर्तव्य पथ पर उमड़ी पर्यटकों की भीड़

● इंडिया गेट पर करीब 130 कैमरामैन मस्तैद, कई पिछले 25 वर्ष से चला रहे है अपनी आजीविका

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

कर्तव्य पथ के उद्घाटन के बाद उमड़ी भीड़ से इंडिया गेट पर काम कर रहे फोटोग्राफर के बीच आय बढ़ने की उम्मीद जगी है।

फोटोग्राफर हरदयाल इंडिया गेट पर तस्वीर लेने के दौरान ग्राहक को चश्मा ठीक करने और कैमरे की तरफ देखने के बारे में निर्देश देते हुए नजर आए। हरदयाल (41) उन 130 फोटोग्राफर में शामिल हैं, जो इंडिया गेट पर अपनी कला के जरिए लोगों की सुंदर तस्वीरें लेते हैं और इनमें से कई फोटोग्राफर करीब 25 वर्षों से पयर्टकों की तस्वीरें खींचकर अपनी अजीविका चला रहे हैं।

कोविड महामारी के कारण आर्थिक तौर पर बुरी तरह प्रभावित रहे फोटोग्राफर कर्तव्य पथ के उद्घाटन के बाद शुक्रवार को पहले दिन पर्यटकों की भीड़ देखकर खासे उत्साहित नजर आए और उन्हें धीरे-धीरे अपनी आय बढ़ने की उम्मीद है।

ग्राहक को समझाते हुए हरदयाल ने कहा, मैं 30 रुपए प्रति फोटो के हिसाब से फोटो प्रिंट करवा सकता हूं। लेकिन, अगर आप सॉफ्ट कॉपी चाहते हैं तो यह 10 रुपए प्रति फोटो के हिसाब से होगा। आप दोनों ही क्यों नहीं ले लेते।

ग्राहक के हामी भरने के बाद हरदयाल ने कैमरे से मेमोरी कार्ड निकाला और ग्राहक के मोबाइल फोन में तस्वीरें स्थानांतरित करना शुरू किया जबकि कई अन्य ग्राहक अपनी फोटो खिंचाने का इंतजार करते दिखे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को यहां सेंट्रल विस्टा के राष्ट्रपति भवन से इंडिया गेट के बीच के मार्ग कर्तव्य पथ का उद्धाटन किया, जिसे पूर्व में राजपथ कहा जाता था। इस पूरे मार्ग को मोदी सरकार की महत्वकांक्षी सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास परियोजना के अंतर्गत पुनर्निमित किया गया है। मूल रूप से मध्य प्रदेश से संबंध रखने वाले हरदयाल ने कहा कि वह करीब 24 साल पहले दिल्ली आए थे और उन्हें फोटोग्राफी करना दिलचस्प लगा और जल्द ही वह एक पेशेवर फोटोग्राफर के तौर पर तब से इंडिया गेट पर काम कर रहे हैं। अन्य फोटोग्राफर ओमबीर ने कहा, वर्ष 2020 के बाद से आज पहले दिन मुझे अच्छी कमाई होने की उम्मीद है। मैं घर जाते हुए पत्नी और बच्चों के लिए तोहफे खरीदूंगा।

उन्होंने कहा कि पहले, हम प्रतिदिन लगभग 1,000 रुपए कमा लेते थे, लेकिन कोविड महामारी से काम बुरी तरह प्रभावित हुआ। इसके बाद क्षेत्र को बंद कर दिया गया, जिससे पर्यटकों की संख्या कम हो गई और हमारी कमाई भी कम हो गई। लेकिन आज का दिन अलग है, मुझे कम से कम 1,500 रुपए की कमाई की उम्मीद है।



इंडियागेट लेजर शो के दौरान खूबसूरत नजारा। फोटो: रंजन डिमरी

# संक्षिप्त समाचार



पुस्तक विमोचन के मौके पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और अन्य।

### उपराष्ट्रपति ने किया 'मजमा-उल-बहरीन' का विमोचन

**नई दिल्ली।** दाराशिकोह द्वारा लिखित पुस्तक 'मजमा-उल-बहरीन' के अरबी अनुवाद की पुस्तक का विमोचन शुक्रवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और राज्यसभा सांसद व आईसीसीआर के अध्यक्ष डॉ. विनय सहस्त्रबुद्धे ने किया। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति ने दाराशिकोह को सांप्रदायिक सद्भाव का अग्रदूत बताया। भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) द्वारा आयोजित इसी कार्यक्रम में नेपाल के प्रसिद्ध गायक आनंद कार्की के गीत 'अतुल्य भारत देश मेरा' को भी उपराष्ट्रपति ने लान्च किया।

### एनएसएस छात्रों ने लिया स्वच्छता ही सेवा का संकल्प



**नई दिल्ली।** स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत दिल्ली विश्वविद्यालय के शहीद भगत सिंह सांध्य कॉलेज में 1 से 15 सितंबर तक राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा स्वच्छता ही सेवा का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी शरद कुमार यादव ने किया। इस दौरान एनएसएस के स्वयंसेवको, एनसीसी कैडेट्स व विद्यार्थियों ने कॉलेज परिसर के साथ साथ आस-पास के क्षेत्रों में जाकर सफाई अभियान, स्वच्छता जागरूकता और अपशिष्ट प्रबंधन से संबन्धित बैनर और पोस्टर्स का भी प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य प्रो. एसके सिन्हा, प्रो. सीएस दुबे, डॉ. सौरभ, डॉ. गौरव ,डॉ. सुमन, डॉ. अरुणा, डॉ. संतोष डॉ. और डॉ. प्रनीता मौजूद थीं।

### कॉमन सर्विस सेंटर के एमडी बने संजय कुमार



**नई दिल्ली।** कॉमन सर्विस सेंटर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजय कुमार राकेश को अब प्रबंध निदेशक के तौर पर कार्यभार संभालेंगे। सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में कॉमन सर्विस सेंटर की 52 वीं बोर्ड मीटिंग में यह फैसला शुक्रवार को किया गया। बैठक की अध्यक्षता अलकेश कुमार शर्मा सचिव सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने की। बैठक में कॉमन सर्विस सेंटर के प्रबंध निदेशक की नियुक्ति के अलावा वर्ष 2021 22 के वित्तीय स्टेटमेंट को भी स्वीकृति प्रदान की गई। कॉमन सर्विस सेंटर के वित्तीय नतीजों के मुताबिक वर्ष 2021 22 में कॉमन सर्विस सेंटर कि आय 1804. 92 करोड़ रुपये रही जबकि पिछले वर्ष 1441. 82 करोड़ रुपए थी।

### आंध्रा एसोसिएशन का दो दिवसीय ज्योतिष मेला संपन्न

**नई दिल्ली।** श्याम जेम्स एंड ज्वेल्स के संयोजन में आंध्रा एसोसिएशन लोधी रोड में दो दिवसीय ज्योतिष मेले का आयोजन किया गया। मेले में देशभर के प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्यों ने भाग लिया और ज्योतिष के कई विषयों पर परिचर्चा हुई। परिचर्चा में प्रसिद्ध डॉ. ओम शांडिल्य ने भाग ने हिस्सा लिया। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष सिरी श्याम अग्रवाल ने कहा कि ज्योतिषशास्त्र के कई भाग हैं जिनमें वैदिक ज्योतिष को सबसे प्राचीन माना जाता है। इस ज्योतिष विद्या का नाम वैदिक ज्योतिष इसलिए पड़ा है क्योंकि इसकी उत्पत्ति वेदों से हुई है।

# पुलिस के साथ अन्य विभाग भी सीसीटीवी सिस्टम को लागू करें

## हरियाणा के मुख्य सचिव ने गुरुग्राम में स्मार्ट निगरानी प्रणाली की समीक्षा की

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के अधिकारियों के साथ बैठक करते मुख्य सचिव संजीव कौशल।

**हरियाणा** सरकार के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने कहा कि पुलिस प्रशासन ने सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से स्मार्ट निगरानी प्रणाली से बेहतर कार्य किया है। पुलिस के साथ अन्य विभाग भी इस प्रणाली यानी सीसीटीवी सिस्टम को लागू करें, ताकि विभाग से संबंधित कार्यों की बेहतर निगरानी हो सके। यह बात उन्होंने शुक्रवार को सीसीटीवी कैमरों और उनकी मदद से पूरे शहर में लागू की जा रही स्मार्ट निगरानी प्रणाली की समीक्षा बैठक में कही। यह बैठक वीडियो कांफ्रेंसिंग से हई।

उन्होंने कहा कि गुरुग्राम सहित फरीदाबाद व करनाल में लागू किए जा रहे स्मार्ट सर्विलांस सिस्टम की प्रेजेंटेशन सभी जिलों के आला अधिकारियों ने देखी है, जिससे सभी को ज्ञात हुआ है कि प्रदेश में क्या स्मार्ट पहल की जा रही हैं। अन्य जिले उनमें से बेस्ट प्रैक्टिसिस को अपना सकते हैं। उन्होंने कहा कि उन विभागों तथा कार्यों की सूची तैयार करें जो वतज़्मान में इस स्मार्ट प्रणाली का उपयोग कर रहे हैं तथा ऐसे विभाग जो प्रणाली का उपयोग कर सकते हैं।

समीक्षा के दौरान गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुधीर राजपाल ने बताया कि प्रथम चरण में जीएमडीए के एरिया में गुरुग्राम के सभी 115 सेक्टरों तथा मानेसर में एक समग्र और इंटिग्रेटेड वीडियो सर्विलांस सिस्टम लागू किया गया है। इस सिस्टम के अंतर्गत 222 लोकेशन अर्थात स्थानों पर लगभग 1200 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनके माध्यम से मुख्य मार्गों तथा संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा और निगरानी रखी जा रही है। इनमें से 191 लोकेशन गुरुग्राम में तथा 31 लोकेशन मानेसर क्षेत्र मे पड़ती हैं। इनमें ऑटोमेटिक नंबर प्लेट रिक्गनेशन (एएनपीआर) तथा रेड लाईट वायलेशन डिटेक्शन (आरएलवीडी) सिस्टम लगे हुए हैं। इसका तात्पर्य है कि ये कैमरे वाहनों की नंबर प्लेट की पहचान करने और रेड लाईट जंप करने वालों का पता लगाने में सक्षम हैं। उन्होंने बताया कि ट्रैफिक मैनेजमेंट में सुधार करने के साथ-साथ अपराध नियंत्रण में इस प्रणाली से मदद मिल रही है। श्री राजपाल ने बताया कि चोरी किए गए वाहन का नंबर तथा पुलिस द्वारा वांछित अपराधी की फोटो इस सिस्टम में डाल दी जाती है जिससे कि उनकी तलाश करने में मदद मिलती है। इसके अलावा, गुरुग्राम महानगर सिटी बस लिमिटेड (जीएमसीबीएल) की सिटी बसों, जल वितरण, ड्रेनेज, जल भराव, प्रोपर्टी टेक्स, पर्यावरण व प्रदूषण संबंधी विषयों पर निगरानी रखने में भी ये कैमरे सहायक सिद्ध हो रहे हैं।

### एक बड़े महानगर का रूप ले चुका है गुरुग्राम

**इस** पर मुख्य सचिव ने कहा कि गुरुग्राम शहर एक बड़े महानगर का रूप ले चुका है इसलिए भीड़ प्रबंधन और राष्ट्रीय राजमार्ग पर निगरानी के लिए ड्रोन कैमरों का इस्तेमाल करें और उन कैमरों को भी इस इंटिग्रेटेड सर्विलांस सिस्टम से जोड़ें। श्री राजपाल ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग-48 पर ड्रोन कैमरों की मदद से निगरानी रखने का प्रयोग जीएमडीए ने किया है, जो सफल रहा है।

# राज्यपाल ने गुरुग्राम विवि के कुलपति को किया सम्मानित



गुरुग्राम विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार को सम्मानित करते राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय।

## रेडक्रॉस सोसायटी ने प्रो. दिनेश कुमार को दिया विशेष सम्मान

**गुरुग्राम।** प्रतिष्ठित कुलपति पुरस्कार एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा होमी जे. भाभा स्वर्ण पदक से भी नवाजे जा चुके गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार को रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने विशेष सम्मान दिया है।

हरियाणा राजभवन में राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय द्वारा गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार को यह विशेष सम्मान प्रदान किया गया। प्रो. दिनेश कुमार को यह सम्मान भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की हरियाणा राज्य इकाई की 34वीं वार्षिक आम सभा की बैठक में दिया गया, जिसकी अध्यक्षता राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने की। प्रो. दिनेश कुमार को फरीदाबाद में उनके द्वारा किए गए मानव-सेवा तथा कल्याणकारी कार्यों के लिए सम्मानित किया है। जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए के कुलपति रहते हुए प्रो. दिनेश कुमार ने फरीदाबाद में युवाओं को रक्तदान तथा मानव-सेवा के कार्यों के लिए प्रेरित करने में अहम भूमिका निभाई।

प्रो. दिनेश कुमार वर्तमान में गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में कार्य करते हुए भी सदैव युवाओं को मानवीय मूल्यों के प्रति जागरूक एवं प्रेरित करने पर अधिक ध्यान देते हैं। इस सम्मान की प्राप्ति पर प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा उनके कार्यों को स्वीकृति और सम्मान मिलना उनके जीवन की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धियों में से एक है।

## संक्षिप्त-समाचार

### तीरंदाजी प्रतियोगिता में सोहना खंड ने पहला स्थान प्राप्त किया



**सोहना।** देवीलाल खेल स्टेडियम में चल रही दो दिवसीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में सोहना ब्लाक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरे नंबर पर गुरुग्राम ब्लॉक रहा। देवीलाल खेल स्टेडियम में शुक्रवार दो दिवसीय जिला स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता की शुरुआत की गई। उद्घाटन सोहना विधायक संजय सिंह की पत्नी वंदना ने किया। भगवत सिंह तीरंदाजी कोच, खेल विभाग गुरुग्राम डीपी शर्मा, अमेठी स्कूल कपिल तीरंदाजी कोच अमेठी स्कूल मंजू, डीपी राजकीय हाई स्कूल गढ़ी वाजिदपुर शकुंतला पीईटी सीआर मॉडल पब्लिक स्कूल, राकेश पीटीआई गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल बादशाहपुर, चरण सिंह पीटीआई राजकीय मिडिल स्कूल प्रकाश पुरी, सत्य प्रकाश बाल भारती स्कूल, मानेसर दीनदयाल तीरंदाज कोच पटौदी प्रदीप शर्मा अकाउंटेंट नगर परिषद सोहना मौजूद रहे। कोच भगवत सिंह ने बताया कि ब्लॉक स्तर पर सोहना खंड ने बाजी मारते हुए पहला स्थान प्राप्त किया। दूसरे पर गुरुग्राम और तीसरे पर पटौदी ब्लॉक रहा। एकल मुकाबलों में प्रथम समीर, दूसरे पर मानव तथा तीसरे स्थान पर वंश रहा। लकड़ियों के मुकाबलों में रिश्ते व कनिका सोहना खंड से प्रथम। दूसरे नंबर पर मयंक और मानव तथा तीसरे स्थान पर गुरुग्राम से दामिनी और खुशी।

### विधानसभा में उठेगा गुड़गांव को गुरुग्राम विस क्षेत्र नाम का मुद्दा



**गुरुग्राम।** नगर निगम के वार्ड-10 के पूर्व पार्षद मंगत राम बागड़ी और पार्षद शीतल बागड़ी ने गुड़गांव का नाम गुरुग्राम रखे जाने की तर्ज पर गुड़गांव विधानसभा क्षेत्र का भी नामकरण गुरुग्राम विधानसभा क्षेत्र करने की मांग को लेकर अभियान तेज किया है। शुक्रवार को उन्होंने मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नाम मांग पत्र गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला को सौंपा। विधायक सुधीर सिंगला ने आश्वासन दिया कि वे इस मांग को मुख्यमंत्री मनोहर लाल से अवगत कराने के साथ इसे विधानसभा में भी उठाएंगे। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि गुड़गांव को रेलवे के रिकॉर्ड में गुरुग्राम दर्ज कराने के लिए केंद्रीय रेल मंत्री से मुलाकात भी करेंगे। पूर्व पार्षद मंगत राम बागड़ी और पार्षद शीतल बागड़ी ने मांग पत्र में उल्लेख किया है कि गुरु द्रोण की धरती गुड़गांव का नाम बदलकर गुरुग्राम किया जाना मुख्यमंत्री मनोहर लाल का ऐतिहासिक फैसला था। मुख्यमंत्री ने यह निर्णय लेकर गुरु द्रोणाचार्य के साथ उन सभी गुरुजनों को सम्मान दिया जो अपने शिष्यों की शिक्षा के लिए अपना सब कुछ समर्पित करने के लिए हर समय प्रस्तुत रहते हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के इन कार्यों की सराहना पूरे प्रदेश में की गई। अभी कई राजकीय रिकार्ड में गुड़गांव को गुरुग्राम नहीं दर्ज किया जा सका है। रेलवे के रिकॉर्ड में यह संशोधन न होने के कारण हमारे सेना के अधिकारियों और जवानों को वारंट की सुविधा प्राप्त करने में परेशानी होती है। रेलवे के रिकॉर्ड में गुड़गांव को गुरुग्राम दर्ज कराने की मांग हम लंबे समय से कर रहे हैं। हमने इसके लिए केंद्रीय रेल मंत्री और रेल महाप्रबंधक दिल्ली डिविजन को कई बार मांग पत्र सौंपा। किन्ही कारणों से अब तक यह संशोधन नहीं हो पाया है। उन्होंने विधायक से कहा कि हमारी मांग है कि रेलवे के रिकार्ड में यह संशोधन कराने में आप जनहित में सहयोग करने की कृपा करें।

# हाइटेंशन लाइन के करंट से बिजली कर्मी की मौत

**सोहना।** हाईटेंशन विद्युत लाइन से टूटे हुए तार से टकराने से 30 वर्षीय बिजली कर्मी की मौत हो गई। बिजली कर्मी के पिता ने निगम के ड्यूटी पर तैनात फोरमैन व जेई पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पिता की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों का सौंप दिया।

गुरुवार रात करीब नौ बजे शहर पुलिस थाने के सामने बिजली लाइन का टूटा तार ठीक करने के लिए लाइनमैन कुलदीप अपने साथी कर्मचारी के साथ पहुंचा था। कुलदीप अपनी बाइक खड़ी करके लाइन से टूटा तार तलाश रहा था। अंधेरा होने के कारण लटका तार कुलदीप की कमर पर से भिड़ गया। कुलदीप टूटे तार से जोरदार करंट लगा और वह जमीन पर बेहोश होकर गिर गया। जिसकी साथी कर्मचारी ने फोनमैन व जेई को सूचना देकर मौके पर बुलाया। बेहोशी की हालत में पास के निजी अस्पताल में दाखिल कराया। जहां से डॉक्टरों द्वारा रेफर किए जाने पर गुरुग्राम के निजी अस्पताल लेकर गए। जहां पर डॉक्टरों ने कुलदीप को मृत घोषित कर दिया। कुलदीप के शव को पोस्टमार्टम के लिए सोहना के नागरिक अस्पताल के शवग्रह कक्ष में रख दिया। कुलदीप अस्थाई बिजली कर्मचारी के रूप में सात साल से ड्यूटी कर रहा था। जिसके पिता महाबीर भी बिजली निगम में तैनात थे। जिसने निगम के जेई और फोरमैन पर बिना परमिट लिए बिना ही लाइन के टूटे तार को जोड़ने भेज दिया था। महाबीर ने बताया कि उसके बेटे की मौत के जिम्मेदार फोरमैन व जेई हैं।

# गुरुग्राम में स्वाइन फ्लू के तीन मामलों की पुष्टि

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

## स्वाइन फ्लू के लक्षण दिखे तो खुद को होम आइसोलेट करें मरीज

## प्रशासन ने लोगों को सतर्क रहने की दी हिदायत

**जिला** में स्वाइन फ्लू के तीन मामलों की पुष्टि होने से हड़कंप मच गया है। जिला प्रशासन ने लोगों को सलाह दी है कि स्वाइन फ्लू के अगर लक्षण दिखाई दें तो खुद को होम आइसोलेट करें। साथ ही जिलावासी इससे सतर्क भी रहें। स्वास्थ्य विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों से एडीसी विश्राम कुमार मीणा ने शुक्रवार को कहा कि स्वाइन फ्लू की रोकथाम के लिए जरूरी है लोगों को जागरूक किया जाए।

जिला स्तरीय टास्क फोर्स बैठक में भी स्वाइन फ्लू के मामलों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। एडीसी विश्राम कुमार मीणा ने सिविल सर्जन डॉ. वीरेंद्र यादव से जिला में स्वाइन फ्लू के मौजूदा हालात की विस्तृत रिपोर्ट ली। इसके बाद कहा कि लोगों के बीच जागरुकता लाने के उद्देश्य से प्रचार के हर माध्यम का उपयोग किया जाना चाहिए, ताकि घर-घर तक स्वाइन फ्लू के लक्षणों व इसके बचाव के उपायों की जानकारी पहुंच सके। इससे जिला में स्वाइन फ्लू से बचाव में आसानी होगी। श्री मीणा ने कहा कि खासतौर से स्कूल-कॉलेजों में स्वाइन फ्लू से बचाव के उपायों का अधिक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि इसे बढ़ने से रोका जा सके। वहीं संभावित मामलों को गंभीरता से लेते हुए उनके इलाज में कोई लापरवाही ना बरती जाए।



सिविल सर्जन डॉ. वीरेंद्र यादव ने जिला में अभी तक स्वाइन फ्लू के तीन मामलों की पुष्टि करते हुए कहा कि निजी अस्पतालों के प्रतिनिधियों से कहा कि अगर आपको अपने अस्पताल में स्वाइन फ्लू का कोई संदिग्ध मरीज लगता है तो इसकी सूचना तुरंत स्वास्थ्य विभाग को दें। इसके साथ ही सभी अस्पताल अपने यहां एक अलग वार्ड स्थापित करवाना सुनिश्चित करें, जिसमें आने वाले मरीजों की सीबीसी जांच अवश्य हो। स्वाइन लू के लक्षणों में गले का सूखना, खांसी, ठंड लगना, उल्टी व दस्त, उच्च ताप का बुखार इसके मुख्य लक्षण हैं।

इसके अलावा बंद व बहती नाक, बदन दर्द व सिरदर्द, थकान व सुस्ती महसूस होना और श्वांस संबंधी परेशानियां भी स्वाइन फ्लू के लक्षण हो सकते हैं। डॉ. यादव ने कहा कि स्वाइन फ्लू से घबराने की जरूरत नहीं है। जिले में इस बीमारी से निपटने के लिए तमाम दवाइयां उपलब्ध हैं, लेकिन कोई भी दवाई चिकित्सक के परामर्श के बिना ना लें। उन्होंने कहा कि स्वाइन फ्लू एक संक्रमण वाला रोग है जो छींकने, खांसने और थूकने से अन्य व्यक्तियों में फैल सकता है। उन्होंने लोगों को सलाह दी है कि वे भीड़ वाले स्थानों पर न जाएं। यदि संभव हो तो स्वयं को होम आइसोलेट करते हुए अगले दो से तीन दिन तक घर पर ही रहें।

# शरीर और मन दोनों को सेहतमंद बनाता है योग

## सेक्टर-9 राजकीय महाविद्यालय में योग प्रतियोगिता के विजेताओं को किया सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के सेक्टर-9 कालेज में योग के खिलाड़ियों को सम्मानित करते विधायक सुधीर सिंगला।

**गुरुग्राम** के विधायक सुधीर सिंगला ने सेक्टर-9 स्थित राजकीय महाविद्यालय में अंतर कालेज स्टेट योग प्रतियोगिता में विजेताओं को सम्मानित किया। इस दौरान विधायक ने युवा खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की।

विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि शरीर और मन दोनों को सेहतमंद बनाए रखने के लिए नियमित रूप से दिनचर्या में योगासनों को शामिल करके लाभ प्राप्त किया जा सकता है। योगासन, शरीर में ऊर्जा के स्तर को बढ़ावा देने के साथ मन को शांत करते हैं। यह कहा जा सकता है कि जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए योगासनों का नियमित अभ्यास आपके लिए काफी मददगार हो सकता है। योग का अभ्यास शरीर, श्वास और मन को जोड़ता है। समग्र स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए योगासनों में शारीरिक मुद्राओं, सांस लेने के व्यायाम और ध्यान का संयोजन किया जाता है।

श्री सिंगला ने कहा कि कई तरह की बीमारियों के जोखिम को कम करने से लेकर सेहत को बूस्ट देने तक के लिए योगासनों का अभ्यास करना सहायक हो सकता है। प्राणायाम से लेकर कई तरह की योग मुद्राओं का अभ्यास आपको शारीरिक-मानसिक रूप से स्वस्थ रखने में मददगार हो सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि योग हमेशा एक्सपर्ट की मदद से करना चाहिए। योग के बारे में हमें पूरी जानकारी होनी चाहिए। सही मुद्रा में ही योग करें। गलती से भी अगर हम योग की मुद्रा सही नहीं रखते हैं तो यह हमारे शरीर के लिए हानिकारक भी साबित हो सकता है।

योग करते समय सुरक्षित रहने के लिए इसका सही तरीके से अभ्यास किया जाना आवश्यक है। पनी सेहत के हिसाब से योग का चयन करने के लिए किसी विशेषज्ञ की सहायता ले लें। इस अवसर पर कालेज के प्राचार्य डा. रणधीर सिंह, द्रोणाचार्य कालेज के प्राचार्य विरेंद्र अंतिल, डा. राजेश कुंडू, डा. कृष्णा मिलान, गितिका और नीलम दहिया समेत काफी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# बारिश के कारण बिजली गुल, पेयजल सप्लाई बाधित

**सोहना।** गुरुवार शाम हुई भारी बारिश से बिजली की आपूर्ति ठप हो गई जिससे शहर में पेयजल सप्लाई नहीं हो सकी। लगभग 12 घंटे बिजली गुल रही। गुरुवार शाम को हुई बारिश में शहर की सिटी टू बिजली लाइन का तार टूट गया था। जिसे ठीक करने मौके पर पहुंची निगम की टीम में शामिल अस्थाई लाइनमैन कर्मी की करंट लगने से हुई मौत हो गई थी। बिजली कर्मी करंट लगने से 30 वर्षीय कुलदीप की मौत के बाद कर्मचारी मृतक के परिजनों और पुलिस के साथ कानूनी कार्रवाई में सहयोग देने में जुट गए।

शहर की सिटी फीडर से जुड़े हजारों घरों में बिजली न होने से पेयजल की आपूर्ति नहीं हो सकी। शिव कॉलोनी निवासी सरोज का कहना है। रात को छह घंटे बिजली बंद होने से पूरी रात बैठकर बिताई। सुबह पानी नहीं आने से बर्तन भी साफ नहीं हुए दिन में भी बिजली नहीं आने से इंवेटर ठप हो गए। सतीश ने बताया कि बीमारी से ग्रस्त नागरिक और वृद्ध लोग भी पूरा दिन परेशान रहे। निगम के एसडीओ राहुल यादव ने बताया कि ठेकेदार के कर्मचारी ठप बिजली सप्लाई को शुक्रवार सुबह ही ठीक करने में जुट गए शाम तक खराब सप्लाई को चालू कर गया।

# गुरुगाम की सफाई व्यवस्था को लेकर संयुक्त आयुक्त से मिले नवीन गोयल

## सबसे पहले शहर के चार स्थानों को चिन्हित कर सफाई दुरुस्त करने की कही बात

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



**मिलेनियम** सिटी गुरुग्राम को स्वच्छता की सूची में टॉप-10 शहरों में लाने के लिए लगातार कार्यरत पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने शुक्रवार को नगर निगम गुरुग्राम के संयुक्त आयुक्त (स्वच्छ भारत मिशन) डा. नरेश कुमार से मुलाकात की। उन्होंने शहर की सफाई को लेकर उनके साथ कुछ बिंदुओं पर बात करके उस पर प्लान बनाकर काम करने का सुझाव दिया।

नवीन गोयल ने सबसे पहले अधिक गंदगी वाले क्षेत्र बसई रोड की आटो मार्केट वाली जगह, पटौदी रोड पर वीर नगर ओम धर्म कांटा के सामने सड़क पर बनाया गया अवैध डंपिंग स्टेशन, अशोक विहार फेज-3 कार्टरपुरी गौशाला के पास डाला जाने वाले कूड़े, पुराना दिल्ली रोड पर मारूति कंपनी के साथ शनि मंदिर के सामने गंदगी का समाधान सबसे पहले किया जाना चाहिए। क्योंकि इन स्थानों पर अधिक गंदगी रहती है। जिस कारण इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों का जीना दुभर हो गया है।

डा. नरेश कुमार ने इन चारों स्थानों की गंदगी की समस्या को गंभीरता से लेते हुए आश्वस्त किया कि अगले दो सप्ताह में यहां की गदंगी पूरी तरह से साफ करवा दी जाएगी। वे स्वयं इन स्थानों का दौरा करके निरीक्षण भी करेंगे। नवीन गोयल ने अवैध रूप से कहीं पर भी गंदगी डालने वाले लोगों से भी आग्रह किया है कि वे तय स्थानों पर ही गंदगी डालें। कहीं पर भी गंदगी डालकर हम बीमारियों को भी न्यौता देते हैं और शहर की सूरत भी खराब करते हैं। यह शहर हम सबका है। इसलिए इसे स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी सबसे अधिक यहां के नागरिकों की बनती है।

# एचडीएफसी बैंक ने बैंकिंग एवं फाइनेंस के लिए इंस्टीट्यूट ऑफ इकॉनॉमिक ग्रोथ के साथ समझौतापत्र पर हस्ताक्षर किया

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



**शुक्रवार** को एचडीएफसी बैंक ने बताया कि इसने स्वतंत्र शोध करने के लिए एक चेयर को पूंजी प्रदान करने के लिए इंस्टीट्यूट ऑफ इकॉनॉमिक ग्रोथ (आईईजी) के साथ एक समझौतापत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह चेयर नई दिल्ली के आईईजी कैंपस में स्थित होगी और इसे 'एचडीएफसी बैंक चेयर ऑफ बैंकिंग एंड फाईनेंस' के नाम से जाना जाएगा। इस चेयर के लिए एचडीएफसी बैंक पांच सालों से ज्यादा समय तक आईईजी का सहयोग करेगा और एक सितंबर, 2022 से लागू इस अवधि में 6.75 करोड़ रुपये की वित्तीय मदद देगा।

एचडीएफसी बैंक और इंस्टीट्यूट ऑफ इकॉनॉमिक ग्रोथ के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अतनु चक्रबर्ती, चेयरमैन, एचडीएफसी बैंक और प्रोफेसर रमेश चंद, सदस्य, नीति आयोग एवं चेयरमैन, आईईजी और बैंक के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम में प्रोफेसर चेतन घाटे, डायरेक्टर, आईईजी द्वारा एनके सिंह, प्रेसिडेंट, आईईजी के लिए एक संदेश पढ़ा गया। आईईजी सेंटर ऑफ एक्सिलैंस के रूप में प्रतिष्ठित है और आर्थिक एवं सामाजिक विकास के क्षेत्रों में भारत के अग्रणी थिंकटैंक्स में से एक है। आईईजी दीर्घकालिक शोध में विशेषज्ञ है, जो फैकल्टी को अपने क्षेत्र में गहरी विशेषज्ञता का विकास करने के लिए प्रोत्साहित करता है।

एचडीएफसी बैंक चेयर बैंकिंग और फाइनेंस के महत्वपूर्ण एवं विकसित होते पक्षों का अनुसंधान करेगा और अपने अध्ययन एवं ज्ञान के आदान-प्रदान के लिए समय-समय पर सेमिनार का आयोजन करेगा। इससे बैंकिंग एवं फाईनेंशल सर्विसेज उद्योग और रैगुलेटर्स को लाभ मिलेगा और इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में ज्ञान का एक निकाय भी बनेगा। इस केंद्र द्वारा अध्ययन में लिए जाने वाले कुछ क्षेत्र कृषि एवं एमएसएमई सेक्टर में रैगुलेशन, फाईनेंसिंग, पूंजी बाजारों में इनोवेशन और वित्तीय सेवाओं में डिजिटल परिवर्तन व वित्तीय समावेशन के आर्थिक चालक हैं।

एचडीएफसी बैंक भारत में सबसे बड़ा निजी सेक्टर का बैंक है, जो भारत के कोने-कोने में बैंकिंग एवं वित्तीय सेवाएं प्रदान करता है। 6000 से ज्यादा शाखाओं और 70 मिलियन ग्राहकों तथा लगभग 20 लाख करोड़ के एस्सेट साईज की बैलेंस शीट के साथ यह देश में वित्तीय सेवाओं का अग्रणी प्रदाता है।

# एफएमसीजी ब्रांड्स उड़ान प्लेटफॉर्म से जुड़े

## छह महीने में 150 से अधिक प्रमुख ब्रांड्स प्लेटफॉर्म से जुड़े

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**भारत** के सबसे बड़े बिजनेस-टू-बिजनेस (बी2बी) ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म, उड़ान ने शुक्रवार को घोषणा की कि बीते छह माह में 150 से अधिक प्रमुख फास्ट-मूविंग कंज्यूमर गुड्स (एफएमसीजी) ब्रांड्स कंपनी के साथ जुड़े हैं। ये प्रतिष्ठित ब्रांड्स उड़ान के मजबूत नेटवर्क से और साथ ही कंपनी द्वारा छोटे रिटेलर्स और किराना स्टोर्स के साथ साझा किए जाने वाले संबंध से लाभान्वित होंगे। इन ब्रांड्स के जुड़ने से, उड़ान पर एफएमसीजी कैटेगरी में अब समूचे भारत में छोटे रिटेलर्स और किराना स्टोर्स को सर्विस देने के लिए 250 से अधिक ब्रांड्स उपलब्ध होंगे।

विगत छह महीनों में, उड़ान प्लेटफॉर्म पर एसेंशियल्स कैटेगरी में सिपला हेल्थ, परफेटी वैन मेल, रेनॉल्ड्स, पिडिलाइट आदि सहित कई प्रमुख एफएमसीजी ब्रांड्स द्वारा रिटेलर्स को किफायती कीमतों पर प्रोडक्ट्स की श्रृंखला उपलब्ध कराते हुए देखा गया। एफएमसीजी कैटेगरी अपनी उपस्थिति को वर्तमान में 1200 से बढ़ाकर 1500 शहरों तक करने की योजना है। इस प्रकार ई-कॉमर्स स्केल से लाभान्वित होते हुए प्लेटफॉर्म पर ब्रांड्स के साथ-साथ रिटेलर पार्टनर्स दोनों को फायदा पहुंचेगा। विनय श्रीवास्तव, हेड-एफएमसीजी बिजनेस, उड़ान ने कहा, भारत वर्ष में तेजी से डिजिटाइजेशन और टेक्नोलॉजी को अपनाने के चलते प्रमुख एफएमसीजी ब्रांड्स, उड़ान प्लेटफॉर्म से जुड़कर अपने वितरण नेटवर्क का लागत प्रभावी तरीके से विस्तार कर रहे हैं। हमें इस बदलाव का नेतृत्व करने में, इन ब्रांड्स के पसंदीदा पार्टनर के रूप में उभरने में और पूरे भारत में रिटेलर्स द्वारा बड़े अवसरों से उन्हें लाभ पहुंचाने में मदद करते हुए काफी खुशी है। हम भारत के छोटे रिटेलर्स और किराना स्टोर्स को किफायती और पारदर्शी कीमतों पर प्रोडक्ट्स की श्रृंखला उपलब्ध कराने तथा अधिक से अधिक नेशनल और रीजनल ब्रांड्स को उनके बिजनेस का विस्तार करने में सक्षम बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

उड़ान, बी2बी क्षेत्र में सभी व्यवसाय संबंधी आवश्यकताओं के लिए वन स्टॉप सॉल्यूशन है। इसने न सिर्फ भारत के लिए इंक्लूसिव टेक टूल्स निर्मित किए हैं, बल्कि यह विशेष रूप से ब्रांड्स, सेलर्स, रिटेलर्स और मैन्युफैक्चरर्स की जरूरतों को पूरा करने के लिए उन्हें अपने बिजनेस का विस्तार करने, व्यापार करने और इन्हें विकसित करने के लिए एक समान अवसर भी प्रदान करता है। उड़ान के पास वर्तमान में देश के 1200 से अधिक शहरों में 30 लाख से अधिक अधिक पंजीकृत उपयोगकर्ताओं और 25-30,000 सेलर्स का व्यापक नेटवर्क है, जो 12,000 से अधिक पिन कोड्स क्षेत्र को कवर करता है।

# काफ्का ने पंडित बिरजू महाराज परंपरा से मिलाया हाथ

## पंडित जय किशन महाराज और रूबी मिश्रा काफ्का अकेडमी में करेंगे मास्टरक्लास का संचालन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**भारत** की अग्रणी परफॉर्मिंग आर्ट अकेडमी काफ्का ने उत्तर भारत के प्रसिद्ध शास्त्रीय नृत्य कथक को संरक्षित करने और देशभर में प्रोत्साहित करने की दिशा में प्रयासरत संस्थान पंडित बिरजू महाराज परंपरा से हाथ मिलाया है। इस साझेदारी के माध्यम से काफ्का अकेडमी और पंडित बिरजू महाराज परंपरा मिलकर कथक के सही अर्थों एवं अनुशासन को भारतीय युवाओं तक पहुंचाएंगे औश्र इस विरासत को आगे ले जाएंगे।

काफ्का भारत का अग्रणी परफॉर्मिंग प्लेटफॉर्म है, जो ऑनलाइन डांस, म्यूजिक एवं स्पीकिंग क्लास संचालित करता है। पंडित बिरजू महाराज परंपरा का नेतृत्व पद्म विभूषण से सम्मानित पंडित बिरजू महाराज के पुत्र पंडित जय किशन महाराज, उनकी पत्नी रूबी मिश्रा और पौत्र पंडित त्रिभुवन महाराज कर रहे हैं।

साझेदारी के तहत पंडित बिरजू महाराज परंपरा काफ्का में कथक के लिए पाठ्यक्रम तैयार करते हैं। परंपरा की टीम काफ्का में कथक इंस्ट्रक्टर्स को सतत प्रशिक्षण भी प्रदान करेंगे। पंडित जय किशन महाराज और रूबी मिश्रा मास्टर क्लास का भी संचालन करेंगे और अकेडमी में अनुभव को बेहतर करने में सहायता करेंगे। पंडित बिरजू महाराज परंपरा के संस्थापकों पंडित जय किशन महाराज और रूबी मिश्रा ने कहा, 'हम लखनऊ के कालका-बिंदादीन घराने की आठवीं पीढ़ी हैं। हमारे जीवन का लक्ष्य दुनियाभर में कथक को पहुंचाना है। हमने काफ्का में समान विचारधारा और सोच वाले लोगों को देखा है। हमें लगा कि काफ्का हमारी ही अकेडमी है। हमने अपने दशकों के अनुभव, पंडित बिरजू महाराज की शिक्षा को यहां का पाठ्यक्रम तैयार करने में प्रयोग किया है। अप्रैल, 2021 में स्थापित काफ्का अकेडमी कई तरह के परफॉर्मिंग आर्ट के लिए वन स्टॉप सॉल्यूशन है। मूलतः बेंगलुरु से संचालित होने वाली काफ्का अकेडमी युवाओं को शास्त्रीय एवं आधुनिक नृत्य जैसे भरतनाट्यम, हिप हॉप, बॉलीवुड, वेस्टर्न सिंगिंग, कार्नेटिक सिंगिंग और पब्लिक स्पीकिंग समेत कुछ अन्य कलाओं में प्रशिक्षित करती है। इसके लिए टेक्नोलॉजी का लाभ लेते हुए पाठ्यक्रम तैयार किया गया है।

अकेडमी में छात्रों को 15 से 20 साल तक का अनुभव रखने वाले विशेषज्ञों से अपनी रुचि के अनुसार सीखने का मौका मिलता है। काफ्का अकेडमी की वीपी रिद्धि गुप्ता ने कहा, 'हमारा लक्ष्य कलाकारों और कलाओं को विकास में सक्षम बनाना है, विशेष रूप से भारतीय कलाओं को। हम हर आर्ट फॉर्म में सीखने का सर्वश्रेष्ठ अनुभव देना चाहते हैं। हमें पंडित जय किशन महाराज एवं रूबी मिश्रा से साझेदारी करते हुए भारत एवं विदेश के छात्रों को कथक में उच्च गुणवत्ता का प्रशिक्षण देने की खुशी है।

# अध्यापक न होने पर स्कूल पर ताला जड़कर किया प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


स्कूल के गेट पर ताला लगाकर बाहर प्रदर्शन करते अभिभावक और बच्चे।

**ग्रेटर** फरीदाबाद के ददसिया गांव स्थित राजकीय मॉडल संस्कृत मिडिल स्कूल में गुस्साए अभिभावकों ने स्कूल के मुख्य द्वार पर ताला जड़ दिया। मिडिल स्कूल में शिक्षक ना होने के चलते लोगों का गुस्सा फुट पड़ा और छात्रों ने भी स्कूल के बाहर एकत्रित होकर शिक्षा विभाग की कार्यशैली को लेकर नारेबाजी की। अभिभावकों और छात्रों ने सरकार और प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। अभिभावकों का कहना है कि सरकार कहती कुछ है और करती कुछ है। उन्होंने कहा हम बच्चों के भविष्य और विकास के लिए पढ़ा रहे है।

जानकारी के मुताबिक यमुना किनारे बसे ददसिया गांव के सरकारी स्कूल की प्राइमरी विंग में 251 और मिडिल स्कूल में 100 विद्यार्थी पढ़ते हैं। मिडिल स्कूल में पढ़ने वाले कुल छात्रों की संख्या 351 है। प्राइमरी में छह टीचर्स है और मिडिल में एक भी टीचर नहीं है। इस स्कूल में आसपास के करीब छह गांव के बच्चे पढ़ने के लिए आते हैं लेकिन स्कूल में विगत आठ दिनों से टीचर ही नहीं है। जब स्कूल में टीचर ही नहीं होगा तो बच्चों का विकास कैसे होगा और कैसे उनका भविष्य उज्जवल होगा। अभिभावकों का कहना है कि सरकार ने ऐसी नीति बना दी है कि टीचर्स को ऑनलाइन ट्रांसफर की सुविधा दे दी जिसकी वजह से शिक्षक अपनी मन पसंद जगह पर जा कर बैठ गए हैं और सरकारी स्कूल खाली हो गए हैं। जिनके पास सिफारिशें हैं वे उस स्कूल में जा कर बैठ गए जहां बच्चे ही नहीं है और जहां बच्चे हैं वहां मास्टर नहीं है।

लोगों का आरोप है कि सरकार ने सरकारी स्कूलों की दयनीय हालत कर रखी है। ग्रामीण पूर्व पंचायत सदस्य प्रहलाद त्यागी, राम गोपाल त्यागी, मोनू शर्मा, परविन्दर लीलू, अजय गोयल, प्रमोद गोयल, विजय कुमार, सुशील, नीरज त्यागी, अनिल त्यागी, इमरान, सीमा, रीना, मजहबी, शकीला, महेंद्र, ननुआ, नीलम, अनन्या, धर्मवीर, शर्माजीत, जोगिंदर, शकीला, संतोष, अकलीम अहमद, विशाल, मनीष, प्रवीण, प्रिन्स, नरेश, दीपक, नीटू आदि बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

## बच्चों की संख्या

**स्कूल** में पहली कक्षा में 37, दूसरी कक्षा में 45, तीसरी कक्षा में 66, चौथी कक्षा में 54 और कक्षा पांचवी में 49 विद्यार्थी पढ़ाई कर रहे हैं। इन 251 विद्यार्थियों के लिए मात्र छह ही अध्यापक हैं। वहीं कक्षा छठीं में 27, कक्षा सातवीं में 33 और कक्षा 8वीं में मात्र 30 छात्र हैं। 100 छात्रों की संख्या होने के बावजूद स्कूल में एक भी अध्यापक नहीं है, ऐसे में में बच्चों का भविष्य अंधकार में जा सकता है, जिसे देखते हुए गुस्साएं ग्रामीणों ने स्कूल पर ताला जड़ दिया था।

## 12 और 13 को कराई जाएगी प्रतियोगिता

**फरीदाबाद।** जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम कार्यालय फरीदाबाद द्वारा जिला स्तरीय योगा प्रतियोगिता का आयोजन खेल परिसर सेक्टर-12 फरीदाबाद में कराई जा रही है। 12 सितम्बर को लड़कियों की और 13 सितम्बर को लड़कों की प्रतियोगिता कराई जाएगी। देवेन्द्र सिंह जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि यह योगा प्रतियोगिता में निम्न आयुवर्गों में निम्न प्रकार से कराई जाएगी। जिसमें सब जुनियन 9 से 14 वर्ष, जुनियर 14 से 18 वर्ष और सीनियर 18 से 28 वर्ष वर्ष की आयुवर्ग के लड़के तथा लड़कियों के बीच कराई जाएगी। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को 1000 रुपये, द्वितीय और स्थान वाले खिलाड़ी को क्रमशः 700 और 500 रुपये की इनाम की राशि दी जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### महारानी श्री वैष्णो देवी मंदिर में गणपति विसर्जन


महारानी वैष्णो देवी मंदिर से गणपति की प्रतिमा को विसर्जन के लिए ले जाते भक्तगण।

**फरीदाबाद।** महारानी श्री वैष्णो देवी मंदिर तिकोना पार्क में गणपति विसर्जन का पर्व धूमधाम से मनाया। गणपति बप्पा को विशेष मुहूर्त में विधिवत पूजा अर्चना कर गाजे बाजे के साथ विदाई दी। मंदिर में गणपति विसर्जन में भक्तों ने भगवान श्री गणेश की पूजा अर्चना में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। महारानी श्री वैष्णो देवी मंदिर के प्रणान जगदीश भाटिया ने बताया कि पूरे विशेष मुहूर्त में विधिवत पूजा अर्चना के साथ भगवान गणेश की ईको फ्रैंडली प्रतिमा को टब में विसर्जित कर गणपति बप्पा को विदाई दी है। मंदिर में प्रसाद का वितरण भी किया। उन्होंने कहा कि भगवान श्री गणेश की पूजा-अर्चना से मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती हैं। मंदिर में प्रीतम धमीजा, राजेश दुआ, बलजीत, धीरज बाबर, अनिल ग्रोवर, विनोद पांडे, ललित, शिवम आहूजा, प्रदीप, सरला, सोमा, फकीर चंद कथूरिया आदि मौजूद रहे।

### एटीएम तोड़कर कैश निकालने की कोशिश

**फरीदाबाद।** ग्रेटर फरीदाबाद की भारत कॉलोनी के 45 फीट रोड पर एक युवक ने बृहस्पतिवार देर रात एटीएम तोडकर कैश निकालने की कोशिश की। आरोपी बस मामूली तोड़फोड़ ही कर पाया। सीसीटीवी फुटेज में एक युवक को देखा गया है। खेड़ी पुल थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच कर रहे पीएसआई नरेश कुमार ने बताया देर रात करीब डेढ़ बजे एक युवक ने हिताची कंपनी के एटीएम को तोड़ने की प्रयास किया। आरोपी कैश ट्रे को नहीं तोड़ पाया। उसके पास कोई हथियार नहीं था। आसपास की सीसीटीवी में एक युवक नजर आया है। हरकतों से वह नशेड़ी जैसा प्रतीत हो रहा है। कंपनी के अधिकारी की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

### शेर ए हिन्दुस्तान ने जीती डायमंड लीग ट्राफी

**फरीदाबाद।** जिला एथलेटिक संघ कार्यकारी अध्यक्ष एवं एथलेटिक्स हरियाणा मीडिया प्रभावी सत्यवीर धनखड़ ने बताया कि ओलम्पिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने ज्यूरिक ( स्विटजरलैण्ड) में 88 मीटर 44 सैंटीमीटर की जेवेलिन थ्रो कर स्वर्ण पदक विजेता बन डायमंड लीग ट्राफी जीत एथलेटिक्स फैडरेशन आफ इंडिया और एथलेटिक्स हरियाणा का झंडा विश्व पटल पर फहराया। एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव राजकुमार मिटान के अनुसार ज्यूरिक स्विटजरलैण्ड डायमंड लीग में स्वर्ण पदक विजेता बन ट्राफी भारत देश के नाम कर पहले भारतीय खिलाड़ी बने। एथलेटिक्स फैडरेशन आफ इंडिया के प्लानिंग कमेटी के चेयरमैन डाक्टर ललित के भनोट, अध्यक्ष आदिल जे सुमारीवाला, महासचिव रविंदर चौधरी,संयुक्त सचिव राजकुमार मिटान एवं एथलेटिक्स हरियाणा के अध्यक्ष चौधरी अभय सिंह चौटाला, कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान सिंह भादू, उपाध्यक्ष राजीव खत्री, वरिष्ठ संयुक्त सचिव कुलदीप अहलावत और मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ ने नीरज चोपडा की ऐतिहासिक जीत की हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान की।

### फव्वारा और टपका विधि अपनाने पर दिया जोर

**फरीदाबाद।** सिंचाई विभाग और अटल भूजल योजना एवं सूक्ष्म सिंचाई एंड कमांड क्षेत्र विकास प्राधिकरण की ओर से जल संरक्षण एवं सूक्ष्म सिंचाई के उपयोग पर अमीपुर गांव में किसान जागरुकता बैठक में जल संरक्षण के लिए फव्वारा व टपका विधि अपनाने पर जोर दिया। सिंचाई विभाग के प्रमुख अभियंता सतबीर सिंह कादियान के दिशा निर्देश पर यह कार्यक्रम हुआ। कमांड क्षेत्र विकास प्राधिकरण व अटल भूजल की ओर से किसान जागरुकता सभा में ईएक्सईएन कुलजीत भड़ाना, एसडीओ समुंदर सिंह, जेई दीपक दास मौजूद रहे। ईएक्सईएन कुलजीत ने वर्तमान में तेजी से घटते भूजल स्तर के बारे में किसानों को जागरूक किया। उन्होंने सरकार द्वारा सिंचाई में जल संरक्षण के लिए फव्वारा व टपका विधि अपनाने में सरकार द्वारा दी जा रही सब्सिडी के बारे में विस्तार से बताया। सरकार इन पद्धतियों को अपनाने पर 85 प्रतिशत तक की सब्सिडी देती है। सूक्ष्म सिंचाई योजनाओं से फसल की पैदावार में बढ़ोतरी होती है। कम पानी की खपत होने से खाद की लागत भी कम आती है और केमिकल फर्टिलाइजर का भी कम उपयोग होता है। बैठक में आतिश, जिला कार्यान्वयन भागीदार मानव रचना संस्थान से यशवंत और देवेंद्र भी उपस्थित थे।

### बाहरी बच्चों ने छात्र के पेट में घोपी बोतल

**फरीदाबाद।** सेक्टर-31 इलाके में मौजूद एक निजी स्कूल के छात्र को घर से लौटते वक्त बाहरी बच्चों ने उसके पेट में बीयर की बोतल घोंप दी। छात्र को घायल अवस्था में बीके सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। सेक्टर-31 इलाके में मौजूद बाल विद्या निकेतन स्कूल में पढ़ने वाला पांचवीं कक्षा का छात्र दोपहर को स्कूल से छुट्टी होने पर घर लौट रहा था। कुछ बाहरी बच्चों ने उसे धक्का मारकर गिरा दिया और उसके पेट में एक बच्चे ने बियर की बोतल तोड़ कर घोप दी। छात्र का कहना है कि वह उक्त बच्चों को नहीं जानता कि उन्होंने उसे क्यों धक्का दिया और क्यों बोतल मारी है। वहीं जब इस विषय में पुलिस से बात करने का प्रयास किया, तो वह इस मामले में कुछ भी कहने से बचती नजर आई।

### वादाखिलाफी के विरोध में पर्यटन कर्मचारियों ने दिया धरना

**फरीदाबाद।** हरियाणा टूरिज्म कर्मचारी संघ संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा का पर्यटन प्रशासन की मनमानी व वादाखिलाफी के खिलाफ व कर्मचारियों की लम्बित मांगों के समर्थन में तीसरा जोनल धरना होटल राजहंस में दिया गया। धरने की अध्यक्षता प्रधान मुरारी लाल व संचालन उप प्रधान डिगम्वर सिंह ने किया। धरने में फ़रीदाबाद, गुरुग्राम के कोंपलेक्शों व होडल और कैथल से आये कर्मठ कर्मचारियों ने प्रशासन से कई दौर की वार्ता के बाबजूद मांगों को पूरा ना करने के खिलाफ प्रदर्शन कर पर्यटन प्रशासन के खिलाफ नाराजगी प्रकट की। यूनियन के राज्य प्रधान सुरेश कुमार नोहरा, चेयरमैन मित्रपाल राणा और महासचिव सुभाष देशवाल आदि मौजूद रहे।

# सीएम फ्लाइंग स्क्वॉड ने बच्चे बेचने वाले एक और गिरोह का किया पर्दाफाश

**आरोपी महिलाएं पहले भी कर चुकी हैं बच्चों की खरीद फरोख्त**

**सीएम फ्लाइंग ने थोड़े ही समय में पकड़ा बच्चा बेचने वाला दूसरा गिरोह**

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


बच्चा बेचने के आरोप में गिरफ्तार लोगों के साथ पुलिस अधिकारी।

**मुख्यमंत्री** उड़नदस्ते की टीम ने नवजात शिशुओं को बेचने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश किया है। यह गिरोह दिल्ली में काफी समय से सक्रिय था। गुप्त सूत्रों से सूचना मिलने पर उड़नदस्ते के डीएसपी राजेश चेची ने टीम गठित कर आरोपियों को दबोचने की पूरी योजना तैयार कर ली। गतदिवस उड़नदस्ते की टीम ने गिरोह में शामिल दो महिला और एक पुरुष को नौ दिन के नवजात बच्चे के साथ दबोच लिया।

आरोपी महिलाएं बच्चे को करनाल की महिला से बहला-फुसला कर लेकर आए थे। उड़नदस्ते की टीम ने थाना सराय ख्वाजा में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करवा दिया है। कुछ दिनों पहले सीएम फ्लाइंग ने पर्वतीय कॉलोनी निवासी उड़ान एनजीओ की संचालिका हिना माथुर को भी बच्चा बेचने पर पकड़ा था।

मुख्यमंत्री उड़नदस्ते के डीएसपी राजेश चेची ने बताया कि पिछले दिनों उन्हें सूचना मिली थी कि दिल्ली की एक एनजीओ के संचालक की पुत्रवुध नवजात बच्चों को बेचने का गिरोह चलाती है। इन दिनों वह एक नवजात शिशु को बेचने की फिराक में है। उन्होंने आरोपियों को पकड़ने के लिए एसआई सतबीर और सीआइडी की महिला एएसआइ राजेश कुमारी को शामिल कर टीम गठित कर दी। दोनों ने दंपति बनकर आरोपी महिला से सम्पर्क किया।

उन्होंने महिला से बच्चे न होने की बात कहते हुए शिशु उपलब्ध करवाने को कहा। महिला द्वारा बदले में 4.50 लाख रुपये मांगने पर दोनों तैयार हो गए। जिसके बाद उन्होंने शिशु को लेने की जगह तय कर ली। जिसके बाद डीएसपी ने बाल कल्याण समिति के सदस्य सुनील यादव को भी टीम में शामिल कर लिया। जिसके बाद उन्होंने एसआइ सतबीर को बच्चों के खेलने वाले 500-500 रुपये के नोटों का पैकेट देकर निश्चित जगह पर भेज दिया। एसआइ सतबीर और एएसआइ राजेश कुमारी होटल में पहुंचे तो वह महिला पहले से मौजूद थी। सबकुछ सामान्य भांपने के बाद महिला ने अपने साथियों को बच्चा लाने को कहा। तभी एक अन्य महिला नौ दिन के नवजात शिशु को लेकर वहां पहुंची। सतबीर और राजेश कुमारी ने नोटो का पैकेट महिला को देकर बच्चे को ले लिया। जिसके बाद उन्होंने बाहर खड़ी टीम को इशारा कर दिया। टीम ने तुरंत मौके पर छापा मारकर दोनों महिलाओं को काबू कर लिया। महिलाओं के बताने पर टीम ने बाहर खड़े उनके साथी को भी काबू कर लिया।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान दिल्ली निवासी मीनू, उसकी ननद अनिता और दीपू के रूप में हुई है। पूछताछ में पता चला कि वे करनाल की एक महिला को अच्छी परवरिश का वायदा कर बच्चे को लेकर आए थे। आरोपियों ने कुछ दिन पहले दिल्ली में भी एक बच्चे को बेचने की बात स्वीकार की है।

# बुजुर्गों से लूटपाट करने वाले चार बदमाश गिरफ्तार


लूटपाट करने के आरोप में गिरफ्तार मनोज, रामविलास, संतोष और अमित।

**29 अगस्त को मेट्रो मोड़ पर लूटे थे एक लाख रुपये**

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**क्राइम** ब्रांच 48 प्रभारी राकेश सिंह की टीम ने बुजुर्ग व्यक्तियों को निशाना बनाकर लूटपाट करने वाले गिरोह के चार आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आरोपियों में मनोज उर्फ विक्रम, रामविलास, संतोष तथा अमित का नाम शामिल है। आरोपी रामविलास, संतोष तथा अमित उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले के दूल्हेपुर गांव के रहने वाले हैं वहीं आरोपी मनोज गोंडा जिले के गांव का रहने वाला है। आरोपी बहुत ही शातिर किस्म के अपराधी हैं जो बिना मेहनत किए पैसे कमाने के लालच में आकर लूट व चोरी की वारदात को अंजाम देते हैं। आरोपी बैंक से रुपये निकालने वाले बुजुर्गों का पीछा करके उन्हें अपना शिकार बनाते हैं और मौका देखकर बुजुर्गों के पैसे छीनकर भाग जाते हैं। 29 अगस्त को कोतवाली थाने एरिया से आरोपियों ने इसी प्रकार एक बुजुर्ग के साथ एक लाख रुपये की लूट की वारदात को अंजाम दिया था। पीड़ित की शिकायत पर कोतवाली थाने में मुकदमा दर्ज करके आरोपियों की तलाश शुरू की गई। क्राइम ब्रांच की टीम ने मामले में आगे कार्रवाई करते हुए मामले में शामिल चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी फिर से किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे थे जिन्हें क्राइम ब्रांच की टीम ने लेजर वैली पार्क के पास से गिरफ्तार किया। आरोपियों ने बताया कि बुजुर्ग व्यक्तियों से लूटपाट करना सबसे आसान होता है। बुजुर्ग व्यक्ति ना ही किसी के पीछे भाग सकता है और ना ही ज्यादा विरोध कर सकता है। आरोपी बैंक में अकेले जाने वाले बुजुर्गों या एटीएम से पैसे निकालने वाले वरिष्ठ नागरिकों की ताक में रहते हैं।

# प्रतियोगिता में सेक्टर 55 के सरकारी स्कूल ने मारी बाजी



**फरीदाबाद।** रोल प्ले और समूह नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन नेशनल एजुकेशन ऑफ काउंसिल एंड रिसर्स ट्रेनिंग और स्टेट एजुकेशन ऑफ काउंसिल एंड रिसर्स ट्रेनिंग गुड़गांव की ओर से किया गया। सेक्टर-3 के स्कूल में हुए बल्लभगढ़ खंड की प्रतियोगिता में सेक्टर-55 के राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल की टीम ने बाजी मारी।

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पाली के तत्वाधान में लोक नृत्य और रोल प्ले प्रतियोगिताओं का आयोजन किया, जिसमें संस्थान के प्राचार्य राजेश कुमार मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित हुए। अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी सतीश कुमार ने की। उन्होंने बच्चों को जीवन कौशल के रूप में भारतीय महान संस्कृति को अपनाने के लिए प्रेरित किया। नोडल अधिकारी जलवंत सिंह ने बताया कि खंड स्तरीय समारोह में कुल 17 टीमों के रूप में 88 विद्यार्थियों ने लिया। निर्णायक की भूमिका में साहित्य और संस्कृति में प्रवीण वरिष्ठ प्रवक्ता डॉक्टर सीमा शर्मा, संगीत अध्यापक पुष्पा रानी और साहित्य की मनुस्मृति रहे। लोक नृत्य प्रतियोगिता में राजकीय मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल सेक्टर 55 ने पहला स्थान प्राप्त किया।

# तिगांव विधानसभा क्षेत्र में चल रही है शिक्षा की क्रांति : राजेश नागर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


गांव फरीदपुर में नवनिर्मित भवन का उद्घाटन करते तिगांव के विधायक राजेश नागर।

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल के आशीर्वाद से तिगांव विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा की क्रांति चल रही है, जिसका लाभ लोगों को बड़ी संख्या में प्राप्त हो रहा है। यह बात तिगांव से भाजपा विधायक राजेश नागर ने फरीदपुर के विद्यालय की नवनिर्मित इमारत के उद्घाटन अवसर पर कही।

फरीदपुर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के नवनिर्मित भवन के उद्घाटन अवसर पर हवन का आयोजन किया। बतौर मुख्य अतिथि तिगांव विधायक राजेश नागर ने रिबन काटकर नवनिर्मित इमारत का शुभारंभ किया और मंत्रोच्चारण के साथ हवन में भागीदारी की। इमारत के निर्माण पर चार करोड़ 70 लाख रुपये की लागत आयी है। मंच संचालन कवि व गीतकार रविंद्र नागर ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ हुआ।

विधायक नागर ने कहा कि भाजपा सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम गढ़े हैं। अकेले तिगांव विधानसभा में सेहतपुर, सराय ख्वाजा, तिगांव में लड़कियों के स्कूल में तथा अन्य कई स्कूलों में करोड़ों रुपये की लागत से इमारतों का निर्माण कराने की मंजूरी मिल चुकी है। तिगांव में प्रदेश की पहली मॉडल आईटीआई का निर्माण पूर्ण हो चुका है। हमारा प्रयास है कि क्षेत्र में अधिक से अधिक सीबीएसई मॉडल संस्कृति स्कूल बनाए जाएं। नागर ने कहा कि तिगांव क्षेत्र के बच्चों को अच्छी सुविधाओं युक्त विद्यालय देने की दिशा में हम प्रयासरत हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल और शिक्षा मंत्री कंवर पाल का पूर्ण सहयोग मिल रहा है। नागर ने कहा कि उनकी सरकार में पारदर्शिता के साथ सभी कार्य किए जा रहे हैं। वहीं स्कूलों के लिए बनाए जा रहे भवन उच्च कोटि के हैं। डीपीसी आनंद सिंह, डॉ मनोज मित्तल खंड शिक्षा अधिकारी , ठेकेदार विनय चौधरी, एसडीओ दत्तात्रेय, प्रधानाचार्य रंजना मेहता, प्रधानाचार्य सुलक्षणा आदि मौजूद थे।

## ताईक्वांडो में कृष्ण बृजपाल और प्रिंस बने विजेता

**फरीदाबाद।** स्कूल फेडरेशन गेम्स आफ इंडिया के जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता दूसरे दिन भी जारी रही। विभिन्न खेलों में खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह के साथ पदक जीतकर प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता के लिए जगह बनाई। ताईक्वांडो में अंडर-14 आयु वर्ग में कृष्ण कुमार ने गोल्ड, बृजपाल ने सिल्वर और प्रिंस ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। सहायक शिक्षा अधिकारी (खेल) हरबीर सिंह अधाना ने बताया कि दरअसल यह प्रतियोगिता सेक्टर-12 खेल परिसर सहित अन्य प्राइवेट स्कूलों में कराई जा रही है।

सेंट जॉनस स्कूल में आयोजित खो-खो के मुकाबले में अंडर-19 में लड़कों की टीम में खंदावली सरकारी स्कूल की टीम पहले स्थान पर रही। कॉरमल कॉन्वेंट स्कूल की टीम दूसरे स्थान पर रही। अंडर-17 में डीएवी एनटीपीसी मुजेड़ी की टीम पहले और खंदावली गांव की टीम दूसरे स्थान पर रही।

# केंद्रीय राज्यमंत्री ने पीएनजी लाइन के काम किया शुभारम्भ

**जल्द ही ग्रीन फील्ड कॉलोनी में बिजली सब स्टेशन का निर्माण कराया जाएगा**

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


ग्रीन फील्ड कॉलोनी में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर।

**केंद्रीय** ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने शुक्रवार को फरीदाबाद ग्रीन फील्ड कॉलोनी में 25 करोड़ की लागत से बनने वाली पीएनजी गैस पाइप डालने के काम का विधिवत तरीके से नारियल तुड़वाकर शुभारम्भ किया।

केंद्रीय मंत्री ने कहाकि यहां पीएनजी गैस पाइप लाइन डालने का काम शुरू किया जा रहा है। ग्रीन फील्ड आज एक बहुत डेवलप कॉलोनी हो गई है। 2014 से पहले फरीदाबाद की क्या स्थिति थी और आज क्या स्थिति है इसका अवलोकन आप स्वयं कर सकते हैं। जो काम फरीदाबाद में पिछले 50 सालों में नहीं हुए वही काम मोदी जी और मनोहर जी के आने के बाद पिछले आठ सालों में हुए हैं। सड़कें, बिजली, हाईवे, पार्क, स्टेडियम, यूनिवर्सिटी, महिला विश्वविद्यालय, यमुना-आगरा कैनाल पर पुल और फरीदाबाद आज एक ऐसा शहर है जहां 500 मीटर के फासले पर दो-दो हाईवे हैं। आज पूरे फरीदाबाद नहीं पूरे देश के इंफ्रास्ट्रक्चर में परिवर्तन आया है क्योंकि देश की बागडोर एक ऐसे व्यक्ति के हाथ में है जिसने संकल्प लिया है कि मेरे लिए देश पहले है बाकि सब बाद में। वही दूसरी पार्टियों के लिए पहले नंबर पर उनका परिवार है। हम देश के लिए संघर्ष करते हैं और दूसरे दल अपने परिवारों के लिए।

उन्होंने कहा कि जल्द ही 66 करोड़ की लागत से यहां पर बिजली सब स्टेशन का निर्माण कराया जाएगा इसके अलावा 5 करोड़ की लागत से यहां सितंबर माह के अंत तक आरएमसी रोड को बनाने का कार्य भी शुरू किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनपद को कर्तव्य पद का नाम दिया है ताकि जब भी कोई वहां से जाए तो उसको यह एहसास हो कि हमको अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों का पालन भी करना है।

# आकर्षक और अनूठे डिजाइन में एयरक्रॉस एसयूवी होगी लॉन्च

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सिट्रोन** इंडिया द्वारा आईएनआर 36,67,000 रुपये (एक्स-शोरूम दिल्ली) की एक विशेष प्रारंभिक कीमत पर नई सी5 एयरक्रॉस एसयूवी के लॉन्च की घोषणा की गई है। नई सी5 एयरक्रॉस एसयूवी को शानदार तरीके से डिजाइन किया है, जो इसे अधिक विशिष्ट, आधुनिक और गतिशील बनाती है।

2021 में भारत में शानदार शुरुआत के बाद से, सी5 एयरक्रॉस एसयूवी को अपनी श्रेणी की सबसे कम्फर्टेबल और मॉड्यूलर एसयूवी के रूप में पहचान मिली है। कार अब अपने 2022 अवतार में और भी अधिक आकर्षक और गतिशील रूप ले चुकी है। बेमिसाल रंगों के साथ इसके इंटीरियर मटेरियल्स एक-दूसरे के पूरक हैं, जो एसयूवी के कम्फर्ट और स्पेशियसनेस को मजबूत करते हैं। सिट्रोन डीएनए के कम्फर्ट पार्ट के एक प्रमुख मॉडल के रूप में, नई सी5 एयरक्रॉस एसयूवी में वो सभी विशेषताएं हैं, जो इसे अपने सेगमेंट में अलग बनाती हैं, साथ ही उपयोग में आसानी पर ध्यान केंद्रित कर बेहतर अनुभव प्रदान करती हैं। सिट्रोन के लिए एक्सक्लूसिव प्रोग्रेसिव हाइड्रॉलिक कुशन्स सस्पेंशन, सड़क में खामियों का आभास करता है, और यह सुनिश्चित करता है कि यात्री वास्तविक फ्लाइंग कार्पेट इफेक्ट और कम्फर्ट के साथ यात्रा करें।

अपने सेगमेंट में एकमात्र एसयूवी ही है, जो तीन अलग-अलग स्लाइडिंग, रिक्लाइनिंग और रिट्रेक्टेबल रियर सीट्स की पेशकश करती है, जो वास्तविक एसयूवी में कैरियर-लेवल मॉड्यूलरिटी का आनंद प्रदान करते हैं। बूट वॉल्यूम सेगमेंट के लिए एक रिकॉर्ड 580 एल से 1630 एल तक है। इसमें आवाज से संबंधित विशेषताओं पर विशेष ध्यान दिया है, जिसमें एकॉस्टिक लैमिनेटेड फ्रंट विंडो का विकल्प शामिल है, जो कार के भीतर कोकून इफेक्ट को बढ़ाता है। नई सिट्रोन सी5 एयरक्रॉस एसयूवी अब 19 शहरों, अर्थात् नई दिल्ली, गुड़गांव, मुंबई, पुणे, अहमदाबाद, कोलकाता, बैंगलोर, हैदराबाद, कोच्चि, चेन्नई, चंडीगढ़, जयपुर, लखनऊ, भुवनेश्वर, सूरत, नागपुर, विजाग, कालीकट और कोयंबटूर में 20 ला मैसन सिट्रोन फिजिटल शोरूम में रिटेल के लिए उपलब्ध है।

# वित्त मंत्री करेंगी समिट के 15वें संस्करण का उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**वित्त** मंत्री एवं बाहरी मामलों की निर्मला सीतारमन माइंडमाइन समिट के 2022 संस्करण का उद्घाटन करेंगी। यह माइंडमाइन इंस्टिट्यूट का प्रमुख राष्ट्रीय आयोजन है, जिसे हीरो एंटरप्राइज द्वारा प्रमोट किया जाता है। 13 और 14 सितंबर, 2022 को हयात रीजेंसी, नई दिल्ली में आयोजित होने जा रहे इस समिट में थीम 'रिपर्पजिंग इंडिया' पर विभिन्न कार्यक्षेत्रों में विचार-विमर्श किया जाएगा।


माइंडमाइन 2022 में महामारी के बाद फिर से खड़े हो रहे नये भारत की चुनौतियों पर रोशनी डाली जाएगी। वह सवाल, जो विश्व के आगामी सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य को लेकर उठ रहे हैं। रिपर्पजिंग इंडिया 2022 में संवादपरक सामूहिक चर्चाएं और इस पर प्रत्यक्ष रूप से विचारों का आदान-प्रदान होगा कि भारत भूराजनैतिक स्थिति में बदलाव, प्रभावशाली आकस्मिक घटनाओं (ब्लैक स्वान घटनाओं), जलवायु परिवर्तन, नये युग के कौशल, सांस्कृतिक बदलावों, ग्रामीण कायाकल्प और तीव्र शहरीकरण के बीच क्या अपेक्षा कर सकता है। इस समिट में व्यवसाय परिचालन के सीमित होने और कमोडिटीज की कमी का वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला पर प्रभाव को भी एक्स्प्लोर किया जाएगा, स्टार्ट-अप्स द्वारा बनाये जा रहे नवाचार के पारितंत्र को परखा जाएगा और उन उद्योगों की क्षमता को मापा जाएगा, जो एक नये युग की ओर बढ़ने में भारत की सहायता कर सकते हैं।

माइंडमाइन समिट के 15वें संस्करण की घोषणा करते हुए, हीरो एंटरप्राइज के चेयरमैन सुनील कांत मुंजाल ने कहा, इस साल की थीम को चुनते समय काफी विचार किया गया था। हमें अहसास हुआ कि पिछले दो साल में जमीनी स्तर पर कितना बदलाव हुआ है; और हमें अपने बोध को नये रूप में ढालने और नागरिकों, संस्थाओं तथा देश के तौर पर अपनी अपेक्षाओं में सुधार की जरूरत क्यों है। इसलिये इस साल की समिट का नाम पोस्ट पैंडेमिक रिपर्पजिंग इंडिया! रखा गया है। 13 और 14 सितंबर, 2022 को हयात रीजेंसी, नई दिल्ली में आयोजित होने जा रहे इस समिट में थीम 'रिपर्पजिंग इंडिया' पर विभिन्न कार्यक्षेत्रों में विचार-विमर्श किया जाएगा, इस पर बहस होगी और इसके बारे में समझा जाएगा। रिपर्पजिंग इंडिया! में भारत सरकार के प्रधान आर्थिक सलाहकार डॉ. अनंत नागेश्वरन, 'द कश्मीर फाइल्स' के निर्देशक विवेक अग्निहोत्री, टाटा स्टील के एमडी एवं सीईओ टीवी नरेन्द्रन, टीवीएस कैपिटल फंड्स के चेयरमैन एवं एमडी गोपाल श्रीनिवासन, टाटा केमिकल्स के एमडी एवं सीईओ आर. मुकुंदन, अपोलो हॉस्पिटल्स की एक्जीक्यूटिव वाइस चेयरमैन डॉ. प्रीथा रेड्डी, ब्रह्मा कुमारी की सिस्टर शिवानी, डब्ल्यूटीओ जेनेवा के डायरेक्टर शिशिर प्रियदर्शी, आईबीएम इंडिया के एमडी संदीप पटेल, डीएचएल एक्सप्रेस इंडिया के एमडी आरएस सुब्रमण्यन, कार्नेजी मेलन्स स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग के प्रोफेसर विवेक वाधवा, मणिपाल एज्युकेशन के चेयरमैन टीवी मोहनदास पई, इंफोएज के फाउंडर संजीन बिखचंदानी, टीच फॉर इंडिया की फाउंडर एवं सीईओ शाहीन मिस्त्री, पैनासोनिक इंडिया के चेयरमैन एवं सीईओ मनीष शर्मा, आदि इस प सामूहिक चर्चाएं करेंगे।

## कर्तव्य पथ

### प्रेरणादायक कदम

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को परिवर्तित सेंट्रल विस्टा स्थल तथा पुराने राजपथ के स्थान पर बने 'कर्तव्य पथ' का उद्घाटन किया। यह परियोजना महत्वाकांक्षी तथा बहुत तेजी से आगे बढ़ने वाले भारत का प्रतीक है। प्रधानमंत्री मोदी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 28 फीट ऊंची काले ग्रेनाइट की मूर्ति का भी अनावरण किया जिसे इंडिया गेट की छतरी के नीचे लगाया गया है। नेताजी की मूर्ति को भारत की सबसे ऊंची, यथार्थपरक, मोनोलिथिक व हस्तनिर्मित मूर्तियों में शामिल किया गया है। अरुण योगीराज ने मूर्तिकारों के एक समूह का नेतृत्व कर परंपरागत तकनीक व आधुनिक औजारों का प्रयोग कर यह मूर्ति बनाई है। इसे 280 टन के ब्लाक से तराश कर बनाया गया है। प्रधानमंत्री के लिए नेताजी की मूर्ति लगाना एक पुरानी गलती ठीक करना है जिसके चलते महान स्वतंत्रता सेनानी को स्वतंत्रता के बाद अनदेखा किया गया था। मोदी ने कहा, 'यदि स्वतंत्रता के बाद भारत सुभाष बाबू के बताए रास्ते पर चलता तो आज देश बहुत ऊंचाई पर होता। लेकिन दुर्भाग्य से हमारे महान नायक को स्वतंत्रता के बाद भुला दिया गया। उनके दृष्टिकोण तथा उनसे जुड़े प्रतीकों को भी अनदेखा किया गया।' उन्होंने इस बात की ओर संकेत किया कि नेताजी अखंड भारत के पहले प्रधानमंत्री थे जिन्होंने 1947 के पहले ही अंडमान को आजाद करा कर वहां तिरंगा फहरा दिया था। इतने महत्वपूर्ण स्थल पर नेताजी की मूर्ति निश्चित रूप से लोगों को असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग व बलिदान की याद दिलाएगी। इससे लोगों को उन चुनौतियों से निपटने की प्रेरणा भी मिलेगी जिनका सामना आज देश कर रहा है ताकि भविष्य के साथ हमारा साक्षात्कार पुनर्जीवित हो सके।



राजधानी का सर्वाधिक लोकप्रिय सार्वजनिक स्थल होने के नाते सेंट्रल विस्टा वास्तव में वह स्थल बनेगा जहां आम जनता और भारतीय राज्य का मिलन होगा। विजय चौक से ऐतिहासिक इंडिया गेट तक फैले इस विस्टा में लाल ग्रेनाइट के पैदल पथ बनाए गए हैं जिनकी कुल लंबाई 1.1 लाख वर्ग मीटर है और जो हरियाली से घिरे हैं। यहां 133 बिजली के खंभे, 4,087 पेड़, 114 साइनपोस्ट व सीढ़ीदार बाग हैं। ये कर्तव्य पथ की शान बढ़ाएंगे जिसे पहले राजपथ कहा जाता था। अपने भाषण में मोदी ने नाम-परिवर्तन का उचित ठहराते हुए कहा कि 'राजपथ' शब्द औपनिवेशिक मानसिकता का प्रतीक है और यह देश की सेवा करने वालों के कर्तव्य से असंगत है। विस्टा का उद्घाटन करने से पहले मोदी ने इसे बनाने वाले कामगारों से भी बातचीत की। उन्होंने न केवल अपने भाषण में उनकी प्रशंसा की, बल्कि यह घोषणा भी की कि वे अगली गणतंत्र दिवस परेड में उनको सपरिवार आमंत्रित करेंगे। मोदी ने ठीक ही कहा है कि कर्तव्य पथ केवल ईंटों व पत्थरों का बना नहीं है, बल्कि 'यह भारत के जीवन्त लोकतांत्रिक अतीत तथा सर्वकालिक मूल्यों का मार्ग भी है।' उन्होंने रेखांकित किया कि औपनिवेशिक अतीत की भद्दी विरासतों को कैसे खारिज किया गया है तथा ब्रिटिश काल के सैकड़ों कानूनों से मुक्ति पाई गई है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति भी विदेशी भाषा का बोझ उतारने का उसी प्रकार प्रयास कर रही है जिस प्रकार सेंट्रल विस्टा से अनेक औपनिवेशिक प्रतीकों को हटाया गया है। सेंट्रल विस्टा की डिजाइन ही लोगों तथा सरकारी कर्मचारियों-अधिकारियों को निकट लाती है। उम्मीद की जाती है कि यह निकटता सरकार के कामकाज में दिखेगी तथा जनता की महत्वाकांक्षायें संसद में दिखेंगी तथा उसकी नीतियों तथा निर्णय प्रक्रिया से अभिव्यक्त होंगी। केवल ऐसा करने से ही सुशासन के नए द्वार खुलेंगे।

# ई-सिगरेट पर प्रतिबंध की प्रभावशीलता

भारत को समझना चाहिए कि तुलनात्मक रूप से नुकसान कम करना उचित उद्देश्य है और यह काम हर हालत में किया जाना चाहिए।



**शांतनु गुहा रे**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)



अगले महीने उस घटना के तीन साल हो जाएंगे जब भारत ने संकुचित दृष्टिकोण से त्वरित प्रतिक्रिया के रूप में वैपिंग पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय किया था, लेकिन इसका क्रियान्वयन लगातार निष्प्रभावी व जन-विरोधी बना हुआ है तथा इसने वास्तव में लाभ के बजाय नुकसान ज्यादा किया है। भारत जैसे एक अरब से अधिक जनसंख्या वाले देश में स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय को तंबाकू प्रयोग से जुड़े जोखिम घटा कर मानवीय व आर्थिक नुकसान घटाने का प्रयास करना चाहिए। मंत्रालय के सर्वोच्च अधिकारियों को समझ लेना चाहिए था कि यह प्रतिबंध निरर्थक है तथा इसे हटाना एक प्रकार की जरूरत है। इसे कभी 'बुरी आदत' के रूप में स्वीकार करना भी गलत होगा और ऐसा नहीं किया जाना चाहिए। भारत को वास्तव में इसके विस्तार को रोकने के लिए सुरक्षा उपाय करते समय मानवीय व जोखिम को देखते हुए नियमनों पर विचार करना चाहिए। हालांकि, दुनिया इस दिशा में सही कदम उठा रही है, पर भारत में पिछले तीन साल में कुछ खास नहीं हुआ है। दु:ख की बात है कि भारत बदला नहीं है और इस मामले में जरा भी नहीं।

आखिर क्या हो रहा है? आंकड़े बिल्कुल उत्साहवर्धक नहीं हैं। भारतीयों पर तंबाकू का भारी बोझ है। इससे भी बुरी बात है कि लगभग एक तिहाई जनसंख्या तंबाकू के किसी न किसी रूप पर निर्भर है। इसके कारण हर साल लगभग 14 लाख लोगों की मौत होती है जो रांची या जबलपुर की कुल जनसंख्या के बराबर है। विश्व स्वास्थ्य संगठन-डब्लूएचओ के अनुसार 35 साल या उससे अधिक आयु वाले लोगों में तंबाकू प्रयोग संबंधी बीमारियों के कारण हर साल 27.5 बिलियन डालर का भारी नुकसान होता है। ऐसे असंख्य कानून हैं जिनका प्रयोग कर स्वास्थ्य मंत्रालय ने लोगों को धूम्रपान से हतोत्साहित करने या उसे रोकने का प्रयास किया है। लेकिन इस मामले में सर्वाधिक विवादास्पद वैपिंग उद्योग पर प्रतिबंध लगाने का अतार्किक निर्णय है।

इसलिए भारत को यह समझने की आवश्यकता है कि दुनिया भर में उपलब्ध कुछ ठोस स्थापित व बढ़ रहे वैज्ञानिक प्रमाणों के बावजूद उससे कहां गलती हो रही है। इन प्रमाणों के अनुसार वैपिंग धूम्रपान की तुलना में काफी कम हानिकारक है क्योंकि मूलत: इसमें दहन प्रक्रिया नहीं होती है जो स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव के मामले में प्रमुख भूमिका निभाता है। वैपिंग में एक उपकरण का प्रयोग होता है जो निकोटीन-मिश्रित द्रव का वाष्पीकरण करता है जिसे प्रयोगकर्ता सांस से भीतर लेता है। हालांकि, यह जोखिम रहित नहीं है, पर वैपिंग पर प्रमाण इसका खुलासा नहीं करते हैं। वे केवल इतना बताते हैं कि सिगरेट पीने वाले यदि वैपिंग करने लगें तो इसके नकारात्मक परिणाम बहुत कम होंगे और वे तुलनात्मक रूप से लंबा व स्वस्थ जीवन जी सकेंगे। यह बहुत महत्वपूर्ण वैज्ञानिक प्रमाण है जिसे भारत लगातार अनदेखा करता रहा है और वह इस बारे में दुष्प्रचार पर ज्यादा ध्यान देता है। तंबाकू शोध पर विश्व की प्रमुख संस्था सोसाइटी फार रिसर्च आन निकोटीन एंड टोबैको-एसआरएनटी ने स्पष्ट रूप से कहा है कि वैपिंग धूम्रपान का कम हानिकारक विकल्प है और इसे धूम्रपान रोकने के प्रभावी उपकरण की तरह प्रयोग किया जा सकता है।

दुनिया में उपलब्ध वैज्ञानिक आंकड़ों के बाद की गई समीक्षा में एसआरएनटी के 15 पूर्व अध्यक्षों ने भाग लिया जो सभी प्रख्यात वैज्ञानिक हैं। आप यह कह कर उनके विचारों को खारिज नहीं कर सकते हैं कि वे इस विषय के बारे में कुछ नहीं जानते हैं। समीक्षा में कहा गया था कि वर्तमान धूम्रपान करने वालों को अपनी आदत बदलने के लिए प्रोत्साहित करना नीतियों के न्यायोचित व संवेदनशील मिश्रण से संभव है जिनका प्रयोग दुनिया भर में तंबाकू का प्रसार रोकने के लिए किया जा रहा है। दुनिया भर में हुए क्लीनिकल परीक्षणों से स्पष्ट होता है कि वैपिंग का असली लाभ धूम्रपान की दर में कम लाना है और यह परंपरागत निकोटीन रिप्लेसमेंट उपायों, जैसे गम व पैचेज़ की तुलना में लगभग दूनी प्रभावी है। दुनिया भर में वैपिंग के प्रसार से जलने वाली सिगरेटों की बिक्री में कमी भी सामने आई है। संक्षेप में कहा जाए तो स्पष्ट है कि यह धूम्रपान रोकने की प्रभावी तकनीक है।

ब्रिटेन जैसे देश में धूम्रपान करने वालों को वैपिंग की सलाह दी जाती है। ब्रिटेन की राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा-एनएचएस ने स्पष्ट रूप से कहा है कि अधिकांश धूम्रपान करने वालों को वैपिंग के तुलनात्मक रूप से कम जोखिम के बारे में गलत सूचनायें दी गई हैं। अत: भारत को वैज्ञानिक रूप से उचित सार्वजनिक स्वास्थ्य संप्रेषण पर जोर देना चाहिए। लेकिन भारत में तंबाकू पर बड़ी बहस में प्रभावी संप्रेषण तथा निष्प्रभावी गैर-संप्रेषण के बीच भ्रम पैदा हो जाता है। इसलिए नियमों पर पुन: ध्यान देने की जरूरत है। यदि आप धूम्रपान नहीं करते हैं तो किसी भी निकोटीन-उपस्थिति वाले उत्पाद से बचें। यह बहुत सरल है। लेकिन यदि आप धूम्रपान छोड़ना चाहते हैं तथा निकोटीन प्रयोग के खिलाफ संघर्ष कर रहे हैं तो आप उपलब्ध कम हानिकारक विकल्पों, जैसे वैपिंग, स्नस या हीटेड टोबैको को अपना सकते हैं। इसलिए समय की आवश्यकता जलने वाली तंबाकू प्रयोग तथा निकोटीन प्रयोग के बीच अंतर करना है क्योंकि वर्तमान विश्वास के उलट इससे कैंसर नहीं होता है। अन्य देशों की तरह भारत को भी तंबाकू प्रयोग को एक नैतिक समस्या की तरह देखना चाहिए। इसे समझने तथा इस पर निर्भरता के ढांचे पर गौर करना जरूरी है।

भारत में तंबाकू पर बहस को एक निष्पक्ष व वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। नौकरशाहों को यह बात समझनी चाहिए। भारत अभी इसे नहीं समझ रहा है। दुनिया के दूसरे सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश में 'ऊपर से नीचे' हस्तक्षेप वाला दृष्टिकोण अपनाया गया है जो नियमों के माध्यम से जबरन व्यवहार-परिवर्तन चाहता है। यह कारगर नहीं है और होगा भी नहीं। वास्तव में इसके कारण लाभ से अधिक नुकसान होता है क्योंकि लोग प्रतिबंध को तोड़ने के लिए ज्यादा खतरनाक व्यवहार अपना सकते हैं जिनमें सस्ते उत्पाद या काला-बाजार में उपलब्ध उत्पाद खरीदना शामिल है। स्वास्थ्य मंत्रालय के नौकरशाहों को समझना चाहिए कि समय की आवश्यकता धूम्रपान करने वालों को नीतियां बनाते समय केन्द्र में रखना होगा। भारत ने विभिन्न पक्षों से विचार-विमर्श किए बिना प्रतिबंध लागू किया। विचार-विमर्श होना चाहिए क्योंकि केवल उसी स्थिति में वैपिंग उद्योग स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारियों को बता सकता है कि सुरक्षित विकल्प दे कर वे कैसे धूम्रपान करने वालों की सहायता कर रहे हैं। भारत को खासकर अपने अध्ययन वैपिंग ई-लिक्विड के बारे में करने चाहिए ताकि संभावित नुकसानों का पता लगा कर नीति निर्माण को दिशा दी जा सके तथा मानक निर्धारित किए जा सकें। दु:ख है कि भारत में धुंआ-रहित तंबाकू के लिए ऐसे मानक नहीं हैं। कुल मिला कर तर्क क्या है? क्या तत्वों की उपस्थिति ही हानि का संकेत है। वैसे भी दवाओं समेत रोजमर्रा प्रयोग वाली अनेक वस्तुओं में अनेक जहरीले घटक होते हैं, पर उनको निर्धारित सीमा के भीतर रखा जाता है। भारत को उस अध्ययन की भी जानकारी है जिसके अनुसार वैपिंग के कारण होने वाली विषाक्तता वायु प्रदूषण की तुलना में कम हानिकारक है। हर साल द्वितीयक या निष्क्रिय धूम्रपान से 8,00,000 लोग मरते हैं। ऐसे में वैपिंग तकनीक भविष्य में और सुरक्षित सिद्ध हो सकती है तथा यह धूम्रपान के कारण होने वाली जनहानि में कमी लाकर इस स्थिति को उलट भी सकती है।

भारत में निकोटीन व इसकी विषाक्तता पर बहस समुचित तरीके से नहीं हो रही है। कोई नहीं जानता कि वैश्विक प्रभाव के बावजूद भारत में चिकित्सा पेशेवर निकोटीन के दुष्प्रभावों के बारे में समुचित सूचनाओं से वंचित क्यों हैं। अध्ययनों से पता चला है कि अनेक चिकित्सकों ने गलती से विश्वास कर लिया है कि निकोटीन के कारण कैंसर तथा हृदय व श्वसन रोग होते हैं। स्पष्ट होना चाहिए कि भले ही आदत पैदा करे, पर निकोटिन कैंसरकारक नहीं है। इसलिए भारत को निकोटीन को धूम्रपान से अलग करना चाहिए क्योंकि तुलनात्मक रूप से इसका जोखिम कम है। निकोटीन 'फार्मास्यूटिकल सीजेशन थिरेपीज़' का हिस्सा है जिसे डब्लूएचओ आवश्यक औषधियों की सूची में शामिल कर इसके दीर्घकालीन प्रयोग की संस्तुति कर सकता है।

भारत को समझना चाहिए कि तुलनात्मक रूप से हानि कम करना एक उचित उद्देश्य है और इसे हर कीमत पर लागू करना चाहिए। वैश्विक प्रमाणों से स्पष्ट है कि ई-सिगरेट प्रयोग धूम्रपान प्रयोग छोड़ने में सहायक हो सकती है। वैपिंग से वयस्क धूम्रपान में कमी आएगी तथा इससे मृत्यु दर घट सकती है। इसका अर्थ है कि इससे लाखों भारतीय धूम्रपान करने वालों की जल्द ही लगभग निश्चित मृत्यु की तुलना में दीर्घकालीन जीवन संभव हो सकता है।

# भारत-बांग्लादेश संबंधों में 'सीपा' की भूमिका

> एक मुक्त व्यापार समझौते के विपरीत 'सीपा' दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए नए युग का उपकरण है।

**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)



बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना अपनी सरकार के कई वरिष्ठ मंत्रियों के साथ इस सप्ताह नई दिल्ली के चार दिवसीय दौरे पर थीं। भारत और बांग्लादेश अब अपने द्विपक्षीय संबंधों के %शोनाली अध्याय% (शाब्दिक रूप से अनुवादित स्वर्णिम चरण) में हैं, और इस यात्रा का परिणाम आगे की यात्रा तय करेगा। भारत और बांग्लादेश के द्विपक्षीय संबंध ढाका में महत्वपूर्ण राजनीतिक हित के हैं, जहां शेख हसीना चौथी बार फिर से चुनाव लड़ेंगी। शेख हसीना का व्यक्तिगत रूप से भारत के लिए एक आत्मीयता है, क्योंकि उसने अपने पिता शेख मुजीबुर रहमान की सैन्य तख्तापलट में हत्या के बाद दिल्ली में शरण ली थी। यहीं पर उन्होंने भारत के दिवंगत राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी को अपने पंखों के नीचे ले लिया और उनके अभिभावक के रूप में कार्य करते हुए पाया।

शेख हसीना के बांग्लादेश में शीर्ष नेतृत्व की स्थिति में पिछले लगभग दो दशकों में एक चतुर नेता के रूप में परिपक्व होने के साथ मिलनसार की भावना जारी है। बांग्लादेश में उनका निरंतर नेतृत्व चरमपंथी इस्लामी उग्रवाद को रोकने के उनके प्रयासों और भारत विरोधी तत्वों को आश्रय प्रदान करने से उनकी सरकार के इनकार के कारण भारत के लिए सर्वोत्तम हित में होगा।

भू-राजनीतिक प्रतिकूलताओं और इस क्षेत्र में उभर रहे चीन से उभरते खतरों को देखते हुए यह अधिक महत्व रखता है। पिछले हफ्ते ढाका में चीनी विदेश मंत्री ने खुद को बांग्लादेश के लिए प्रमुख रणनीतिक साझेदार के रूप में रखा था।

बांग्लादेश ने हाल ही में अपनी अर्थव्यवस्था के प्रबंधन के लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से 4.5 अरब डॉलर का ऋण मांगा है।



आईएमएफ जिस तरह से इन ऋणों को मंजूरी देता है, उसमें चीन का बहुत बड़ा हाथ है। अनौपचारिक रूप से, आईएमएफ चीन जैसे अपने प्रमुख सदस्यों को अनुमोदन प्रदान करने से पहले संबंधित देशों के साथ द्विपक्षीय रूप से ऋण की शर्तों को निपटाने के लिए प्रोत्साहित करता है। यह संभावित रूप से चीन के साथ व्यवहार करते समय बांग्लादेश के हाथ को सीमित कर सकता है, हालांकि उन्होंने यह सुनिश्चित किया है कि वे चीन से ऋण लेते समय सतर्क रहेंगे। भारत-बांग्लादेश संबंधों को तेजी से आगे बढ़ाना और गहरा करना भारत के हित में है। इस साल मार्च में, भारत-बांग्लादेश हितधारक बैठक में बोलते हुए, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा, "भारत बांग्लादेश के साथ व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) को आगे बढ़ाना चाहता है।"

सीईपीए दो देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए नए युग का उपकरण है। एक मुक्त व्यापार समझौते के विपरीत, जो आम तौर पर माल के व्यापार पर अधिक केंद्रित रहा है और विश्व व्यापार संगठन द्वारा परिभाषित सीमा को स्पष्ट करना है, एक सीईपीए एक अधिक व्यापक आर्थिक ढांचा है। सीईपीए में सेवाओं में व्यापार, एक-दूसरे के बाजारों में मानकों की पारस्परिक मान्यता, सरकारी खरीद और कनेक्टिविटी संबंधी चुनौतियों से संबंधित मुद्दों को हल करने के लिए तंत्र हैं। भारत ने हाल ही में संयुक्त अरब अमीरात के साथ सीईपीए पर हस्ताक्षर किए हैं, जबकि इससे पहले उसने जापान के साथ इसी तरह के समझौते किए हैं और दक्षिण कोरिया। बांग्लादेश से शीर्ष निर्यात में से एक कपड़ा और परिधान है, जो मुख्य रूप से पश्चिमी देशों को भेजे जाते हैं। हालाँकि, भौगोलिक निकटता और ऐतिहासिक कारणों से बांग्लादेश के अधिकांश कच्चे माल भारत से भेजे जाते हैं। भारत के पूर्वोत्तर से प्रस्तावित सड़क और रेलवे मार्ग, बांग्लादेश से गुजरते हुए, भारतीय मुख्य भूमि के साथ पूर्वोत्तर के लिए बहुत आवश्यक वैकल्पिक संपर्क प्रदान कर सकते हैं।

सीईपीए का दूसरा स्तंभ रक्षा उपकरणों का संयुक्त उत्पादन है। भले ही भारत ने इसके लिए 500 मिलियन का ऋण दिया हो, लेकिन यह वास्तव में आगे नहीं बढ़ा है। संबंधों का तीसरा पहलू आपसी व्यापार संबंधों में विविधता लाना और एडटेक, डिजिटल स्वास्थ्य, सेवाओं, इलेक्ट्रॉनिक्स और हरित ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में संभावित निवेश को देखना है। समझा जाता है कि बांग्लादेश ने सीईपीए पाठ को पहले ही हरी झंडी दे दी है, गेंद अब खेलने के लिए भारत के पाले में है।

## आप की बात

### चिंताजनक परिदृश्य

**नेचर** क्लाइमेट चेंज में छपे नए अध्ययन में ग्लेशियर विज्ञानियों ने बताया है कि भविष्य में जीवाश्म ईंधन का प्रदूषण और बढ़ती गर्मी ग्रीन लैंड के बर्फ की चादर के आयतन का 3.3 फीसद पिघला देगी। नतीजतन सागर का जल स्तर 27.4 सेंटीमीटर तक बढ़ जाएगा। वैश्विक उष्णता की वजह से बर्फ की टोपी पिघलने से धीरे-धीरे समुद्र का जलस्तर बढ़ रहा है, और साथ ही समुद्र के तापमान में भारी फेरबदल हो रहा है। पृथ्वी के समुद्रों के कुछ क्षेत्रों में गर्म जल का अर्थ है शक्तिशाली तूफानों का बनना जोकि बहुत शक्तिशाली हो सकते हैं, और गंभीर नुकसान पहुंचा सकते हैं। आशंका है कि अगली सदी तक समुद्रों का जलस्तर 2 फीट तक बढ़ जाएगा. जिसके फलस्वरूप समुद्र तट पर बसे दुनिया के सभी शहर डूब मे आजाएंगे. बड़ी गर्मी के कारण कृषि उत्पादन गड़बड़ा जाएगा. और समूचे विश्व के सामने बारिश, खाद्यान्न संकट पैदा हो जाएगा। हैरान करने वाली बात यह भी है कि दुनिया तापक्रम घटाने के लिए भरपूर प्रयास करें तब भी पूर्व में जो गर्मी अवशोषित हो चुकी है. उसके कारण ग्लेशियरों का पिघलना निरंतर जारी रहेगा। इससे बचने के लिए विश्व के सभी देश विचार करें।

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### सितम्बर माह की गर्मी

**कुछ** लोगों का कहना है की सितम्बर माह में उमस भरी गर्मी ग्लोबल वार्मिंग की वजह से है। इसका स्वरूप पिछले कुछ दशकों में काफी बदला है इसका कारण हरियाली में दिनों-दिन कमी धड़ल्ले से पेड़ काटे जाने, इमारतों की संख्या का बढ़ना ,एसी का इस्तेमाल बढ़ना। सीमेंटीकरण सड़कों से भी तापमान में वृद्धि आदि रहा है। वैज्ञानिकों ने पिछले वर्षो के वैश्विक तापमान का मासिक विश्लेषण भी किया। मौसमों में ज्यादा बदलाव यानि अधिक गर्मी के करीब पहुंचना चिंतनीय सवाल खड़े करता है। क्या मौसम के निर्धारित माह अपने माह को आगे बढ़ा रहे है। पर्यावरण विशेषज्ञों का मानना है कि पर्यावरण मे बदलाव का बुरा असर लकड़ी पर भी हो रहा है। उसकी प्रकृति बदल रही है और उससे बनने वाले वाद्ययंत्रों मे वो मधुर स्वर नहीं पायेंग, जो पहले पाते थे। पर्यावरण में बदलाव को सुधारने हेतु कारगर कदम उठाना होगा। इस हेतु वृक्षारोपण ज्यादा करे एवं हरे भरे वृक्षों को कटने ना दे ताकि वाद्ययंत्रों मे वो मधुर स्वर और ऋतु चक्र सही हो सके। पृथ्वी को बचाने के लिए कुछ तो हमें करना होगा। जलवायु पर हुए डरबन सम्मेलन में जलवायु परिवर्तन के संबध मे किसी ठोस नतीजे पर नहीं पहुच पाने से जनाक्रोश भी उभर कर सामने आया था।

– **संजय वर्मा**, मनावर

### सड़क सुरक्षा का सवाल

**यह** पत्र सड़क सुरक्षा से सम्बंधित है। जिस देश में 132000 से ज्यादा जाने अगर प्रति वर्ष सड़क दुर्घट्नाओं की वजह से जाती हों तो वहां सड़क सुरक्षा पर पहले से ही कठोर कदम उठाये जाने चाहिए थे नाकि टाटा समूह के भूतपूर्व चेयरमैन साइरस मिस्त्री की दुखद देहांत के बाद यह सब चर्चाएं करनी चाहिए। सबसे पहले कार की अगली और पिछली दोनों सीट बेल्टों के प्रयोग को अनिवार्य बना कर उसका कठोरता से पालन पूरे देश में होना चाहिए न की सिर्फ बड़े शहरों में। इसके अतिरिक्त जैसा सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कुछ महीनों पहले हर कार में 6 एयर बैग की बात की थी उसपर कर निर्माताओं के विचार लेना जरूरी है और अगर सरकार को कोई सब्सिडी देनी हो तो दे दे जिससे इन करों की बिक्री पर कोई विपरीत असर न पड़े। देश के समस्त ब्लैक स्पॉट को सुचारु रूप से ठीक किया जाए। अंत में सबसे जरूरी है की एक जिम्मेदार नागरिक की तरह हम सबको भी सड़क पर सही ढंग से अपने वाहन चलाने हैं।

– **बाल गोविंद**, सेक्टर 44, नोएडा


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया




**नगर** निगम का पैसा रोकने का दिल्ली में प्राथमिक शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधाओं पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है।

– **वी.के. सक्सेना**
दिल्ली के उप-राज्यपाल



**हमने** सैनिक कार्रवाई नहीं शुरू की है। हम इसे समाप्त करने का प्रयास कर रहे हैं।

– **व्लादीमिर पुतिन**
रूसी राष्ट्रपति



**भारत** जोड़ो यात्रा इतनी महान विरासत वाली हमारी महान पार्टी के लिए असाधारण अवसर है।

– **सोनिया गांधी**
कांग्रेस अध्यक्ष

# पूरे देश को आलोकित करने की क्षमता रखता है युवा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को जनपद गाजीपुर में स्नातकोत्तर महाविद्यालय (पीजी कॉलेज), गाजीपुर में स्थापित स्व बाबू राजेश्वर प्रसाद सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी।

मुख्यमंत्री ने पी जी कॉलेज प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि गाजीपुर जनपद में शिक्षा की अलख जगाने वाले बाबू राजेश्वर प्रसाद सिंह ने वर्ष 1957 में गाजीपुर डिग्री कॉलेज की स्थापना की। यह आज पी जी कॉलेज के रूप में लगभग 10,000 छात्र-छात्राओं की उत्तम शिक्षा के केन्द्र के रूप में पूर्वी उत्तरप्रदेश में गाजीपुर जनपद के लिए शिक्षा का एक स्तम्भ बना हुआ है। उन्होंने कहा कि बाबू राजेश्वर सिंह शिक्षा के प्रति अत्यन्त जागरूक एवं चैतन्य रहे एवं शिक्षा के क्षेत्र में उन्होंने अभिनव प्रयास किया, यही उनका विरासत के प्रति सच्चा सम्मान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनपद गाजीपुर भारत और आर्यावर्त से राक्षसों का समूल नाश करने का संकल्प लेने वाला एवं महर्षि विश्वामित्र की परम्परा का जनपद है। जनपद गाजीपुर महर्षि विश्वामित्र की तपोस्थली है। आर्यावर्त की 02 शक्तियों-अयोध्या और जनकपुर का एकीकरण करने में महर्षि विश्वामित्र ने अहम भूमिका निभायी थी। यह भारत का इतिहास बनाने वाला जनपद है। जिस रामराज्य की स्थापना का शंखनाद पूज्य् ऋषि-मुनियों ने किया था, यह जनपद उसी परम्परा से जुड़ा हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अपनी विरासत के प्रति सम्मान का भाव प्रकट करने के दृष्टिगत जनपद गाजीपुर में नवनिर्मित मेडिकल कॉलेज का नाम महर्षि विश्वामित्र के नाम पर रखा गया है। पड़ोसी जनपद आजमगढ़ में महाराजा सुहेलदेव के नाम पर विश्वविद्यालय का नामकरण किया गया है। विरासत के प्रति सम्मान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पंचप्रणों के मंत्र का एक हिस्सा है। सनातन धर्म की परिभाषा 'कृते च प्रतिकर्तव्यम् एषः धर्म च सनातनः' का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि विकसित भारत का निर्माण करने के लिए पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता का भाव प्रकट करना सभी का कर्तव्य है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरी दुनिया जब कोरोना महामारी से त्रस्त थी, तब प्रधानमंत्री ने देश के सामने जीवन व जीविका को बचाने के साथ-साथ नौजवानों के लिए नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू की। यह महाविद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अभिनव प्रयोग का केन्द्र बन सकता है। भारत दुनिया में सबसे युवा राष्ट्र और उत्तर प्रदेश भारत में सबसे युवा राज्य है। युवा अपनी प्रतिभा एवं ऊर्जा से पूरे देश एवं दुनिया को आलोकित करने की क्षमता रखता है। युवाओं के भविष्य को दिशा देने के लिए कार्य किए जा रहे हैं, जिसके अन्तर्गत नए विश्वविद्यालय, तकनीकी संस्थानों आदि की स्थापना की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के माध्यम से युवाओं को उनके जनपद में ही प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग की सुविधा दी जा रही है, ताकि उन्हें कहीं अन्यत्र न जाना पड़े।

# भाजपा सभी नगर निकायों में एकतरफा जीत का परचम फहराएगीः भूपेंद्र सिंह चौधरी




● प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 से लेकर 2 अक्टूबर गाँधी की जयंती तक सेवा का कार्य करेगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि पार्टी में निष्ठा और लगन से काम करने वाला कार्यकर्ता स्वतः ही अपनी पहचान देश और प्रदेश में बनाता है ऐसे तमाम उदाहरणों से हमारी पार्टी भरी पड़ी है ऐसा किसी अन्य राजनैतिक दल में संभव नही है इसीलिए आज तमाम विपक्षी पार्टियों के आपसी गठबंधन के बावजूद भी भारतीय जनता पार्टी ने बार बार भारी बहुमत से सरकार बनाई है आज भारतीय जनता पार्टी किसी वर्ग विशेष व क्षेत्र की पार्टी न होकर सभी वर्गों व क्षेत्रों की पार्टी बनकर देश की सबसे बड़ी व लोकप्रिय पार्टी बन गई ह। यह बात भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने अवध क्षेत्र में आयोजित क्षेत्रीय पदाधिकारियों, जिला अध्यक्षों, जिला प्रभारियों एवं निकाय चुनाव के संयोजकों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि पार्टी अपने अनुशाषित कार्यकर्ताओं के त्याग, तपस्या और गतिशीलता के दम पर पिछले सभी रिकार्डों को तोड़ते हुए 2024 के लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में बड़ी संख्या में सीटों पर जीत दर्ज करेगी एवं आगामी निकाय चुनाव में भी पार्टी सभी नगर निगमों सहित नगर परिषदों व नगर पंचायतों में एकतरफा जीत का परचम फहराएगी। उन्होंने अभी से ही पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से निकाय चुनाव में जुटने की अपील भी की प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी ने अपने विकास के एजेंडे पर शत प्रतिशत काम किया है जैसे बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक सुधार व कार्य किया है तो वहीं माफियाराज पर पूर्णतया अंकुश लगाया है। प्रदेश अध्यक्ष ने आगे बोलते हुए कहा कि मोदी का त्याग, तप, तपस्या और उनकी कड़ी मेहनत हम सबको निरंतर प्रेरणा देती है अतः आप सब भी अपनी जिम्मेदारी का पूर्ण निष्ठा, लगन, तपस्या और आपसी तालमेल के साथ निर्वहन करें यही भाजपा कार्यकर्ता की असली पहचान है।

प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर गाँधी की जयंती तक सेवा का कार्य करेगी जिसके तहत रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य मेला, मोदी के व्यक्तित्व एवं कृतीत्व पर प्रदर्शनी, स्वच्छता अभियान, अमृत सरोवरों पर श्रमदानएजल संरक्षण पर जागरूकताएलोकल फ़ॉर वोकल के लिए जागरूकता, एक जिला एक उत्पाद की प्रदर्शनी, कृत्रिम अंगों के कैम्प, प्रबुद्धजीवी सम्मेलन, टी वी के मरीजों को एक साल तक गोद लेकर उनकी सम्पूर्ण चिंता करना, कोरोना की बूस्टर डोज लगवाने के लिए लोगों को प्रेरित करना, देश की कल्याणकारी नीतियों का प्रचार प्रसार एवं वृक्षारोपण सहित अन्य तमाम कार्यो को पार्टी सेवा के रूप में मनाएगी। कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय महामंत्री विजय प्रताप ने किया। क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी राजेश मिश्रा 'डाक्टर' ने बताया कि बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश महामंत्री एवं अवध क्षेत्र के प्रभारी अमरपाल मौर्य प्रियंका रावत, गोविंद नारायण शुक्ला, प्रदेश मंत्री त्रियम्बक त्रिपाठी, शंकर लाल लोधी, अर्चना मिश्रा, पद्मसेन चौधरी, एम एल सी मुकेश शर्मा, अवनीश सिंह, त्रिलोक अधिकारी, साकेत शर्मा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, प्रदीप सिंह, शशांक कुशमेश, सौरभ मिश्र नीरज एवं श्रीकृष्ण लोधी सहित तमाम प्रमुख लोग मौजूद रहे।

# सभी जिलों में 2 अक्टूबर से होगा खादी उत्पादों पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन

● इकाइयों को मुफ्त में दिए जाएंगे स्टालः राकेश सचान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आगामी** 2 अक्टूबर से प्रदेश के सभी 75 जनपदों में खादी तथा ग्रामोद्योग उत्पादों पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया जायेगा। प्रदर्शनी में ग्रामीण क्षेत्र में कार्यरत खादी एवं ग्रामोद्योग इकाइयां अपने उत्कृष्ट उत्पादों का प्रदर्शन, प्रचार-प्रसार एवं बिक्री कर सकेंगे। प्रदर्शनी में इकाइयों को स्टाल मुफ्त में दिए जाएंगे। प्रदेश के खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान ने बताया कि 'आत्मनिर्भर भारत अभियान' के अन्तर्गत स्वदेशी उत्पादों के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ प्रचार-प्रसार एवं बिक्री के दृष्टिगत इस वर्ष प्रदेश के सभी जनपदों में प्रदर्शनी के आयोजन का निर्णय लिया गया है। गत वर्ष प्रदेश के समस्त मण्डल मुख्यालयों एवं चयनित जनपदों में खादी एवं ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। इसमें 12 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य के उत्पादों की बिक्री प्रदर्शनियों में हुई थी। इन प्रदर्शनियों को खादी एवं ग्रामोद्योग उत्पादों की खदीददारी के प्रति लोगों में अच्छा उत्साह देखने को मिला था। मेलों व अन्य पर्व के अवसर पर लगाई गई प्रदर्शनी में ग्रामीण अंचलों के लोगों का खादी के उत्पादों के बारे में जानने का अवसर मिलता है। इसके बिक्री के सम्भावनाएं बढ़ती है। इस प्रकार खादी उत्पादों को लोकप्रिय बनाने में प्रदर्शिनयों का महत्वपूर्ण योगदान हो सकता है। सचान ने बताया कि प्रदर्शनी के आयोजन से जहां एक ओर खादी तथा ग्रामोद्योगी उत्पादों का प्रचार-प्रसार होगा, वहीं दूसरी ओर आम जन-मानस को स्थानीय स्तर परं स्वदेशी एवं गुणवत्तापूर्ण उत्पाद उपलब्ध होगें।

# फर्जी शैक्षिक प्रमाण पत्रों के आधार पर नौकरी कर रहा फर्जी प्रधानाचार्य गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कूटरचित** शैक्षिक प्रमाण पत्र और पैन कार्ड के जरिए 2010 से नौकरी कर रहे फर्जी प्रधानाचार्य मनोज कुमार जायसवाल को एसटीएफ ने सिद्धार्थनगर जिले से गिरफ्तार किया। एसटीएफ ने मनोज कुमार जायसवाल को शुक्रवार को डुमरिया थानान्तर्गत स्थित प्राथमिक विद्यालय मेही हरदो के गेट के पास से गिरफ्तार किया है। विगत कुछ समय से बेसिक शिक्षा विभाग में अध्यापकों के नियुक्ति में फर्जीवाडा कर शैक्षिक प्रमाण पत्रों और पैन का कूटरचित ढंग से इस्तेमाल करके दूसरे के नाम पर नौकरी करने वाले व्यक्तियों के सम्बन्ध में एसटीएफ को सूचना मिल रही थी। इस संबंध में एसटीएफ की गोरखपुर इकाई भी छानबीन में लगी हुई थी। एसटीएफ ने बेसिक शिक्षा अधिकारी सिद्धार्थनगर कार्यालय से शिक्षकों के बारे में अभिलेख प्राप्त किया।

# अयोध्या को भव्यता के साथ किया जाएगा जगमग, झांकियों को होगा प्रदर्शन

● दीपोत्सव-2022 पर 14.30 लाख दिये एक साथ जलाकर फिर बनाया जाएगा वर्ल्ड रिकार्ड

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**गत** वर्ष अयोध्या में राम की पैड़ी पर 9.41 लाख दीये एक साथ जलाकर गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड बनाया गया था। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा 11.32 लाख दीये एक साथ प्रज्जवलित कर गिनीड वर्ल्ड रिकार्ड स्थापित किया गया है। जिसे उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग 14.50 लाख दीये दीपोत्सव अयोध्या-2022 में एक साथ प्रज्जवलित कर पुनः गिनीड वर्ल्ड रिकार्ड स्थापित करेगा।

प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री जयवीर सिंह ने बताया कि दीपोत्सव अयोध्या-2022 के माध्यम से अयोध्या को भव्यता एवं दिव्यता के साथ जगमग किया जायेगा। इसके अलावा गत वर्ष की भांति पर्यटन विभाग द्वारा अयोध्या में दीपोत्सव के अवसर पर रामायण पर आधारित झांकियों का प्रदर्शन किया जायेगा। जयवीर सिंह ने बताया कि अयोध्या में राम की पैड़ी पर पहली बार 500 ड्रोन के साथ भव्य ड्रोन-शो कराया जायेगा। इसके अतिरिक्त 3-डी होलोग्राफि क प्रोजेक्शन मैपिंग एवं लेजर-शो भी राम की पैड़ी पर इस वर्ष भी किया जाएगा। इसके अतिरिक्त क्रिएटिव सेटअप के अंतर्गत राम की पैड़ी पर राम दरबार राम कथा पार्क में आर्क गेट, स्टेज सेटअप आदि का भी कार्य कराया जायेगा।

जयवीर सिंह ने कहा कि चन्दन नगर लाइटिंग वाले गेट, एल पैनल अयोध्या मुख्य मार्गों की सजावट एवं विभिन्न मंदिरों, स्मारकों एवं घाटों आदि की सजावट का कार्य किया जाना प्रस्तावित है। इसके अलावा गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी अयोध्या में दीपोत्सव-2022 के अवसर पर भव्य ग्रीन फायर क्रैकर शो का भी आयोजन किये जाने की योजना है।

# विशेष अभियान में 2277 मुकदमे दर्ज कर 2479 संदिग्ध व्यक्तियों पर की गई कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● 39 करोड़ 68 लाख से अधिक की अवैध शराब व ड्रग्स बरामद

**शासन** के निर्देश पर प्रदेशभर में पुलिस की ओर से चलाए गए विशेष अभियान में संदिग्ध व्यक्तियों के विरुद्ध कुल 2277 मुकदमे दर्ज करते हुए 2479 व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई की गयी तथा 2833 व्यक्तियों को चिन्हित किया गया है । इस कार्रवाई के दौरान कुल 39 करोड़ 68 लाख 09 हजार 985 रुपये की अवैध शराब एवं ड्रग्स व मादक पदार्थ की बरामदगी की गयी। गैंगेस्टर एक्ट के अन्तर्गत 358 व्यक्तियों के विरुद्ध 110 अभियोग पंजीकृत किये गये । इस अभियान के तहत गैंगेस्टर एक्ट की धारा 14 (1) के अन्तर्गत कुल 35 करोड़ 14 लाख 71 हजार 257 रुपये की सम्पत्ति को जब्त किया गया। न्यायालय में प्रभावी पैरवी कर 188 प्रकरणों में सजा दिलायी गई। एडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर ड्रग्स तस्करी के संपूर्ण उन्मूलन के लिए चलाए जा रहे अभियान के 31 अगस्त पर समाप्त होने पर इसे पुनः 8 सितंबर तक के लिए बढ़ा दिया गया था। उन्होंने बताया कि इस पूरे अभियान में आठ सिंतबर तक यूपी पुलिस को उल्लेखनीय कामयाबी हासिल हुई। उन्होंने बताया कि अवैध शराब व जहरीली शराब के अन्तर्गत 10821 अभियोग पंजीकृत कर 11157 के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 11702 व्यक्तियों को चिन्हित किया गया। इस अभियान के दौरान 11 करोड़ 16 लाख 4 हजार 155 रुपए की अवैध व जहरीली शराब बरामद की गई। गैंगेस्टर एक्ट के तहत 101 अभियोग पंजीकृत करते हुए 319 व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। गैंगेस्टर एक्ट की धारा 14 (1) के अन्तर्गत 19 करोड़ 93 लाख 8 हजार 525 रुपए की सम्पत्ति जब्त की गई। आबकारी अधिनियम की धारा 60 (क) के अन्तर्गत 406 व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए न्यायालय में प्रभावी पैरवी कर 164 प्रकरणों में सजा दिलाई गई। अवैध ड्रग्स व मादक पदार्थ के विरुद्ध अभियान में उत्कृष्ट बरामदगी करने वाले जनपद बाराबंकी, सीतापुर, मथुरा, खीरी व फ तेहगढ़ हैं। अवैध शराब के विरुद्ध अभियान में जनपद चन्दौली, मथुरा, देवरिया, वाराणसी ग्रामीण व फतेहपुर ने उत्कृष्ट बरामदगी की है। अभियान के दौरान 53 हुक्काबार बंद कराकर 152 संलिप्त व्यक्तियों, संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

# शहरों को 15 व गांवों को 8 घंटे से अधिक नहीं मिल रही बिजलीः कांग्रेस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कांग्रेस** पार्टी ने कहा है कि प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 5 साल होने को है पर अपने वादे के अनुरूप शहर में 24 घंटे और गांव में 16 घंटे बिजली दे पाने में योगी सरकार नाकामयाब है। योगी सरकार से पहले उत्तर प्रदेश की सरकार के लिए पूर्व केंद्रीय ऊर्जा एवं कोयला मंत्री पीयूष गोयल कहते थे कि देश में पर्याप्त बिजली है मगर उत्तर प्रदेश सरकार खरीदती नहीं इसलिए 24 घंटे बिजली के लिए उत्तर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार की जरूरत है। मगर उत्तर प्रदेश में पिछले 5 साल से डबल इंजन की सरकार होने के बावजूद भी शहरों को 15 घंटे से अधिक और गांव में 8 घंटे से अधिक बिजली नहीं मिल रही है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता संजय सिंह ने कहा कि योगी जी के वादे के अनुसार और स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर की ओर से गांवों में 16 घंटे, तहसीलों में 21 घंटे, बुंदेलखंड में 19 घंटे तथा जिला, मंडल व महानगरों में 24 घंटे आपूर्ति का दावा किया जा रहा है लेकिन जमीनी हालात अलग हैं। महानगरों में 15 घंटे और गांवों में बमुश्किल सात-आठ घंटे ही आपूर्ति हो पा रही है। कम उत्पादन, आवश्यकता के अनुरूप कम खरीदारी, जर्जर तार और ट्रांसफार्मरों की ओवरलोडिंग के चलते बिजली कटौती चरम पर है। जर्जर सिस्टम के कारण लोगों को रोस्टर के अनुसार बिजली आपूर्ति नहीं हो पा रही है। गांवों में बेतहाशा कटौती हो रही है जबकि शहरों में भी हालात बदतर हैं। प्रवक्ता ने कहा कि प्रदेश की राजधानी लखनऊ को स्मार्ट सिटी घोषित किया गया था और मुख्यमंत्रीख सारे मंत्री एवं अधिकारी लखनऊ में ही निवास करते हैं। लेकिन लखनऊ के ही तमाम इलाकों में घंटों की अघोषित कटौती से गर्मी में लोगों का जीना मुहाल हो गया है। लखनऊ के सरोजनी नगर क्षेत्र में एक दिन रिकॉर्ड 40 बार बिजली कटौती हुई। बच्चों के इम्तिहान चल रहे हैं, बच्चे भी बिजली कटौती से परेशान हैं। उत्तर प्रदेश सूखाग्रस्त घोषित हो चुका है बिजली कटौती से पूर्ण रूप से सिंचाई नहीं हो पा रही।

# नए-नए वादों व जुमलों की हेराफेरी में भाजपा को हासिल है महारतः अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि वादाखिलाफी भाजपा का वास्तविक चरित्र है। जनता को धोखे में रखने के लिए नए-नए वादों और जुमलों की हेराफेरी में उसे महारत है। पवित्र मां गंगा और यमुना नदी से भी भाजपा धोखा करती है। युवाओं को तो छलती ही रही है। भाजपा की इन हरकतों से जनता तंग आ चुकी है। अब जनता भाजपा को आगे बर्दाश्त नहीं करेगी। सन् 2027 से पहले जनता भाजपा को वर्ष 2024 में ही निपटा देगी।

अखिलेश ने कहा है कि चुनाव के समय मुख्यमंत्री ने किसानों से मुफ्त सिंचाई का वादा किया था लेकिन सत्ता में आते ही भाजपा सरकार अपने वादे से मुकर गई। प्रदेश में सूखे की छाया मंडरा रही है। किसानों को मुआवजा देने की जगह भाजपा सरकार अभी तक सर्वे का छलावा कर रही है। किसानों की आय 2022 तक दुगनी करने का वादा भी भाजपा ने नहीं निभाया। भाजपा सरकार ने अभी तक इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया है। चुनाव के समय किसानों को सम्माननिधि दी गई थी अब उनसे वसूली हो रही है।

उन्होंने कहा कि सभी नागरिकों के खाते में 15-15 लाख रुपए जमा कराने का प्रधानमंत्री ने दावा किया था लेकिन एक रुपया भी किसी के खाते में कभी नहीं आया। नोटबंदी करके कालाधन, भ्रष्टाचार और आतंकवाद समाप्त करने का भरोसा दिलाया गया था। इनमें से कुछ भी नहीं समाप्त हुआ बल्कि और बढ़ गया है। भाजपा राज में सवा सौ करोड़ रूपए खर्च हो गए पर आगरा में यमुना साफ नहीं हुई। ताज महल के पीछे दशहरा घाट पर पहले से 13 गुना ज्यादा गंदगी है। मां गंगा की पुकार पर अहमदाबाद से वाराणसी आए प्रधानमंत्री जी गंगा को अविरल, निर्मल बनाने की बहुत चर्चा करते रहे हैं पर आज भी मां गंगा की पवित्रता के साथ प्रतिदिन खिलवाड़ किया जा रहा है। नमामि गंगे योजना के नाम पर भाजपा सरकार ने सिर्फ प्रचार और घोटाला किया है। कानपुर में बुधवार को डेढ़ घंटे में एक करोड़ लीटर गंदा पानी गंगा में गिरा। जीवन दायिनी मां गंगा की ऐसी दुर्दशा अत्यंत पीड़ा दायक है। आदि गंगा गोमती नदी में नालों का पानी बह रहा है। जलकुंभी और गंदगी से गोमती नदी का जल अब आचमन योग्य भी नहीं रह गया है।

# मदरसों के सर्वे पर मायावती ने जताई आपत्ति



**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने यूपी में मदरसों के सर्वे को लेकर बीजेपी पर निशाना साधा है। उन्होंने ट्वीट करते हुए कहा कि यूपी के मदरसों पर बीजेपी की टेढ़ी नजर है। मायावती ने बीजेपी पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का भी आरोप लगाया है। शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर ट्वीट कर कहा कि मुस्लिम समाज के शोषित, उपेक्षित व दंगा-पीड़ित होने आदि की शिकायत कांग्रेस के जमाने में आम रही है, फिर भी बीजेपी द्वारा तुष्टीकरण के नाम पर संकीर्ण राजनीति करके सत्ता में आ जाने के बाद अब इनके दमन व आतंकित करने का खेल अनवरत जारी है, जो अति दुखद व निन्दनीय। मायावती ने आगे कहा कि इसी क्रम में अब यूपी के मदरसों पर भाजपा सरकार की टेढ़ी नजर है।

# बच्चा चोरी की अफवाहों पर प्रभावी रोक लगाएं पुलिस अधिकारीः डीजीपी

● अफवाह फैलाने वालों को चिन्हित कर उनके खिलाफ की जाए एनएसए के तहत कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**डीजीपी** डीएस चौहान ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में चल रहीं बच्चा चोरी की अफवाहों पर प्रभावी रोक लगाने के पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि इस तरह की अपवाह फैलाने वालों को चिन्हित करते हुए उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। डीजीपी ने स्पष्ट निर्देशित किया है कि बच्चा चोरी की किसी भी घटना की सूचना चाहे वह अफवाह हो या वास्तविक घटना हो उस पर उच्च स्तर की संवेदनशीलता प्रदर्शित करते हुये तत्परता पूर्वक कार्रवाई की जाए। बच्चों के गुमशुदगी व अपहरण के प्रकरणों पर तत्काल प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीकृत कर गम्भीरता पूर्वक विवेचनात्मक कार्रवाई व उनकी बरामदगी की जाए।


डीजीपी ने निर्देश दिए हैं कि यदि कोई भी सूचना प्राप्त होती है तो तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे। यदि सूचना असत्य है तो उसके सम्बन्ध में तद्नुरूप कार्रवाई की जाए। बच्चा चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित अफ्वाहों के प्रसार को रोकने के लिए जनपद स्तर पर जिला मजिस्ट्रेट तथा अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ समन्वय गोष्ठी कर ली जाए। समस्त गांवों तथा मोहल्लों में पीस कमेटी के सदस्यों, सिविल डिफेन्स के पदाधिकारियों, ग्राम प्रधान सभासद तथा अन्य सम्मानित लोगों के साथ स्थानीय निवासियों की गोष्ठी कर बच्चा चोर की अफवाहों पर विश्वास न करने तथा कानून अपने हाथ में न लेने के सम्बन्ध में जागरूक किया जाए। पुलिस के आकस्मिक सहायता नम्बरों यथा डायल-112, स्थानीय कन्ट्रोलरूम के नम्बर तथा थाने व जनपदीय अधिकारियों के सीयूजी नम्बरों के सम्बन्ध में जानकारी दी जाए तथा किसी अफवाह अथवा घटना के सम्बन्ध में उक्त नम्बरों पर तत्काल सूचित करते हुए वास्तविक स्थिति की जानकारी करने के सम्बन्ध में भी जागरूक किया जाए। पब्लिक एड्रेस सिस्टम एवं पीआरवी वाहनों में उपलब्ध माइक व लाउडहेलर के माध्यम से जनता को ऐसी अफ वाहों से दूर रहने व अवैधानिक गतिविधि में संलिप्त न होने की हिदायत के साथ उन्हें आश्वस्त किया जाए कि स्थानीय पुलिस उनके सहयोग करने के लिए सदैव तत्पर एवं सक्षम है। इस प्रकार की घटना कारित करने वाले भीड़ में शामिल सभी व्यक्तियों की शिनाख्त कर उनके विरुद्ध जीरो टॉलरेन्स की नीति अपनायी जाए। अफवाह फैलाने के आधार पर हिंसा की घटना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया जाए। हिंसा कारित कर लोक शान्ति भंग करने वाले एवं अफवाह फैलाने वाले अराजक तत्वों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध एनएसए की कार्रवाई के लिए जिला मजिस्ट्रेट को समस्त तथ्यों से अवगत कराया जाए। सभी पीआरवी वाहनों एवं गश्त मोबाइलों को इस दिशा में और अधिक क्रियाशील बनाया जाय तथा निमित्त राजपत्रित अधिकारियों के माध्यम से उन्हें संवेदनशील बनाते हुये यह निर्देशित किया जाय कि इस प्रकार की घटना की रोकथाम शासन एवं पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। ग्राम प्रहरियों, चौकीदार की महत्ता को दृष्टिगत रखते हुये थाना प्रभारी उनके साथ गोष्ठी आयोजित कर उन्हें इस सम्बन्ध में संवेदनशील बनाते हुये निर्देशित करें कि उनके क्षेत्राधिकार में यदि कोई सूचना प्राप्त होती है तो तत्काल बीट के पुलिस कर्मियों थाना प्रभारी को सूचित कर प्रभावी कार्यवाही किया जाय।

# लखनऊ में मेट्रो के दूसरे फेज की तैयारी

## चारबाग से बसंतकुंज तक प्रस्तावित डीपीआर शासन का सौंपा

● पांचा वर्ष में ईस्ट वेस्ट कोरिडोर बनेगा 4264.89 करोड़ से

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**शहर** में जल्दी मेट्रो का दूसरा फेज बनेगा। लखनऊ मेट्रो के दूसरे फेज ईस्ट वेस्ट कोरिडोर का प्रस्तावित डीपीआर उत्तर प्रदेश शासन को दिया गया है। प्रदेश शासन को दिए गए प्रस्ताव में परियोजना अनुमानित लागत 4264.89 करोड़ रुपए है। ईस्ट वेस्ट कोरिडोर में कुल 12 स्टेशन हैं, जो 11.165 किमी लंबा है। इसका कार्य पूरा होने में 5 वर्ष का समय लगेगा। वहीं डीपीआर को 750 डीसी ट्रैक्शन सिस्टम के साथ भी अपग्रेड किया गया है।

शुक्रवार को लखनऊ मेट्रो के दूसरे चरण के श्चारबाग से वसंत कुंजश् तक प्रस्तावित ईस्ट.वेस्ट कॉरिडोर को अपडेशन के बाद उत्तर प्रदेश सरकार (जीओयूपी) को सौंप दिया गया। चारबाग से वसंत कुंज तक पूर्व.पश्चिम कॉरिडोर की कुल मार्ग लंबाई 11.165 किलोमीटर होगीए, जिसमें एलिवेटेड लंबाई 4.286 किलोमीटर होगी जबकि भूमिगत लंबाई 6.879 किलोमीटर होगी। इस कॉरिडोर में कुल स्टेशनों की संख्या 12 होगी, जिसमें 7 भूमिगत और 5 एलिवेटेड स्टेशन होंगे। इस प्रस्तावित कॉरिडोर के पूरा होने का अनुमानित समय 5 साल है। चारबाग से वसंत कुंज तक लखनऊ मेट्रो का ईस्ट.वेस्ट कॉरिडोर पुराने लखनऊ के प्रमुख स्थानों जैसे अमीनाबाद, चौक आदि को कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। यह अपने मार्ग के साथ अन्य भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों को भी जोड़ेगा और लखनऊ के लोगों को सुविधा प्रदान करेगा। चारबाग मेट्रो स्टेशन लखनऊ के दोनों कॉरिडोर यानी नॉर्थ.साउथ कॉरिडोर और ईस्ट.वेस्ट कॉरिडोर के जंक्शन के रूप में काम करेगा। इस कॉरिडोर का डिपो वसंत कुंज में बनाया जाएगा। फ रवरी 2019 में 11.165 किलोमीटर लंबे इस कॉरिडोर के निर्माण के लिए करों के बिना अनुमानित पूंजीगत लागत 3786 करोड़ रुपये थी जो बढ़कर 4264.89 करोड़ रुपये हो गई है। लागत में यह बदलाव सरकारी दिशा निर्देशों के अनुसार मौजूदा मुद्रास्फ ीति दर के अनुरूप है। डीपीआर को 750 डीसी ट्रैक्शन सिस्टम के साथ भी अपग्रेड किया गया है, जिसका पालन कानपुर और आगरा मेट्रो परियोजना में किया जा रहा है, जिसका पालन मुख्य रूप से लखनऊ मेट्रो परियोजना में पतंगों में धातु के तार के परिणामस्वरूप होने वाली गंभीर ओएचई फ्लैशिंग समस्या के कारण किया जा रहा है।

**पुराने लखनऊ के प्रमुख स्थानों को जोड़ेगाः** चारबाग से वसंत कुंज तक लखनऊ मेट्रो का ईस्ट.वेस्ट कॉरिडोर पुराने लखनऊ के प्रमुख स्थानों जैसे अमीनाबाद, चौक आदि को कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। यह अपने मार्ग के साथ अन्य भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों को भी जोड़ेगा और लखनऊ के लोगों को सुविधा प्रदान करेगा। चारबाग मेट्रो स्टेशन लखनऊ के दोनों कॉरिडोर यानी नॉर्थ.साउथ कॉरिडोर और ईस्ट.वेस्ट कॉरिडोर के जंक्शन के रूप में काम करेगा। इस कॉरिडोर का डिपो वसंत कुंज में बनाया जाएगा।

ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर के 12 मेट्रो स्टेशनों के नाम भूमिगत चारबाग, गौतम बुद्ध नगर, अमीनाबाद , पांडेयगंज, सिटी रेलवे स्टेशन, मेडिकल चौराहा, नवाजगंज, एलिवेटेड स्टेशन ठाकुरगंज, बालागंज, मूसाबाग, वसंतकुंज।

नैमिषधाम और मिश्रिख के सौन्दर्यीकरण में भ्रष्टाचार के विरुद्ध फूंका बिगुल

# मिश्रिख सांसद ने निर्माण कार्य में धांधली का लगाया आरोप

● मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव पर्यटन को सांसद अशोक रावत ने लिखा पत्र

● नैमिषारण्य में घाटों के निर्माण व सौन्दर्यीकरण में मानक विहीन कार्य होने का लगाया आरोप

संवाददाता। सीतापुर





**सीएम योगी** की प्राथमिकताओं वाले नैमिषधाम के विकास में भ्रष्टाचार का खेला जा रहा बड़ा खेल, भाजपा सांसद ने मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव पर्यटन को पत्र लिखकर की शिकायत आदि गंगा गोमती के तट पर राजघाट नैमिषारण्य में घाटों के निर्माण व सौन्दर्यीकरण में प्रयुक्त हो रही सामग्री को बताया गया अधोमानक, नॉन ब्रांड की सीमेंट व सरिया का प्रयोग किए जाने का लगाया गया गंभीर आरोप, मानक विहीन कार्य से नैमिषारण्य के साधू संतो व स्थानीय नागरिको में काफी रोष व्याप्त होने की कही गई बात। सांसद ने घाटों के निर्माण व सौन्दर्यीकरण कराने वाली कार्यदांयी संस्था उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कार्पोरेशन लि. के मुख्य महाप्रबंधक और प्रोजेक्ट मैनेजर पर अपने करीबी फर्म के द्वारा घाटों का निर्माण व सौन्दर्यीकरण कराने का आरोप लगाया है। मिश्रिख से भाजपा सांसद अशोक रावत ने अधिकारियों को लिए शिकायती पत्र में घाटों के निर्माण व सौन्दर्यीकरण कार्य के पूर्ण होने तक फर्म को भुगतान न करने की सिफारिश की। साथ ही उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कार्पोरेशन लि. के अधिकारियों और फर्मों के मिली भगत की जांच कराए जाने तथा जांचो परान्त तथा दोषियों से रिकवरी की प्रिक्रिया अपनाने की सिफारिश की है। शिकायती पत्र में सांसद अशोक रावत ने यह भी कहा है कि संसदीय क्षेत्र के भ्रमण के दौरान आमजनमानस के द्वारा उनके संज्ञान में यह बात लायी गई। मुख्य सचिव से सांसद ने यह भी सिफारिश की है कि उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कार्पोरेशन लि. के मुख्य महाप्रबंधक और प्रोजेक्ट मैनेजर के द्वारा शासन से स्वीकृत विभिन्न कार्यों को अपने निजी लाभ के लिए अपने चहेते फर्मो को समस्त गाइड लाइन्स को दरकिनार कर कार्य आवंटन किया जा रहा है। इसीलिए मानक का ध्यान नहीं दिया जा रहा है, लिहाजा उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कार्पोरेशन लि. के द्वारा विगत दो वर्षो की निविदा प्रक्रिया की जांच के साथ-साथ भ्रष्ट अधिकारियों की सम्पत्ति की जांच हेतु सम्बन्धित को आदेशित करने की मांग की गई है। सांसद अशोक रावत ने मिश्रिख के सीताकुंड के सौन्दर्यीकरण पर भी सवाल उठाए है। प्रमुख सचिव पर्यटन को शिकायती पत्र लिखकर कार्यदांयी संस्था सी एंड डीएस के द्वारा मिश्रिख कस्बे में पौराणिक तीर्थ सीताकुंड पर सौन्दर्यीकरण का कार्य कराया जा रहा है, कार्य की गुणवत्ता अधोमानक है, कार्यदायी संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर अरविन्द चौधरी, सहायक अभियंता एवं अवर अभियंता अनिकेश मिश्रा के द्वारा गुणवत्ता विहीन कार्य कर रही फर्म से गठजोड़ करके धार्मिक स्थल के कार्य में भी राजकीय धन की बंदर बांट कर रहे है। कार्य में प्रयुक्त समस्त सामग्री की राजकीय लैब से जांच कराई जाए। भाजपा सांसद ने मांग की है कि सीताकुंड मिश्रिख के सौन्दर्यीकरण की जनपद स्तरीय तकनीकी कमेटी बनाकर जांच कराई जाए, जांच पूरी होने तक फर्म के भुगतान पर रोंक लगाई जाए।

# किसान सम्माननिधि योजना में गड़बड़ी पर लेखपालों का कृषि विभाग पर बड़ा आरोप

● लेखपालों में आया उबाल, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को दिया ज्ञापन, योजना में गड़बड़ी के लिए कृषि विभाग को ठहराया दोषी

संवाददाता। सीतापुर



**किसान सम्मान** निधि योजना में गड़बड़ी करने वाले कोई और, कार्रवाई और बदनामी लेखपालों की हो रही है। जी हां यह सनसनी खेज खुलासा खुद लेखपाल कर रहे है। वह भी अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर लिखित रूप में। बेगुनाह कार्रवाई और बदनामी से आहत लेखपालों ने अब मांग उठानी शुरू कर दी है, कि किसान निधि योजना के अन्तर्गत जो सत्यापन चल रहा है उसमें लेखपालों से केवल भूलेख अंकन कृषि विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई सूची में अंकित नाम एवं पिता के नाम पर भूलेख में अंकित डाटा अनुसार कार्य ही लिया जाए। भूलेख अंकन हार्ड कॉपी के अनुसार फीड किए गए डाटा की एक्सल सीट का मिलान शासनादेश के अनुसार तकनीकी सहायक कृषि से करवाने के बाद ही अगली किश्त जारी की जाए जो नाम तस्तीक नहीं हुए है, उनके डाटा कलेक्शन में विकास और पंचायत विभाग का सहयोग लिया जाए। कृषि विभाग के कार्यों के लिए लेखपालों के विरूद्ध उत्पीड़नात्मक कार्रवाई पर रोंक लगाई जाए। दरअसल पिछले दिनों उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ की जनपद की सदर तहसील और अन्य तहसीलों में लेखपालों के निलम्बन एवं शाहजहांपुर जनपद के भूमि संरक्षण अधिकारी की रिपोर्ट में स्थलीय सत्यापन के आधार पर संशोधन प्रस्तावित करने के स्थान पर लेखपालों को आरोपित करने वाली भाषा जैसी कार्रवाईयों से प्रदेश के लेखपालों में आक्रोश व्याप्त है। यहीं नहीं लेखपालों द्वारा अन्य विभाग के कार्यों को सम्पादित करने के बदले नकारात्मक छवि बनाने एवं उत्पीड़नात्मक कार्रवाई करने के कारण अन्य विभागों के कार्य बंद करने की उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ से मांग कर रहे है। ऐसी ही मांगो और किसान सम्माननिधि योजना को लेकर कृषि विभाग को बेनकाब करते हुए सीतापुर लेखपाल संघ ने शुक्रवार को एक ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्टेªट को सौंपकर चेतावनी दी है कि अन्य विभागो के कृत्यों और कमियों का ठिकरा लेखपालों के ऊपर फोड़ना एवं उत्पीड़नात्मक कार्रवाई की स्थिति में अन्य विभागो के कार्य बंद करने को उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ विवश होगा।

एबीएसए की जांच के बाद बीएसए अजीत कुमार ने तैय्यब को किया निलम्बित...

# कसमंडा के प्रा.वि. सरौराकला का शिक्षक निलम्बित

● सहायक अध्यापक तैय्यब कासमी द्वारा बच्चों की पिटाई का वीडियो हुआ था वायरल

● सहायक अध्यापक तैय्यब कासमी पर अपने कारनामों से बेसिक शिक्षा की छवि धूमिल करने का आरोप

संवाददाता। सीतापुर



**आपने स्कूल** में शिक्षको को पढ़ाते हुए देखा होगा लेकिन सीतापुर के एक स्कूल में एक शिक्षक मासूम बच्चों को पीटता था, एक दो बच्चों को नहीं बल्कि कई बच्चों को मारना-पीटना उसे अच्छा लगता था, बच्चे रोते रहते थे, मगर अध्यापक को जरा भी तरस नहीं आता था। अभिभावक जब शिकायत करने जाते तो शिक्षक उनसे भी फौजदारी अमादा हो जाता। सहायक अध्यापक की इस हरकत से बच्चे और अभिभावक ही नहीं परेशान हो गए बल्कि स्कूल प्रधानाध्यापिका और स्टाफ भी परेशान हो गया। अध्यापक की क्रूरता के वीडियो जब सोशल मीडिया पर वायरल हुए तो हर कोई हैरान हो गया, लेकिन साल भर क्रूर शिक्षक बच्चों को याचनाए देता रहा, उसकी क्रूरता के वीडियों वायरल होने के बाद बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारी नंजरंदाज करते रहे, पिछले दिनों तो हद हो गई, यह सहायक अध्यापक एक दुकान से पेट्रोल ले आया और अपने ऊपर डालकर आग लगाने की कोशिश की, प्रधानाध्यापिका ने जैसे-तैसे उसे रोंका, स्कूल में देर तक हंगामा होता रहा, सीतापुर के विकास खंड का यह सरौराकला स्कूल आए दिन होने वाले बवाल का केन्द्र बिन्दु बन गया। इस विद्यालय के सहायक अध्यापक तैय्यब कासमी का आत्मदाह जैसा कदम उठाने पर 151 में चालान भेजा गया। उसके बाद फिर बच्चे की पिटाई करने का आरोप तैय्यब पर लगा, जिसकी लिखित शिकायत प्रधानाचार्य विभा अस्थाना ने एबीएसए संतोष कुमार मिश्रा से की और चेतावनी दी कि तत्काल कार्रवाई न हुई तो 8 सितम्बर से वह धरना प्रदर्शन करेंगी। जांच के बाद एबीएसए ने अपनी रिर्पोट बीएसए अजीत कुमार को सौंपा। जिसके बाद सरौरा कला के सहायक अध्यापक तैय्यब कासमी को निलम्बित कर दिया गया। अब सवाल यह उठता है कि इतनी फजीहत होने के बाद आखिर अधिकारियों ने वही कार्रवाई की जो उन्हें पहले ही कर देनी चाहिए।

# विधायक ने किया सीएचसी का औचक निरीक्षण




**मोहम्मदी खीरी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने औचक निरीक्षण किया जहां उन्होंने अस्पताल के हर कच्छ का निरीक्षण किया। वहीं उन्होंने अधीक्षक को पत्र के माध्यम से अवगत कराते हुए लिखा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सफाई व्यवस्था ठीक नहीं है। अस्पताल में वैक्सीन इंजेक्शन उपलब्ध नहीं है। वही ऑक्सीजन प्लांट चालू नहीं है। कोरोना काल में एक चीनी मिल से 1 लाख की आर्थिक सहायता की गई थी वह कहां कहां खर्च किए गएघ् इसका जवाब पत्र के माध्यम से विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने मांगा है। अधीक्षक मयंक मिश्रा से संबंध में बात हुई तो उन्होंने बताया कि सफाई कर्मचारी की कोई नियुक्ति नहीं है। किसी तरह सफाई व्यवस्था कराई जा रही है। ऑक्सीजन प्लांट पर टेक्निकल समस्या आने पर बंद है शीघ्र चालू किया जाएगा। वैक्सीनेशन पर उन्होंने कहा कल ही खत्म हुए थे। आज वैक्सीन उपलब्ध हो गए। कोरोना में 1 लाख आर्थिक सहायता के रूप में मिले थे उसकी जानकारी की जा रही है कि कहां कहां खर्च किए गए है।

## दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** थाना कोतवाली गोला पुलिस ने मुकदमा संख्या 623ध्22ए आबकारी अधिनियम की धारा 60 ;2द्ध में वांछित शिव कुमार पुत्र नरेश कुमार निवासी भटपुरवा कॉलोनी को गांव से ही गिरफ्तार कर चलान न्यायालय के समक्ष भेजा है। गिरफ्तार करने वाली टीम ने प्रभारी निरीक्षक डीपी शुक्ला उपनिरीक्षक सतीश चंद्र यादव उपनिरीक्षक अंब्रेश्वर दत्त त्रिपाठी आरक्षी रोहित कुमार संजय आदि शामिल रहे। वहीं मुकदमा संख्या 224ध्22 आबकारी अधिनियम की धारा 60 ;2द्ध मैं वांछित श्याम किशोर पुत्र नागेश्वर निवासी भटपुरवा कॉलोनी को भी गिरफ्तार कर चालान न्यायालय के समक्ष भेजा गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक डी पी शुक्लाए उप निरीक्षक अरुण कुमार आरक्षी राजेंद्र गंगवार शामिल रहे।

## सेंट्रल बार एसोसिएशन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** सेंट्रल बार एसोसिएशन के सभागार में जनता के दिलों पर राज करने वाले विधायक अरविंद गिरी की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें बार के अध्यक्ष राम कुमार गौतम महामंत्री विजय वर्मा अधिवक्ता संदीप अवस्थी सुभाष अग्रहरि राजेश गिरी सुरेश चंद्र गुप्ता संत कुमार भारती हंसराम स्वर्णकार सुरेश शर्मा जितेंद्र वर्मा विजय वर्मा प्रदीप काजल विनीत मिश्रा शिव भगवान पंकज वर्मा सुरेश गिरी प्रेमचंद्र राहीए अरुण दीक्षित सहित तमाम अधिवक्ता व भाजपा नेता सुरजन लाल वर्मा ने अश्रुपूर्ण नेत्रों से दिवंगत विधायक को श्रद्धांजलि अर्पित की और ईश्वर से आत्मा की शांति के लिए तथा परिवार को दुख सहन करने की शक्ति देने की कामना की।

## मारपीट की घटना के बाद चिकित्सकों ने ओपीडी की बन्द

संवाददाता। ओयल खीरी



**एमसीएच विंग** जिला अस्पताल जो कि मोतीपुर ओयल में स्थित है जहां बीते दिवस गुरुवार को दोपहर में सूबे की सत्ताधारी पार्टी भारतीय जनता पार्टी के ओयल मण्डल के मण्डल अध्यक्ष नीरज मिश्रा व होमगार्ड के मध्य पर्चा बनवाने व चिकित्सक की शिकायत के चलते होमगार्ड से मारपीट हुई थी। इसमें नीरज मिश्रा के सिर में गम्भीर चोटे आयी थी व सिर फूट गया था। धरना प्रदर्शन भी किया गया था। इसके चलते नीरज मिश्रा द्वारा दी गयी तहरीर के मुताबिक देर रात्रि करीब 11 बजे मारपीट करने वाले होमगार्ड व अन्य अज्ञात 2 सिपाहियों के विरुद्ध धारा 323 व 506 के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया गया था। जिसके फलस्वरूप शुक्रवार को एमसीएच जिला अस्पताल में सीएमएस हर्सवर्धनए फिजिशियन आर एस माधौरिया चिकित्सक एसएन चंदानी व अन्य चिकित्सकों ने सुबह से ही मेन गेट पर ताला जड़ दिया। ओपीडी की स्वास्थ्य सेवाएं बन्द कर दी। जिसके चलते दूर दराज से आये मरीजों को बिना इलाज पाए वापस जाना पड़ा। इस प्रकरण की जानकारी जैसे ही जिले के प्रशाशनिक अधिकारियों को प्राप्त हुई वैसे ही सदर एसडीएम श्रद्धा सिंह, सीओ सिटी संदीप सिंहए थानाध्यक्ष खीरी पंकज त्रिपाठीए चौकी ओयल प्रभारी जितेंद्र बहादुर सिंह मय स्टाफअस्पताल में डाक्टरो से मिलने पहुंचे व काफी मान मनौवल कीए समझा बुझाया लेकिन नतीजा शून्य निकला। पूरा दिन ओपीडी बन्द रही। अस्पताल में ओपीडी बन्द करने का कारण यह रहा कि बीते दिवस हुई घटना के सम्बंध में चिकित्सक मारपीट में घायल व लहूलुहान हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष नीरज मिश्रा के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करवाना चाह रहे थे किंतु अभी तक मुकदमा दर्ज नही किया गया था। चिकित्सकों का पुलिस प्रशासन से कहना था कि एफआईआर कॉपी दो और बदले में ओपीडी स्वास्थ्य सेवा बहाल की जाएगी। दिन भर अस्पताल में सिर्फ इमरजेंसी सेवा ही बहाल रही बाकी ओपीडी स्वास्थ्य सेवा बिल्कुल ठप दिखाई दी। मरीज बिना इलाज के वापस अपने घरों को जाते दिखे।

## क्विक न्यूज

### गणेश पूजन महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित, एमएलसी पवन सिंह चौहान ने विजयी प्रतिभागियों को किया सम्मानित



**सीतापुर।** भगवान गणपति बुद्धि के देवता है। उनका आशीर्वाद भक्तों को खुशहाली और समृद्धि से भर देता है। भगवान के आशीर्वाद के साथ-साथ शिक्षा बेहद जरूरी है। शिक्षा यानी ज्ञान होगा तो संसार की कोई ताकत आपको सफल होने से नहीं रोक सकती है। यह बात सीतापुर एमएलसी पवन सिंह चौहान ने मनोहर लॉन में गणेश पूजन महोत्सव समिति द्वारा आयोजित 16वें गणेश पूजन महोत्सव के सांस्कृतिक पाण्डाल में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते हुए कही। मुख्य अतिथि का स्वागत समिति के अध्यक्ष रितेश रस्तोगी, एडवोकेट प्रेम रत्न कटियार ने स्मृति चिन्ह व माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम में समिति की ओर से महमूदाबाद क्षेत्र से निकलकर अपने क्षेत्र में दिव्य कार्य करते हुए सफलता की ऊंचाईयों को प्राप्त करने वाले तीन लोगो को महमूदाबाद गणेश रत्न पुरस्कार देकर सम्मानित किया। सम्मान प्राप्त करने वालों में शिक्षा के क्षेत्र में आईआरएस अधिकारी महाराष्ट्र में अपर आयुक्त असीम वैभव, समाजसेवा के क्षेत्र में डा. ए.मणि मिश्रा व धार्मिक क्षेत्र के लिये स्व. सुरेन्द्र मिश्र को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भावनृत्य प्रतियोगिता का अंतिम राउण्ड भी सम्पन्न हुआ। सभी प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार देकर समिति की ओर से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर चन्द्रभूषण शुक्ल, राजेश शुक्ल, अतुल वर्मा, अतुल चित्रांश, देवेश रस्तोगी, सचिन श्रीवास्तव, मृगांक वर्मा, गौरव श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

### बाईपास के निर्माण के लिए सौंपा ज्ञापन



**संडीला (हरदोई)।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में हरदोई मार्ग पर बाईपास बनवाने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा गया। जिलाध्यक्ष प्रदीप जायसवाल के नेतृत्व में जगत द्विवेदी, रजनीश गुप्ता, श्रवण दीक्षित, मुकेश गुप्ता, गौरव महरोत्रा, दिनेश, गयाधर तिवारी, अमरेन्द्र सिंह अर्कवंशी, संगीत सोनी, संकल्प गुप्ता, संजय गुप्ता, शाह कन्हैयालाल, रितेश महरोत्रा के प्रतिनिधि मण्डल ने तहसील कार्यालय पहुंचकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गयी है कि हरदोई मार्ग मुख्य चौराहे पर ओवर ब्रिज के स्थान पर बाईपास बनाया जाए जिसके बनने से नगर को एक नया मार्ग मिलेगा जिससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे तथा सरकार को राजस्व प्राप्त होगा। इसके अलावा बाईपास के बनने से कई स्कूलों के बच्चे मुख्यमार्ग से सुरक्षित आ जा सकेंगे जबकि ओवर ब्रिज नैशनल हाईवे पर बनेगा जिसके बनने से नगर की सैकड़ों दुकानें टूटेंगी और नगर के सैंकड़ों परिवार बेरोजगार हो जाएंगे। ज्ञापन में सड़क परिवह मंत्री नितिन गडकरी से मांग की गयी है कि वे बाईपास के निर्माण को स्वीकृति प्रदान करें।

### श्री महावीर जी झण्डा मेला के अवसर पर हास्यकवि सम्मेलन आयोजित



**संडीला(हरदोई)।** श्री महावीर जी झण्डा मेला के अवसर पर हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें दूर दूर से आए कवियों ने काव्यपाठ किया। श्री महावीर जी झण्डा मेला कमेटी के अध्यक्ष शैलेश अग्निहोत्री के अध्यक्षता में आयोजित हास्य कवि सम्मेलन में अजीत शुक्ला, उत्कर्ष उत्तम, प्रियंका द्विवेदी, सिद्धार्थनगर के पधारी पूनम मिश्रा, अयोध्या की कवियित्री पूजा मिश्रा यक्ष, लखनऊ से पधारी डॉ शोभा त्रिपाठी, विकास बौखल, धनंजय शाश्वत, राय बरेली के कवि नरीज पाण्डेय, लखनऊ के कवि डॉ अतुल बाजपेयी आदि ने काव्यपाठ किया। कवि सम्मलेन का संचालन बरेली से पधारे डॉ राहुल अवस्थी ने किया।

### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने विवि का किया घेराव

**बरेली ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने आज बी ए प्रथम वर्ष के परिणाम में चल रही तमाम अनियमितताओं को लेकर बरेली कॉलेज छात्र नेता अनिकेत शर्मा उर्फलल्ला भैया के नेतृत्व में विश्वविद्यालय का घेराव किया। बरेली कॉलेज के सैकड़ों विद्यार्थियों ने अनिकेत शर्मा के नेतृत्व में आज बरेली कॉलेज से लेकर विश्वविद्यालय तक प्रदर्शन किया। विश्वविद्यालय द्वारा जारी किए गये बी ए प्रथम सेमेस्टर के परिणाम में तमाम अनियमितताएँ देखकर छात्र और छात्र नेता सभी तिलमिला उठे। किसी विद्यार्थी का योग गलत है , किसी का पेपर कोड गलत है तो किसी ने जिस विषय की परीक्षा दी है उसकी अनुपस्थित और जो विषय है ही नहीं उसमे उपस्थित आ रही है ।छात्र नेता अनिकेत शर्मा उर्फ लल्ला भैया ने बताया की विश्वविद्यालय द्वारा परिणाम में गलती करना आम हो गया है । ये पहली मर्तबा नहीं हुआ है की इतनी बड़ी संख्या में विद्यार्थी परेशान हो रहे हैं। हर बार परीक्षा के बाद परिणाम के लिये विद्यार्थियों को इसी प्रकार प्रताड़ित किया जाता है ।

### एनसीसी कैंप में कड़ा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं कैडेट

**बरेली ।** 21वी वाहिनी एनसीसी का आठ दिवसीय प्रशिक्षण शिविर कैंप कमाडेंट कर्नल अमन नेगी एवं डिप्टी कैंप कमाडेंट कर्नल सुधांशु दीक्षित के नेतृत्व में बरेली कॉलेज में संचालित किया जा रहा है। कैंप में प्रदेश की विभिन्न बटालियनो से आई बालिका कैडेटों को थल सैनिक कैंप हेतु सेना के अधिकारियों द्वारा कड़ा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके अलावा कैडेटों को ड्रिल, फायरिंग, मैप रीडिंग, युद्ध कौशल, बैटल क्राफ्ट एवं नेतृत्व विकास आदि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है । एनसीसी कैंप के चलते बरेली कॉलेज का पूर्वी गेट 13 सितंबर 2022 तक बंद कर दिया गया है। प्रभारी डॉ अंचल अहेरी ने बताया कि कैंप में बरेली, आगरा, प्रयागराज, गोरखपुर, मेरठ, बनारस, कानपुर एवं गाजियाबाद ग्रुप मुख्यालयों की बालिका कैडेटों के साथ-साथ बरेली कॉलेज, एनएमएसएन दास कॉलेज बदायूं, राजकीय डिग्री कॉलेज बदायूं, राजकीय डिग्री कॉलेज फरीदपुर, सीएएस इंटर कॉलेज फरीदपुर, राजेंद्र प्रसाद महाविद्यालय मीरगंज, गंगाशील महाविद्यालय नवाबगंज, सीएनबीएम इंटर कॉलेज आंवला, ठाकुर रोशन सिंह इंटर कॉलेज चठिया फैजू, हरीती पब्लिक स्कूल धनेटा, एमबी इंटर कॉलेज, इस्लामिया इंटर कॉलेज, तिलक इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज, केडीएम इंटर कॉलेज, केंद्रीय विद्यालय एवं आर्मी पब्लिक स्कूल बरेली के कैडेट प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं । कैंप में मेजर इंदु मिश्रा, सूबेदार मेजर आनंद सिंह, कैप्टन वीके गौतम, हवलदार अरुण कुमार आदि शामिल रहे ।

# पेज एक का शेष

## गोगरा-हॉट...

हल करने के लिए नियमित संपर्क बनाए रखा था। उन्होंने कहा कि इसके परिणामस्वरूप दोनों पक्ष अब गोगरा-हॉटस्प्रिंग्स (पीपी-15) के क्षेत्र में पीछे हटने पर सहमत हो गए हैं। बागची ने कहा कि समझौते के अनुसार, इस क्षेत्र में पीछे हटने की प्रक्रिया आठ सितंबर को सुबह साढ़े आठ बजे शुरू हुई और यह 12 सितंबर तक पूरी हो जाएगी। उन्होंने कहा, पीपी-15 पर गतिरोध के समाधान के साथ ही दोनों पक्षों ने वार्ता को आगे बढ़ाने और एलएसी के निकट शेष मुद्दों को हल करने और भारत-चीन सीमा क्षेत्रों में शांति बहाल करने के लिए पारस्परिक रूप से सहमति व्यक्त की। बीजिंग में चीनी रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि चीनी और भारतीय सैनिकों ने जियानन डाबन क्षेत्र से समन्वित और नियोजित तरीके से पीछे हटना शुरू कर दिया है, जो सीमावर्ती इलाकों में शांति के माहौल के लिए अच्छा है।

## सूखे की...

हेक्टेयर), पश्चिम बंगाल (3.90 लाख हेक्टेयर), छत्तीसगढ़ (2.60 लाख हेक्टेयर), उत्तर प्रदेश (2.47 लाख हेक्टेयर), बिहार (2 लाख लाख हेक्टेयर), ओडिशा (0.48 लाख हेक्टेयर), आंध्र प्रदेश (0.27 लाख हेक्टेयर), त्रिपुरा (0.22 लाख हेक्टेयर), नागालैंड (0.21 लाख हेक्टेयर), मेघालय (0.18 लाख हेक्टेयर), कर्नाटक ( 0.14 लाख हेक्टेयर), पंजाब (0.12 लाख हेक्टेयर), असम (0.09 लाख हेक्टेयर), गोवा (0.03 लाख हेक्टेयर) और मिजोरम (0.03 लाख हेक्टेयर) में धान के रकबे में गिरावट आई है। धान के अलावा, इस खरीफ सीजन में अब तक 130.91 लाख हेक्टेयर पिछले साल की अवधि में 136.57 लाख हेक्टयेर के मुकाबले दालों के कवरेज क्षेत्र में मामूली गिरावट आई है।

## बिलकिस बानो...

को दी गई सजा में छूट को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत में एक अलग याचिका दायर की है। उनकी याचिका को भी शुक्रवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया था। बिलकिस बानो उस समय 21 साल की थीं और पांच महीने की गर्भवती थीं, जब गोधरा ट्रेन जलने की घटना के बाद भड़के दंगों से भागते समय उनके साथ सामूहिक बलात्कार किया गया था। मारे गए सात परिवार के सदस्यों में उनकी तीन साल की बेटी भी शामिल थी। इस मामले में दोषी ठहराए गए 11 लोगों को गुजरात सरकार की छूट नीति के तहत 15 अगस्त को गोधरा उप-जेल से रिहा कर दिया गया था।

## जल्दी स्पष्ट...

तो उसके बाद पूछिएगा, आपके सवाल का जवाब देंगे। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की हार के बाद उन्होंने अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था और उसके बाद से हर मौके पर वह इस पद को लेने से इनकार करते रहे हैं। उन्होंने एक अन्य सवाल के जवाब में कहा कि वह अपना फैसला (अध्यक्ष पद को लेकर) स्पष्ट रूप से कर चुके हैं कि वह क्या करने का जा रहे हैं। राहुल गांधी ने ऐसे समय यह बयान दिया है जब कुछ दिनों पहले ही अध्यक्ष पद के चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा हुई है।

## सुप्रीम कोर्ट...

कहा जाए। कप्पन पिछले दो वर्ष से जेल में है। अदालत ने उत्तर प्रदेश सरकार की दलीलों पर भी ध्यान दिया और जमानत के लिए कई शर्तें रखीं, जिसमें जेल से रिहा होने के बाद कप्पन को अगले छह सप्ताह तक दिल्ली में रहना होगा और हर सप्ताह सोमवार को निजामुद्दीन पुलिस स्टेशन में रिपोर्ट करना होगा। पीठ ने आदेश में कहा, अपीलकर्ता को तीन दिनों के भीतर निचली अदालत में ले जाया जाएगा और उसकी उचित शर्तों पर जमानत पर रिहा किया जाएगा। पीठ ने कहा कि वह दिल्ली में निजामुद्दीन पुलिस के अधिकार क्षेत्र वाले इलाके में रहेंगे। न्यायालय ने कहा कि छह महीने की अवधि के बाद, वह केरल में अपने मूल स्थान मलप्पुरम की यात्रा कर सकता है और वहां भी उसे स्थानीय पुलिस स्टेशन में इसी तरह से उपस्थित होना होगा। आदेश में कहा गया है, अपीलकर्ता निचली अदालत की स्पष्ट सहमति के बिना दिल्ली के अधिकार क्षेत्र से बाहर नहीं जाएगा। अपीलकर्ता को अपना पासपोर्ट जांच एजेंसी के पास जमा करना होगा।

## लोकसभा चुनाव...

पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मीकांत वाजपेई झारखंड में पार्टी का कामकाज देखेंगे। पूर्व केंद्रीय मंत्री महेश शर्मा को त्रिपुरा की जिम्मेदारी दी गई है। सांसद विनोद सोनकर दो केंद्र शासित प्रदेशों- दादरा नगर हवेली और दमन दीव में पार्टी के प्रभारी होंगे। राज्यसभा सदस्य राधा मोहन अग्रवाल लक्षद्वीप के प्रभारी होंगे। इस बीच, भाजपा महासचिव अरुण सिंह राजस्थान के और पी. मुरलीधर राव मध्य प्रदेश के प्रभारी बने रहेंगे। पार्टी ने कुछ सह-प्रभारी भी नियुक्त किए हैं। पार्टी के राष्ट्रीय सचिव नरेंदर सिंह रैना को पंजाब, अरविंद मेनन को तेलंगाना, विजय राहतकर को राजस्थान और आशा लकड़ा को पश्चिम बंगाल के लिए सह-प्रभारी बनाया गया है। पार्टी की राष्ट्रीय सचिव पंकजा मुंडे और राम शंकर कठेरिया मध्य प्रदेश के सह-प्रभारी बने रहेंगे जबकि नितिन नबीन छत्तीसगढ़ के लिए सह-प्रभारी होंगे।

## कुत्ता काटे...

कोर्ट के फैसले में आवारा कुत्तों को पकड़ने और नष्ट करने की अनुमति दी गई थी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने कहा कि इस मामले का समाधान खोजना होगा। वह खुद कुत्ता प्रेमी हैं और उनकी तरह यहां मौजूद कई अन्य लोग भी कुत्ते प्रेमी हैं। सुझाव यह है कि कुत्तों को खिलाने वाले लोगों को ऐसा करने की अनुमति दी जानी चाहिए, लेकिन कुत्तों के टीकाकरण की जिम्मेदारी भी उन्हीं पर हो और यदि ये कुत्ते किसी पर हमला करते हैं तो क्षतिपूर्ति इन कुत्ता प्रेमियों से ली जाए। लाइव लॉ पोर्टल के अनुसार, पीठ ने अंतरिम राहत पर सुनवाई के लिए मामले की सुनवाई 28 सितंबर की तारीख तय की है।

## ब्रिटेन देगा...

सेंट पॉल कैथेड्रल तक भी पार्थिव देह को ले जाया जाता है। राजकीय अंतिम संस्कार में 21 तोपों की सलामी दी जाती है। महारानी एलिजाबेथ के अंतिम संस्कार में शाही परिवार के वरिष्ठ सदस्यों के ताबूत के पीछे चलने की संभावना है। बाद में, रानी के ताबूत को सेंट जॉर्ज चैपल में एक टेलीविज़न कमिटल सर्विस के लिए विंडसर कैसल ले जाया जाएगा। उसके बाद उन्हें किंग जॉर्ज-6 मेमोरियल चैपल में उनके पति प्रिंस फिलिप, उनकी बहन राजकुमारी मार्गरेट की राख, उनकी मां, (उन्हें भी एलिजाबेथ ही कहा जाता है) और पिता जॉर्ज-6 के पास ही दफना दिया जाएगा। ब्रिटेन में पिछली बार राजकीय अंतिम संस्कार 1965 में चर्चिल का किया गया था और किसी राजा का अंतिम बार राजकीय अंतिम संस्कार 1952 में महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के पिता जार्ज षष्ठम का किया गया था। उनके चार बच्चों में सबसे बड़े चार्ल्स प्रिंस ऑफ वेल्स को राजा बना दिया गया है। उन्हें 1685 के बाद से सिंहासन पर बैठने वाले उस नाम के पहले राजा, किंग चार्ल्स-3 के रूप में जाना जाएगा। चार्ल्स ने अपनी मां की मृत्यु को परिवार के लिए सबसे बड़े दुख का क्षण करार दिया।

## भारत में...

नरेंद्र मोदी ने महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के निधन पर शोक व्यक्त किया है। विदेश मंत्रालय के एक बयान में कहा कि महारानी हमारे समय की दिग्गज थीं। वह एक दयालु व्यक्तित्व, जिन्होंने अपने राष्ट्र व लोगों को प्रेरक नेतृत्व प्रदान किया।

## तीन बार...

नींव रखी हुई है। महारानी का अंतिम संस्कार 19 सितंबर को सेंट्रल लंदन में पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। जिसे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी जाती है, उनकी पार्थिव देह को तोप गाड़ी पर ले जाया जाता है जिसे रॉयल नेवी के सैनिक खींचते हैं। पार्थिव देह को संसद भवन में वेस्टमिंस्टर हॉल ले जाया जाता है। इसके बाद वेस्टमिंस्टर आबे या बार महारानी एलिजाबेथ द्वितीय का भव्य स्वागत किया गया था जहां उन्होंने तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की मौजूदगी में बड़ी सभा को संबोधित किया और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के एक परिसर का औपचारिक उद्घाटन भी किया था। इस दौरे में शाही दंपती ने मुंबई, चेन्नई और कोलकाता भी दौरा किया एवं आगरा में ताज महल का दीदार भी किया था।

## ग्रेटर नोएडा...

के संबंधित विभागों ने इसका परीक्षण भी कर लिया है। इसे शीघ्र ही एनएमआरसी को भेजा जाएगा। एनएमआरसी ही इस मेट्रो ट्रैक के निर्माण के लिए एजेंसी का चयन करेगी और इस प्रोजेक्ट को पूरा कराएगी। डिपो से बोड़ाकी तक दो मेट्रो स्टेशन जुनपत व बोड़ाकी होंगे। यह ट्रैक भी एलिवेटेड होगा। वहीं, नोएडा के सेक्टर-51 से ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क-5 तक प्रस्तावित मेट्रो परियोजना के लिए कास्टिंग यार्ड की जगह सेक्टर-दो के पास चिह्नित कर ली गई है। एनएमआरसी को इसकी सूचना दे दी गई है। प्राधिकरण की तरफसे यह जानकारी बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत की गई है।

# वंशवाद की राजनीति के खिलाफ लड़ रही है भाजपा

भाषा। रायपुर



**भारतीय जनता पार्टी** के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शुक्रवार को क्षेत्रीय दलों को पारिवारिक पार्टी करार देते हुए उन पर निशाना साधा और कहा कि उनकी पार्टी अपनी विचारधारा को लेकर देश में वंशवाद की राजनीति के खिलाफ लड़ रही है। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में बूथ स्तरीय पार्टी कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को संबोधित करते हुए नड्डा ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर छत्तीसगढ़ के लोगों को लूटने और राज्य को कांग्रेस पार्टी का एटीएम बनाने का भी आरोप लगाया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पदभार संभालने के बाद कांग्रेस शासित राज्य के अपने पहले दौरे पर आए नड्डा ने पार्टी कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेशों को ले जाने और उनके नेतृत्व में किए जा रहे कार्यों से लोगों को अवगत कराने की अपील की।

नड्डा ने कहा कि भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है जिसके पास लोगों की सेवा करने की विचारधारा है। उन्होंने कहा, हमारी लड़ाई वंशवाद की राजनीति के खिलाफ है। जम्मू-कश्मीर से लेकर तमिलनाडु तक हम इसके खिलाफ लड़ रहे हैं। जम्मू-कश्मीर में लड़ाई नेशनल कांफ्रेंस और पीडीपी, पंजाब में सिरोमणी अकाली दल, उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी, बिहार में राजद, ओडिशा में बीजद, पश्चिम बंगाल में टीएमसी जो बुआ-भतीजे ममता बनर्जी और अभिषेक की पार्टी है। इसी तरह आंध्र प्रदेश में जगनमोहन रेड्डी की पार्टी, तेलंगाना में टीआरएस और तमिलनाडु में एमके स्टालिन की पार्टी के खिलाफ लड़ाई है। ए सभी पार्टियां पारिवारिक पार्टियां हैं। परिवार की वजह से उद्धव ठाकरे की शिवसेना टूट गई।

भाजपा अध्यक्ष ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी पर निशाना साधते हुए कहा, इसी तरह छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल भाई-बहन की पार्टी चला रहे हैं। उन्होंने कहा, भाजपा अपनी वैचारिक पृष्ठभूमि के साथ वंशवाद की राजनीति के खिलाफ लड़ेगी। भाजपा के अलावा अब विचारधारा वाली कोई पार्टी नहीं है। भारत जोड़ो यात्रा को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए नड्डा ने कहा, जो लोग अपने घर को ठीक से रखने में विफल रहे हैं, उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा शुरू की है। भाजपा नेता ने कहा कि उन्हें उन लोगों को समझना होगा जो पिछले 50 सालों से उनसे जुड़े हुए थे, उन्होंने पार्टी क्यों छोड़ी।

नड्डा ने कहा कि भूपेश बघेल सरकार ने कई विकास कार्यों को रोक दिया है और वह केवल छत्तीसगढ़ के लोगों को लूटना चाहती है। नड्डा ने कहा, बघेल सरकार ने छत्तीसगढ़ को कांग्रेस पार्टी के लिए एटीएम बना दिया है और राज्य के लोगों को लूटने में लिप्त है। यह एक परिवार (गांधी परिवार का हवाला देते हुए) की सेवा में लगे हुए हैं। कांग्रेस सरकार राज्य में आयुष्मान भारत योजना के तहत अपना हिस्सा नहीं देती है, लेकिन दिल्ली (कांग्रेस नेतृत्व को) पैसे की किस्त भेजना नहीं भूलती है। नड्डा शुक्रवार से रायपुर के चार दिवसीय दौरे पर हैं। रायपुर पहुंचने के बाद विमानतल पर पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने नड्डा का स्वागत किया। बाद में उन्होंने दीनदयाल उपाध्याय चौक तेलीबांधा से पार्टी के रायपुर जिला कार्यालय एकात्म परिसर तक रोड शो किया।

## हैदराबाद में गणेश विसर्जन कार्यक्रमः बालापुर लड्डू हुआ 24.60 लाख रुपए में नीलाम

**हैदराबाद।** हैदराबाद के बालापुर गणेश का 21 किलोग्राम का प्रसिद्ध लड्डू शुक्रवार को 24.60 लाख रूपए में नीलाम हुआ। स्थानीय व्यापारी वी लक्ष्मा रेड्डी ने यह लड्डू खरीदा। पिछले साल लड्डू 18.90 लाख रुपए में नीलाम हुआ था। स्थानीय लोगों की मान्यता है कि इस लड्डू से खरीददार को सौभाग्य, बेहतर स्वास्थ्य, संपदा एवं समृद्धि मिलती है। विसर्जन के लिए मूर्ति के प्रस्थान के पहले यह नीलामी होती है। इस बीच शहर में गणेश की मूर्तियों का विसर्जन बड़े पैमाने पर हो रहा है और पुलिस ने इस संबंध में व्यापक इंतजाम किया है। विसर्जन कार्यक्रम शनिवार अपराह्न तक चलने की संभावना है। वर्षा होने के बाद भी यह कार्यक्रम धार्मिक हर्षोल्लास मनाया जा रहा है। पुलिस महानिदेशक महेंद्र रेड्डी ने कहा कि तीन पुलिस आयुक्त क्षेत्रों--हैदराबाद, साइबराबाद और राचाकोंडा में इस कार्यक्रम के सुचारु संचालन के लिए 35000 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं।



मुंबई में गणेश चतुर्थी के बाद भगवान गणेश की प्रतिमा को विसर्जित करने ले जाते हुए श्रद्धालु।

## भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्रियों अन्य वरिष्ठ नेताओं को विभिन्न प्रदेशों का प्रभारी बनाया

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्रियों और पूर्व केंद्रीय मंत्रियों समेत कई वरिष्ठ नेताओं को संगठनात्मक कार्य के लिए विभिन्न प्रदेशों में पार्टी मामलों का प्रभारी नियुक्त किया। नवनियुक्त प्रभारियों में पूर्व मुख्यमंत्रियों विजय रूपाणी और बिप्लव कुमार देब के अलावा पूर्व केंद्रीय मंत्रियों प्रकाश जावड़ेकर और महेश शर्मा का नाम शामिल है। भाजपा ने महासचिव विनोद तावड़े को बिहार का नया प्रभारी और बिहार के पूर्व मंत्री मंगल पांडे को पश्चिम बंगाल का प्रभारी बनाया है। भाजपा ने एक बयान में कहा कि भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा को पूर्वोत्तर राज्यों का समन्वयक बनाया गया है जबकि पार्टी के राष्ट्रीय सचिव ऋतुराज सिन्हा संयुक्त समन्वयक होंगे। यह नियुक्तियां महत्वपूर्ण हैं क्योंकि कई वरिष्ठ नेताओं, जिनके पास वर्तमान में कोई संगठनात्मक पद नहीं था, को नई जिम्मेदारी दी गई है। रूपाणी पंजाब और चंडीगढ़ के प्रभारी होंगे जबकि देब हरियाणा के प्रभारी होंगे। वहीं, जावड़ेकर केरल में पार्टी का कामकाज देखेंगे। बयान के मुताबिक, पार्टी के वरिष्ठ नेता और इसकी केंद्रीय चुनाव समिति के सदस्य ओम माथुर छत्तीसगढ़ के प्रभारी होंगे। पार्टी की उत्तर प्रदेश इकाई के पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मीकांत वाजपेई झारखंड में पार्टी का कामकाज देखेंगे। महेश शर्मा को त्रिपुरा की जिम्मेदारी दी गई है।

## कंटेनरों में न्यूनतम बुनियादी सुविधाएं, यात्रा को बदनाम करने की कोशिश हो रहीः कांग्रेस

**कन्याकुमारी।** कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि भारत जोड़ो यात्रा में शामिल लोगों के रात्रि विश्राम के लिए जो कंटेनर तैयार किए गए हैं न्यूनतम बुनियादी सुविधाएं हैं, इस यात्रा को बदनाम करने के लिए कंटेनरों की सुविधाओं को लेकर झूठ फैलाया जा रहा है। मुख्य विपक्षी दल का दावा है कि यह झूठ भाजपा के आईटी प्रकोष्ठ से जुड़े लोगों ने फैलाया है। जयराम रमेश ने यहां संवाददाताओं से कहा, यहां एक बिस्तर वाला कंटेनर हैं जिसमें राहुल गांधी रह रहे हैं। कुछ कंटेनर दो बिस्तर, चार बिस्तर, छह बिस्तर और 12 बिस्तर वाले हैं। दो बिस्तरों वाले कंटेनर रेल के द्वितीय श्रेणी के डिब्बे की तरह है। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री के प्रोत्साहन पर भाजपा की आईटी सेल की तरफ से इन कंटेनर को लेकर विभिन्न आरोप लगाए गए हैं ताकि भारत जोड़ो यात्रा को बदनाम किया जा सके। इससे साबित होता है कि भाजपा इस यात्रा को लेकर घबराई हुई है। कंटेनरों में न्यूनतम बुनियादी सुविधाएं हैं और भाजपा के लोगों यहां आकर यह सब देखना चाहिए। मैं तो कहता हूं कि अमित शाह और अमित मालवीय यहां आकर देख सकते हैं। कांग्रेस ने आज यहां नागरक्कायल इलाके में ट्रकों पर लदे 60 कंटेनरों को मीडिया के लिए खोला। राहुल जिस कंटेनर में रह रहे हैं उसमें एक बेड, छोटा सोफा, एक एसी, एक छोटा रेफ्रिजरेटर और अटैच शौचालय है। इसमें महात्मा गांधी की मार्च वाली एक तस्वीर भी लगी है। भारत जोड़ो यात्रा में शामिल राहुल और अन्य यात्री कुल 60 कंटेनर में रात्रि विश्राम करते हैं तथा प्रतिदिन इन कंटेनर को ट्रक के जरिए दूसरे स्थान पर ले जाया जाएगा। राहुल समेत कुल 230 लोगों ने सात और आठ सितंबर को 60 कंटेनर में रात्रि विश्राम किया। कांग्रेस ने बृहस्पतिवार देर रात इन कंटेनरों के भीतर के कुछ वीडियो जारी किए जिनमें बिस्तरों, शौचालय को दिखाया गया। कुछ कटेनरों में एसी लगे हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने यहां विवेकानंद पॉलिटेक्निक से 118 अन्य भारत यात्रियों और कई अन्य वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ पदयात्रा की शुरुआत की।



## भारत जोड़ो यात्रा से विपक्षी दलों को साथ लाने में मदद मिलेगीः राहुल गांधी

**कन्याकुमारी।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि उनकी पार्टी की ओर से निकाली गई भारत जोड़ो यात्रा एक अलग कवायद है, लेकिन इससे विपक्षी एकजुटता में मदद मिलेगी। कन्याकुमारी से शुरू की गई अपनी पदयात्रा के दूसरे दिन उन्होंने संवाददाताओं से बातचीत में यह दावा भी किया कि उनकी इस यात्रा का मकसद लोगों यह बताना है कि भारत बदल गया है और देश के संस्थागत ढांचे पर कब्जा कर लिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि देश में एक नजरिए को थोपा जा रहा है। यह पूछे जाने पर क्या उनकी इस यात्रा से विपक्षी एकजुटता को बल मिलेगा, तो उन्होंने कहा, निश्चित तौर पर इस यात्रा से विपक्ष को साथ लाने में मदद मिलेगी, लेकिन यह यात्रा एक अलग कवायद है। उन्होंने एक अन्य सवाल के जवाब में कहा कि यह विपक्षी दलों की जिम्मेदारी है कि वे साथ आएं। राहुल गांधी ने कहा, हर राजनीतिक दल की भूमिका है। सिर्फ कांग्रेस ही एकमात्र पार्टी नहीं है। इसमें हर पार्टी की भूमिका है और इसको लेकर बातचीत चल रही है।

## क्विक न्यूज

### त्रिपुरा में बांग्लादेश से घुसपैठ के मामलों की जांच करेगी एसआईटी

**अगरतला।** त्रिपुरा पुलिस का विशेष जांच दल (एसआईटी) बांग्लादेश से घुसपैठ के मामलों की जांच करेगा। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। राज्य की राजधानी अगरतला के बाहरी इलाकों राजनगर और रामनगर में सोमवार और मंगलवार को 27 बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिए जाने के बाद यह फैसला किया गया। हाल में, पश्चिम त्रिपुरा के सिधाई इलाके से 20 बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया गया था। उन्होंने कहा, हाल के दिनों में अवैध रूप से घुसने की कोशिश कर रहे बांग्लादेशी नागरिकों को बड़ी संख्या में गिरफ्तार किया गया है और त्रिपुरा के विभिन्न पुलिस थानों में विशेष मामले दर्ज किए गए हैं ... त्रिपुरा में बांग्लादेश से अवैध प्रवासियों के आने से संबंधित मामलों की हाल में पुलिस मुख्यालय में वरिष्ठ स्तर पर समीक्षा की गई थी। अधिकारी ने बताया कि यह फैसला किया गया कि महत्वपूर्ण मामलों को एसआईटी को सौंपा जाएगा, ताकि ऐसी राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में शामिल संगठित नेटवर्क की पहचान करने के लिए त्रिपुरा और केंद्रीय स्तर की अन्य सुरक्षा एजेंसियों के समन्वय से गहन जांच की जा सके। उन्होंने बताया कि बांग्लादेशी नागरिकों की घुसपैठ से जुड़े छह महत्वपूर्ण मामले जांच के लिए एसआईटी को सौंपे गए हैं। उन्होंने बताया कि पश्चिम, सिपाहीजला, उनाकोटी और उत्तरी जिलों के कुछ बिना बाड़ वाले सीमावर्ती क्षेत्रों से घुसपैठ की सूचना मिली है। उन्होंने कहा कि सीमा पार से घुसपैठ को रोकने के लिए सीमा सुरक्षा बल को सतर्क कर दिया गया है।

### कुल्लू पर्वत पर चढ़ाई करने वाले पश्चिम बंगाल के चार पर्वतारोही लापता

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में माउंट अली रत्नी टिब्बा की चढ़ाई करने वाले पश्चिम बंगाल के चार पर्वतारोही लापता हो गए हैं। राज्य के आपदा प्रबंधन अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसडीएमए) के निदेशक सुदेश मोख्ता ने बताया कि चारों पर्वतारोहियों की पहचान अभिजीत बानिक (43), चिन्मय मंडल (43), दिबाश दास (37) और बिनॉय दास (31) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पर्वतारोही बुधवार को लापता हो गए थे। मोख्ता ने बताया कि एक रसोइया, और अभियान के दो सदस्य मलाणा के पास वाकेम लौट आए थे और अधिकारियों को चार लापता लोगों के बारे में सूचित किया था। उन्होंने बताया कि अटल बिहारी वाजपेई पर्वतारोहण और संबद्ध खेल संस्थान (एबीवीआईएमएएस) मनाली से लापता पर्वतारोहियों की तलाश के लिए बचाव दल को इकट्ठा किया है। मनाली के उप-मंडल मजिस्ट्रेट ने एबीवीआईएमएएस के दल के साथ जरी में एक स्थानीय बचाव दल को भी भेजा है। उन्होंने कहा कि बचाव दल को प्रभावी और त्वरित कार्वाई के लिए सैटेलाइट फोन के साथ रवाना किया गया है।

### मंगलकोट हिंसा मामले में अदालत ने अनुब्रत मंडल को बरी किया

**कोलकाता** तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनुब्रत मंडल और 13 अन्य लोगों को बीरभूम जिले के मंगलकोट में 2010 में हुई हिंसा के एक मामले में शुक्रवार को यहां एक सांसदाविधायक अदालत ने बरी कर दिया। मंडल और 13 अन्य लोग मार्च, 2010 में राजनीतिक हिंसा के एक मामले में आरोपी थे। उस घटना में कुछ लोग घायल हो गए थे। न्यायाधीश ने मंडल और अन्य को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष गवाहों के बयान से यह साबित नही कर सका कि हिंसा के समय आरोपी मौजूद थे। आरोप है कि मंगलकोट के एक गांव में तृणमूल कांग्रेस समर्थकों के साथ झड़प में उस समय सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के कुछ कार्यकर्ता घायल हो गए थे। मंडल ने अदालत से बरी होने के बाद दावा किया कि उन्हे मामले में फंसाया गया था। तृणमूल कांग्रेस नेता मंडल मवेशी तस्करी के एक मामले में केंद्रीय अन्वेषय ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद फिलहाल न्यायिक हिरासत में है।

### असम सरकार ने प्राथमिक, मा. शिक्षा विभागों का विलय किया

**गुवाहाटी।** असम सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में मौजूदा दो विभागों का विलय करके नए स्कूली शिक्षा विभाग का गठन करने का निर्णय लिया है। एक आधिकारिक अधिसूचना में यह जानकारी दी गई है। अधिसूचना के अनुसार, प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा विभागों को आपस में जोड़कर एक नया विभाग बनाया जा रहा है। विलय के बाद दोनों विभागों के सभी अधिकारी और कर्मचारी स्कूली शिक्षा विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत आएंगे। उसमें कहा गया है कि दोनों मौजूदा विभागों के साथ फिलहाल होने वाला सारा संवाद भी अब नए विभाग के नाम से होगा। प्रशासनिक सुधार विभाग ने इस सप्ताह की शुरुआत में यह अधिसूचना जारी की। हालांकि, अधिसूचना में विलय का कारण नही बताया गया है।

## पीएम 17 सितंबर को मप्र के कुनो नेशनल पार्क में चीतों को दो बाड़ों में छोड़ेंगे

- जमीन पर सबसे तेज दौड़ने वाले नर व मादा चीतों को अफ्रीका के नमीबिया से यहां लाया जा रहा

भाषा। भोपाल

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** अफ्रीका से लाए जाने वाले चीतों को अगले सप्ताह मध्यप्रदेश के श्योपुर जिले के कुनो राष्ट्रीय उद्यान में (केएनपी) के दो बाड़ों में छोड़ेंगे। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि जमीन पर सबसे तेज दौड़ने वाले प्राणी चीतों को देश में बसाने की भारत की महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत नर एवं मादा चीतों को अफ्रीका के नमीबिया से यहां लाया जा रहा है। पांच नर और तीन मादा समेत आठ चीतों के 17 सितंबर को नामीबिया से केएनपी पहुंचने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने जन्मदिन के मौके पर इस परियोजना की शुरूआत करेंगे। अधिकारियों ने कहा कि इन चीतों को बड़े स्थानों पर स्थानांतरित करने के पहले शुरू में छोटे लेकिन खुले बाड़े में रखा जाएगा और जब वे एक बार स्थानीय वातावरण के साथ अभ्यस्त हो जाएंगे तो विशेषज्ञों द्वारा समीक्षा के बाद नर चीतों को खुले वन क्षेत्रों में छोड़ दिया जाएगा और इसके बाद मादा चीतों को मानक प्रोटोकॉल के अनुसार छोड़ा जाएगा। आमतौर पर नर चीते जंगल में दो से तीन के छोटे समूह में रहते हैं।

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को प्रधानमंत्री के शामिल होने वाले चीता प्रतिस्थापना कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। आयोजन के लिए की जा रही व्यवस्थाओं की समीक्षा के दौरान राज्य के वन मंत्री विजय शाह और अन्य शीर्ष अधिकारी चौहान के साथ थे। समीक्षा बैठक के दौरान चौहान ने कहा, चीतों को नामीबिया से केएनपी में स्थानांतरित करके उनका पुनर्वास करना राष्ट्रीय महत्व का काम है।

बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री मोदी दो नर चीतों को एक बाड़े में और एक मादा चीता को दूसरे बाड़े में छोड़ेंगे। बैठक में मुख्यमंत्री ने चीतों के लिए पर्याप्त शिकार की उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। अधिकारी ने कहा कि वन कर्मचारियों ने चीतों के प्रबंधन के लिए नामीबिया में प्रशिक्षण लिया है। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि केएनपी में चीतों के लिए अच्छा शिकार आधार है। भारतीय वन्यजीव संस्थान के विशेषज्ञों ने भी चीतों के पुनर्वास के लिए देश में लगभग दस स्थानों की तलाशी लेने के बाद इस क्षेत्र का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश का स्थानान्तरण रिकॉर्ड अच्छा रहा है क्योंकि 2009 में पन्ना में बाघों को सफलतापूर्वक पुन: लाया गया था।

अधिकारी ने कहा कि 750 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में फैले केएनपी में करीब दो दर्जन चीतों के लिए पर्याप्त जगह है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, श्योपुर और उससे सटे शिवपुरी जिले के बीच 3,000 वर्ग किलोमीटर का अतिरिक्त क्षेत्र पृथ्वी पर सबसे तेज गति से चलने वाले जानवर को रहने के लिए पर्याप्त जगह देगा। मुख्यमंत्री ने 17 सितंबर को श्योपुर जिले के कराहल में आयोजित होने वाले महिला स्वयं सहायता समूह कार्यक्रम की तैयारियों की भी समीक्षा की। मोदी 17 सितंबर को कराहल में महिला स्वयं सहायता समूहों के एक समारोह को भी संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए एक प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। देश में अंतिम चीते की मृत्यु 1947 में कोरिया जिले में हुई थी, जो वर्तमान छत्तीसगढ़ में है। इस प्रजाति को 1952 में भारत से विलुप्त घोषित किया गया था।अफ्रीका चीता इंट्रोडक्शन प्रोजेक्ट इन इंडिया 2009 से चल रहा है जिसने हाल ही के कुछ सालों में गति पकड़ी है। भारत ने चीतों के आयात के लिए नामीबिया सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

## 18 महीने में पौधा संरक्षण अधिकारी की संपत्ति 23 लाख से बढ़कर दो करोड़ रुपए हुईः सीबीआई प्राथमिकी

भाषा। नई दिल्ली

**भ्रष्टाचार** के मामले में सीबीआई जांच का सामना कर रहे एक पौधा संरक्षण अधिकारी की संपत्ति कथित तौर पर 18 महीने के भीतर 23 लाख रुपए से बढ़कर दो करोड़ रुपए से अधिक हो गई जिसके परिणामस्वरूप उसके खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने संबंधी एक नई प्राथमिकी दर्ज की गई। अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने विशाखापत्तनम में तैनात पौधा संरक्षण अधिकारी पद्म सिंह की संपत्तियों की पड़ताल की जिसके खिलाफ छह हजार रुपए की रिश्वत मांगने के आरोप में मामला दर्ज किया गया था।

उन्होंने कहा कि दिसंबर 2020 और जुलाई 2022 के बीच विशाखापत्तनम में उसकी तैनाती के दौरान कथित तौर पर अर्जित उसकी संपत्ति की पड़ताल से पता चला कि उसकी संपत्ति इस अवधि के दौरान 23.29 लाख रुपए से बढ़कर 2.12 करोड़ रुपए हो गई।

अधिकारियों ने बताया कि इस संपत्ति में 1.86 करोड़ रुपए से अधिक की नकदी भी शामिल है जो छापेमारी के दौरान जब्त कर ली गई। उन्होंने कहा कि इस संपत्ति में रुड़की में प्लॉट, 32 लाख रुपए से अधिक के आभूषण, बैंक खाते में जमा 10 लाख रुपए और अन्य शामिल हैं।

सीबीआई द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी के अनुसार, उसके वेतन और ब्याज पर विचार करने के बाद, जो 11.62 लाख रुपए था तथा इस अवधि के दौरान उसके द्वारा किए गए खर्च को ध्यान में रखते हुए सीबीआई ने निष्कर्ष निकाला कि 18 महीने के भीतर सिंह द्वारा अर्जित संपत्ति 1.98 करोड़ रुपए से अधिक की है जिसका वह संतोषजनक हिसाब नहीं दे सका।

## अफ्रीका से चीतों के आने से पहले केएनपी के आसपास 1,000 से अधिक कुत्तों को रेबीज-रोधी टीके लगाए गए

**भोपाल।** भारत की महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत अगले सप्ताह चीतों को अफ्रीका से लाए जाने के मद्देनजर मध्य प्रदेश के कुनो राष्ट्रीय उद्यान (केएनपी) के आसपास लगभग 1,000 कुत्तों को रेबीज-रोधी टीके लगाए गए हैं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि इस कदम का मकसद चीतों को रेबीज से बचाना है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस सप्ताह के प्रारंभ में कहा था कि पांच नर और तीन मादा सहित आठ चीतों के 17 सितंबर को नामीबिया से केएनपी पहुंचने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने जन्मदिन के मौके पर उस दिन चीता पुनरुत्पादन परियोजना को शुरू करेंगे।

केएनपी के वन मंडलाधिकारी पी.के. वर्मा ने कहा, केएनपी की पांच किलोमीटर की परिधि में स्थित गांवों में एक हजार से अधिक आवारा और घरेलू कुत्तों को यह सुनिश्चित करने के लिए रेबीज-रोधी टीके लगाए गए हैं कि चीतों सहित अन्य जंगली जानवर अभयारण्य में सुरक्षित रहें। हालांकि, उन्होंने इस बात से इंकार किया कि कुत्तों को टीका इसलिए लगाया जा रहा है क्योंकि चीते उनका शिकार कर सकते हैं। वन अधिकारी ने स्वीकार किया कि यह पहली बार है, जब उद्यान के अधिकारियों ने बड़े पैमाने पर रेबीज-रोधी टीकाकरण अभियान चलाया।

वर्मा ने कहा, आमतौर पर जब तेंदुआ एक जानवर को मारता है तो शव के एक हिस्से को खाने के बाद शेष बचे भाग को बाद में खाने के लिए छोड़ देता है। इस बीच, यदि एक पागल कुत्ता उस तेंदुए के शिकार के बचे हिस्से को खाता है और फिर तेंदुआ उस हिस्से को खाता है तो तेंदुए और जंगल के अन्य जानवरों को रेबीज हो सकता है। गौरतलब है कि सितंबर 2013 में एक पागल कुत्ते ने पन्ना टाइगर रिजर्व में तीन साल के एक बाघ की पूंछ काट ली थी। बाद में वन विभाग द्वारा बाघ पी-212 को तथा जंगली जानवरों विशेषकर बाघों को बचाने के लिए रेबीज-रोधी टीका लगाया गया था। वर्मा ने कहा, यदि एक पागल कुत्ता जंगल के आसपास मवेशियों को काटता है और अगर उद्यान मे आने वाले किसी भी चीते द्वारा इसका शिकार किया जाता है तो संबंधित चीता संक्रमित हो सकता है और इससे अन्य चीतों में संक्रमण फैल सकता है। वर्मा ने कहा कि कुत्तों को रेबीज-रोधी टीका देने का जो अभियान अप्रैल में शुरू हुआ था, वह लगभग खत्म हो गया है। उन्होंने कहा कि कुत्तों को अन्य बीमारियों से बचाने के लिए भी टीका लगाया है। अधिकारी ने कहा कि लंबे समय से राष्ट्रीय उद्यान के आसपास के मवेशियों को टीके लगाने का काम किया जाता है लेकिन पहली बार चीतों की रक्षा के लिए कुत्तों पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

## मप्र विधानसभा में उठाएंगे पोषण आहार घोटालाः कमलनाथ

**भोपाल।** मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने शुक्रवार को कहा कि उनकी पार्टी राज्य सरकार की पोषण आहार योजना में कथित घोटाले को प्रदेश की विधानसभा में उठाएगी। इसके साथ ही उन्होंने इस घोटाले के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से त्यागपत्र की मांग की। कमलनाथ ने कहा कि नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि पूरक पोषण योजना में भ्रष्टाचार कैसे हुआ।

कमलनाथ में प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) कार्यालय में पत्रकारों से कहा, हम इस मुद्दे को विधानसभा में उठाएंगे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को नैतिक आधार पर त्यागपत्र दे देना चाहिए क्योंकि वह महिला एवं बाल कल्याण विभाग (जो इस योजना को लागू कर रहा है) का नेतृत्व कर रहे हैं। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया, इस भ्रष्टाचार ने गरीब बच्चों का पोषण छीन लिया है और इसलिए मुख्यमंत्री को पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के महालेखाकार की रिपोर्ट में इस योजना में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार को उजागर किया गया है, जिसमें खाद्य पदार्थों को लाने के लिए उपयोग किए जाने वाले उन वाहनों का पंजीकरण नंबर भी शामिल है जो मोटरसाइकिल, कार, ऑटोरिक्शा आदि के तौर पर पंजीकृत हैं।

उन्होंने कहा कि समाज का हर वर्ग भाजपा की इस व्यवस्था से आहत है। प्रदेश के मुख्यमंत्री रह चुके कमलनाथ ने कहा कि खाद-बीज ने मिलने से किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भ्रष्टाचार की एक प्रणाली स्थापित हो गई है जिसे हम समय-समय पर बेनकाब करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस मध्यप्रदेश में भाजपा सरकार के खिलाफ चार्जशीट तैयार कर रही है और इसे उचित समय पर जारी करेगी।

## नेताजी प्रतिमाः विशाल पत्थर दिल्ली लाने में राजमार्गों पर कई टोल प्लाजा के फाटक तोड़ने पड़े

**नई दिल्ली।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा के लिए विशाल ग्रेनाइट पत्थर को तेलंगाना से लेकर दिल्ली लाने वाले 100 फुट लंबे ट्रक को गुजरने के लिए राजमार्गों पर कुछ टोल प्लाजा के फाटकों को अस्थाई रूप से तोड़ना पड़ा ताकि ट्रक को निकलने का रास्ता देने के लिए उन्हें चौड़ा किया जा सके। तेलंगाना के खम्मम में एक खदान से टेलीफोन ब्लैक स्टोन की आपूर्ति दिल्ली स्थित ग्रेनाइट स्टूडियो इंडिया ने की। ग्रेनाइट स्टूडियो इंडिया के निदेशक रजत मेहता ने कहा कि खदान से इसे राजमार्ग तक ले जाने के लिए एक अस्थाई सड़क बनानी पड़ी थी। मेहता ने शुक्रवार को कहा, यह पत्थर का एक विशाल खंड था, जिसका वजन 280 मीट्रिक टन (एमटी) और लंबाई 32 फुट थी। यह 11 फुट ऊंचा और 8.5 फुट चौड़ा था, जिसमें नेताजी की छवि बनाई गई। लेकिन इसे दिल्ली लाने में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। बोस की एक मूर्ति का निर्माण करने के लिए विशाल ग्रेनाइट को तराशा गया, जिसका वजन 65 मीट्रिक टन था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गत बृहस्पतिवार शाम यहां इंडिया गेट के सामने ऐतिहासिक छतरी में स्थापित की गई बोस की प्रतिमा का अनावरण किया। संस्कृति मंत्रालय ने पहले कहा था कि बड़े ट्रक को विशेष रूप से तेलंगाना से ग्रेनाइट खंड को नेशनल गैलरी ऑफ मॉडर्न आर्ट (एनजीएमए) तक ले जाने के लिए डिजाइन किया गया था और इनके बीच 1665 किलोमीटर की दूरी थी।

खदान से राष्ट्रीय राजमार्ग तक का हिस्सा कच्चा था और पत्थर को राजमार्ग तक ले जाने के लिए थोड़े समय में एक अस्थाई सड़क बनानी पड़ी थी। रास्ते में 100 फुट लंबे ट्रक के 42 टायर फट गए और इससे 72 घंटे खराब हो गए। ट्रक दिल्ली पहुंचने के लिए पांच राज्यों से गुजरा। संस्कृति मंत्रालय के अनुसार मूर्तिकारों की एक टीम ने बोस की 28 फुट ऊंची प्रतिमा को तराशने के लिए गहन प्रयास किया और इस पर कुल 26,000 मानव घंटे खर्च किए। विशाल पत्थर को दिल्ली लाना कोई आसान काम नहीं था। ट्रक इतना विशाल था कि राजमार्गों पर कई जगह कुछ टोल प्लाजा के फाटकों को अस्थाई रूप से तोड़ना पड़ा, खासकर वहां जहां अधिक मोड़ थे। इस तोड़फोड़ का मकसद फाटकों को चौड़ा करना था ताकि किसी चीज से टकराने के जोखिम के बिना ट्रक वहां से गुजर सके। मेहता के मुताबिक पुलिस ने विशाल पत्थर का महत्व समझने के बाद कई सीमावर्ती क्षेत्रों में ट्रक की अगवानी की। उन्होंने कहा कि ट्रक में चार चालक थे, जो इसे दिन-रात चलाकर लाए थे। मेहता ने बताया कि एक मुद्दा यह भी था कि विशाल ट्रक को आम तौर पर रात के समय चलाकर लाना था, जब सड़क का तापमान कम होता है। लेकिन दिन के समय भी इसे चलाने के कारण गर्मी की वजह से 42 टायर रास्ते में फट गए।

# ब्रिटेन की गद्दी पर बैठे 73 वर्षीय प्रिंस चार्ल्स





**एपी। लंदन**

**पूरी** जिंदगी ब्रिटेन की राजगद्दी संभालने की तैयारी करने के बाद अंततः 73 साल की उम्र में प्रिंस चार्ल्स को महाराज चार्ल्स तृतीय के रूप में देश की राजगद्दी पर बैठने का अवसर मिला है। ब्रिटेन की राजगद्दी पर बैठने वाले चार्ल्स सबसे अधिक उम्र के राजा होंगे। बृस्पतिवार को अपनी मां महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के निधन के बाद वह देश के अगले महाराज बने हैं।

ब्रिटिश राजशाही के अधिकारियों के मुताबिक, चार्ल्स किंग चार्ल्स थर्ड (महाराज चार्ल्स तृतीय) के नाम से राजगद्दी संभालेंगे। हालांकि अभी तक चार्ल्स की ताजपोशी की तारीख तय नहीं हुई है। जन्म के साथ ही देश की राजगद्दी के उत्तराधिकारी चार्ल्स ने ब्रिटिश राजशाही के आधुनिकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। चार्ल्स पहले ऐसे शाही उत्तराधिकारी हैं जिनकी शिक्षा घर में नहीं हुई है, साथ ही वह विश्वविद्यालय डिग्री पाने वाले और राजपरिवार और सामान्य जनता के बीच की कम होती दूरियों के दौर में मीडिया की पैनी नजरों के बीच जिंदगी गुजारने वाले भी पहले उत्तराधिकारी हैं। बेहद लोकप्रिय प्रिंसेस डायना के साथ काफी विवादित तलाक के बाद वह काफी अलग-थलग भी पड़े। उन्होंने राज परिवार के सदस्यों को सार्वजनिक मामलों में हस्तक्षेप करने से रोकने वाले नियम की भी कई बार अनदेखी की। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और वास्तुकलाओं के संरक्षण जैसे मुद्दों पर खुलकर चर्चा की। इतिहासकार एड ओवेन्स कहते हैं, अब उन्होंने खुद को पाया है, अपनी जिंदगी के वसंत में अब उन्हें सोचना पड़ेगा कि सार्वजनिक हस्ती के रूप में खुद को कैसे पेश करें। वह अपनी मां की लोकप्रियता के आसपास भी नहीं हैं। ओवेन्स ने कहा, चार्ल्स को अपनी जनता का साथ और समर्थन पाने का रास्ता निकालना होगा। दूसरे शब्दों में बात करें तो क्या चार्ल्स को अपनी जनता का प्यार मिलेगा? यह एक ऐसा सवाल है जो पूरी जिंदगी चार्ल्स के सामने सूरसा की तरह मुंह बाए खड़ा रहा है। बेहद रोबीले पिता के शर्मीले बेटे चार्ल्स ऐसे व्यक्ति के रूप में बड़े हुए जिन्हें कभी-कभी खुद के विचारों पर भी भरोसा नहीं होता था। एक तरफ उनकी मां थीं जो अपने विचारों को सार्वजनिक नहीं करना चाहती थीं, वहीं दूसरी तरफ चार्ल्स हैं जिन्होंने उनके दिल को छूने वाले मुद्दों जैसे जलवायु परिवर्तन, हरित ऊर्जा और वैकल्पिक दवाओं के विषय पर ना सिर्फ लेख लिखे हैं बल्कि सार्वजनिक भाषण भी दिए हैं। महाराज के रूप में चार्ल्स की ताजपोशी से ब्रिटेन की इस रस्मी राजशाही को लेकर फिर से बहस छिड़ने की संभावना है। ब्रिटेन की राजशाही को कुछ लोग जहां राष्ट्रीय एकता के प्रतीक के रूप में देखते हैं, वहीं कुछ लोग इसे सामंतवादी इतिहास का अवशेष मानते हैं। द फैमिली फर्म : मोनार्की, मास मीडिया एंड द ब्रिटिश पब्लिक, 1932-53 के लेखक ओवन्स का कहना है, हम राजा (महारानी) और पक्के तौर पर राजपरिवार को जानते हैं... उनसे राजनीतिक विचारधारा नहीं रखने की अपेक्षा होती है। उनका अपना कोई राजनीतिक विचार नहीं होना चाहिए। वास्तविकता है कि अगर उनका कोई झुकाव है, अगर आप चाहते हैं, तब भी उन्हें अपनी राजनीतिक विचाराबोली को लेकर बेहद सतर्क रहना होता है... वरना उन्हें असंवैधानिक व्यक्ति के रूप में देखा जाएगा। ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, न्यूजीलैंड और पापुआ न्यू गिनी सहित कुल 15 देशों के राजा के रूप में महाराज बनने वाले चार्ल्स ने हालांकि अपने कदमों का हमेशा से बचाव किया है। 2018 में बनी एक डॉक्यूमेंट्री प्रिंस, सन एंड एयर : चार्ल्स एट 70 (राजकुमार, पुत्र और उत्तराधिकारी : 70 की उम्र में चार्ल्स) में वह कहते हैं, मैं हमेशा सोचता हूं कि हस्तक्षेप क्या है, मैंने हमेशा सोचा कि यह प्रेरक है।

इसमें चार्ल्स ने कहा, मैं हमेशा इस उलझन में रहा कि क्या सुदूराछोटे शहरों की चिंता करना हस्तक्षेप है, जैसा कि मैंने 40 साल पहले किया था और वहां क्या हो रहा था, या नहीं हो रहा था, लोग किस हालत में रह रहे थे। अगर यह हस्तक्षेप है तो मुझे ऐसा करने पर गर्व है। इसी साक्षात्कार में हालांकि, चार्ल्स ने माना कि राजा के रूप में वह खुल कर नहीं बोल पाएंगे या फिर नीतियों में हस्तक्षेप नहीं कर सकेंगे क्योंकि ब्रिटेन के महाराज की भूमिका प्रिंस ऑफ वेल्स से अलग है। चार्ल्स ने कभी कहा था कि वे शाही परिवार के कामकाजी सदस्यों की संख्या कम करना चाहते हैं, खर्च घटाना चाहते हैं और आधुनिक ब्रिटेन का प्रतिनिधित्व करना चाहते हैं।

हालांकि, डायना से उनकी शादी टूटने के बाद राजगद्दी का उत्तराधिकारी होने को लेकर उन पर कई सवाल उठाए गए। इसके बाद जब उनकी उम्र ढलती गई तो उनके जवान बेटों ने सारा ध्यान अपनी ओर खींच लिया।

जीवनी लिखने वाली सैली बेडेल स्मिथ ने कहा, मुझे लगता है कि वे इसलिए निराश नहीं थे कि उन्हें राजगद्दी के लिए इतना इंतजार करना पड़ा है। मुझे लगता है कि उनकी मुख्य हताशा इस बात को लेकर थी कि उन्होंने इतना कुछ किया और उन्हें बहुत ज्यादा गलत समझा गया। वह अपनी मां और डायना के बीच की दोहरी जिंदगी में फंसे रहे। ब्रिटेन में लोगों की राजकुमारी डायना की पेरिस में एक कार हादसे में 1997 में हुई मौत से पहले उनसे की बेवफाई की बात स्वीकार करने के लिए चार्ल्स को माफ करने में लोगों को कई साल लग गए। हालांकि, 2005 में कैमिला पार्कर से विवाह करने के बाद जनता का रुख थोड़ा नरम पड़ गया। कैमिला ने चार्ल्स को जनता के करीब पहुंचाने में काफी मदद की और चार्ल्स ने उद्घाटन समारोह में शामिल होने, प्रार्थना स्थलों पर जाने जैसे ऐसे कई काम किए, जिनमें उनकी दिलचस्पी नहीं थी और साथ ही वह राजगद्दी के लिए इंतजार करते रहे। प्रिंस चार्ल्स फिलिप आर्थर जॉर्ज का जन्म 14 नवंबर 1948 को बकिंघम पैलेस में हुआ। जब उनकी मां 1952 में राजगद्दी पर बैठीं तो तीन साल के प्रिंस ड्यूक ऑफ कॉर्नवेल बने। वह 20 साल की उम्र में प्रिंस ऑफ वेल्स बने।चार्ल्स ने कैमब्रिज विश्वविद्यालय के ट्रीनिटी कॉलेज से इतिहास की पढ़ाई की और वह 1970 में ब्रिटिश शाही घराने के ऐसे पहले शख्स बने, जिसने किसी विश्वविद्यालय से डिग्री हासिल की।

## भारत की विविधता की प्रशंसक थीं महारानी एलिजाबेथ द्वितीय

**लंदन।** औपनिवेशिक शासन से भारत की आजादी के बाद 1952 मे ब्रिटिश सिंहासन पर काबिज होने वाली पहली ब्रितानी शासक महारानी एलिजाबेथ द्वितीय भारत की सामाजिक एवं सांस्कृतिक समृद्धि एवं विविधता की प्रशंसक थी। महारानी का बृहस्पतिवार को निधन हो गया। वह 96 वर्ष की थी। महारानी ने अपने 70 साल लंबे शासनकाल मे तीन बार-1961, 1983 और 1997- मे भारत की यात्रा की थी। इस दौरान महारानी ने देश मे मिली गर्मजोशी और आतिथ्य की खूब तारीफ भी की थी। उन्होंने अपने एक संबोधन मे कहा था, भारतीयो की गर्मजोशी और आतिथ्य-सत्कार के अलावा भारत की समृद्धि और विविधता हम सभी के लिए एक प्रेरणा रही है। 1961 मे महारानी एलिजाबेथ द्वितीय और उनके दिवंगत पति प्रिस फिलिप ने मुंबई, चेन्नई और कोलकाता का दौरा किया था। उन्होंने आगरा पहुंचकर ताज महल का दीदार करने के साथ ही नई दिल्ली मे राष्ट्रपिता के स्मारक राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि भी अर्पित की थी। एलिजाबेथ और फिलिप तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद के निमंत्रण पर भारत की गणतंत्र दिवस परेड मे सम्मानित अतिथि थे। महारानी ने दिल्ली के रामलीला मैदान मे हजारो लोगो की भीड़ को संबोधित भी किया था। महारानी ने 1983 मे राष्ट्रमंडल शासनाध्यक्षो की बैठक (चोगम) मे हिस्सा लेने के लिए भारत की यात्रा की थी। इस दौरान उन्होने मदर टेरेसा को ऑर्डर ऑफ द मेरिट की मानद उपाधि से नवाजा था। भारत की उनकी अंतिम यात्रा देश की आजादी की 50वी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में हुई थी। इस दौरान उन्होंने पहली बार औपनिवेशिक इतिहास के कठोर दौर का जिक्र किया था। उन्होंने कहा था, यह कोई रहस्य नही है कि हमारे अतीत में कुछ कठोर घटनाएं हुई है। जलियांवाला बाग एक दुखद उदाहरण है। महारानी और उनके पति ने बाद मे, ,1919 मे नरसंहार के गवाह बने अमृतसर के जलियांवाला बाग का दौरा किया था। इस दौरान उन्होने शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की थी। महारानी ने तीन पूर्व भारतीय राष्ट्रपतियों- 1963 मे डॉ राधाकृष्णन, 1990 में आर वेंकटरमण और 2009 में प्रतिभा पाटिल- की मेजबानी भी की थी। महारानी ने बकिंघम पैलेस में राष्ट्रपति पाटिल के लिए आयोजित राजकीय भोज के दौरान कहा था, ब्रिटेन और भारत का साझा पुराना इतिहास है जो आज इस नई सदी के लिए एक नई साझेदारी के निर्माण मे ताकत का मजबूत स्रोत है।

## महारानी की मौत से दुनिया में शोक की लहर : ट्रस

**लंदन।** ब्रिटेन की प्रधानमंत्री लिज ट्रस ने कहा है कि महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के निधन से ब्रिटेन और दुनिया भर मे शोक की लहर है। ट्रस ने शुक्रवार को संसद के विशेष सत्र की शुरुआत मे महारानी को श्रद्धांजलि अर्पित की। ट्रस ने महारानी को देश की सबसे महान राजनेता बताया और कहा कि कर्तव्य के प्रति उनका समर्पण सभी के लिए एक उदाहरण है। अपनी मृत्यु से ठीक दो दिन पहले, मंगलवार को महारानी द्वारा ट्रस को आधिकारिक तौर पर प्रधानमंत्री को नियुक्त किया गया था। ट्रस ने बैठक मे कहा, उन्होने अंतिम दिनो मे भी मेरे साथ उदारता से सरकार के अपने गहरे अनुभव साझा किए। संसद मे सामान्य कामकाज स्थगित कर दिया गया है और सांसद दो दिन महारानी के संबंध मे अपनी यादे साझा करेंगे। महारानी ने सात दशको तक शासन किया। बृहस्पतिवार को उनका निधन हो गया। वरिष्ठ सांसद नए सम्राट चार्ल्स तृतीय के प्रति शपथ लेंगे।

# जयशंकर, राजनाथ सिंह ने जापान के पीएम से मुलाकात की, द्विपक्षीय साझेदारी पर चर्चा की



**भाषा। तोक्यो**

**विदेश** मंत्री एस जयशंकर और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जापान के प्रधानमंत्री फुमिओ किशिदा से शुक्रवार को मुलाकात की और क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए दोनों देशों के हितों और नीतियों के निकट समन्वय की महत्ता को रेखांकित किया।

सिंह और जयशंकर ने जापान के विदेश मंत्री हयाशी योशिमासा और रक्षा मंत्री हमदा यासुकाजु के साथ बृहस्पतिवार को टू प्लस टू वार्ता में भाग लिया था। जयशंकर ने ट्वीट किया, हमारी टू प्लस टू बैठक के बाद प्रधानमंत्री फुमिओ किशिदा से बात करके खुशी हुई। भारत और जापान के हितों एवं उनकी नीतियों के बीच निकट समन्वय के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि बैठक में भरोसा जताया गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और किशिदा ने द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने को लेकर जो रूपरेखा तैयार की है, उसे जल्द ही अमलीजामा पहनाया जाएगा। सिंह ने ट्वीट किया कि भारत और जापान के बीच साझेदारी की क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता सुनिश्चित करने में अहम भूमिका होगी। सिंह ने इस बैठक के दौरान जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबो के निधन पर शोक व्यक्त किया। आबे का एक राजनीतिक कार्यक्रम के दौरान गोली मारे जाने के बाद आठ जुलाई को निधन हो गया था। भारत और जापान ने बृहस्पतिवार को दूसरी टू प्लस टू वार्ता के दौरान द्विपक्षीय रक्षा सहयोग बढ़ाने तथा लड़ाकू विमानों के पहले अभ्यास सहित और अधिक सैन्य अभ्यासों में शामिल होने पर सहमति व्यक्त की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती आक्रामकता के बीच दोनों देशों की विशेष द्विपक्षीय रणनीतिक एवं वैश्विक साझेदारी एक स्वतंत्र, मुक्त और कानून-आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। भारत ने आक्रामक चीन को रोकने के एक स्पष्ट प्रयास के तहत जवाबी हमले की क्षमताओं सहित रक्षा बलों के विस्तार और आधुनिकीकरण की जापान की योजनाओं को भी अपना समर्थन दिया। बयान में किसी भी देश का नाम लिए बिना कहा गया कि जापान ने तथाकथित जवाबी हमले की क्षमताओं सहित राष्ट्रीय रक्षा के लिए आवश्यक सभी विकल्पों की समीक्षा करने का संकल्प भी व्यक्त किया। जापान और भारत चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद यानी क्वाड के सदस्य हैं, जिसमें अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया भी शामिल हैं। यह एक रणनीतिक समूह है, जिसे कुछ लोग हिंद प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए अहम मानते हैं। चीन लगभग सारे दक्षिण चीन सागर पर अपना दावा करता है, जबकि ताइवान, फिलीपीन, ब्रुनेई, मलेशिया और वियतनाम भी इसके कुछ हिस्सों पर अपना दावा करते हैं। बीजिंग ने दक्षिण चीन सागर में कृत्रिम द्वीप और सैन्य प्रतिष्ठान बनाए हैं।

## आईएस का आतंकी तुर्कि में गिरफ्तार: एर्दोआन

**अंकारा।** तुर्कि की पुलिस एवं खुफिया एजेंसी ने आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएस) के कुख्यात आतंकवादी को गिरफ्तार किया है। देश के राष्ट्रपति रजब तैय्यब एर्दोआन ने इसकी जानकारी दी। एर्दोआन ने बताया कि पकड़े गए आतंकवादी की पहचान बशर हतब गजल अल सुमैदाई के रूप में की गई है। उन्होंने कहा कि वह अबु जाएद के नाम से जाना जाता है। उन्होंने कहा कि पुलिस और तुर्किए खुफिया एजेंसी के संयुक्त अभियान में आतंकी को पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि खुफिया एजेंसी सीरिया और इस्तांबुल में उसके संपर्कों की निगरानी कर रहा थी। एजेंसी को खुफिया सूचना मिली थी कि वह अवैध रूप से तुर्किए में प्रवेश करने वाला है। हालांकि, एर्दोआन ने यह नहीं बताया कि उसे कब पकड़ा गया।

**Public Notice**

This is to inform general public that Mrs. Remma Bhatia has acquired the One Built up Second floor (without roof rights), area measuring 50 sq. yds. i.e. 41.805 sq. mtr. "said floor" part of property bearing no. 4/2560-B, old no. N-4-C, out of Khasra no. 666/426, situated in the area of village Uldhanpur, abadi of Bhola Nath Nagar, now known as Bihari Colony, Gali no. 10, Shahdara, Delhi vide sale deed dated 01.08.2022 Doc. no. 7777 executed by Mr. Mukesh Kumar and Now, Mrs. Reema Bhatia is intending to sell the above said property to Mrs. Geetika Singh and Further, Mr. Arun Kumar and Mrs. Geetika Singh are mortgaging the above said property with Fullerton India Credit Company Limited & in case anyone has any objection, the same may be raised within 07 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/9818228636 (M).

**PUBLIC NOTICE**

Be it known to all that my clients Shri Gandharav Singh Yadav S/o Late Maan Singh and his wife Smt. Uma both R/o 38, NCRB Housing Society. Judge Colony, Sector 9, Vaishali, Ghaziabad, UP, have severed all their relations forthwith with their son Vikas Singh Yadav and his wife Ms. Pooja as they both follow their own ways and are living separately, and they also do not support and maintain my clients in their old age despite duty bound by law, in fact they have also married of their own accord without the consent or consultation with my clients. Moreover, they are disobedient and disloyal and are hereby debarred from inhering all movable and immovable properties of my clients, he/she who deals with them shall be doing so at his/her own risk and responsibility and my clients shall not be responsible for their any act of omission and commission

MANJEET SINGH GHUMMAN ADVOCATE
Chamber No. 220. Patiala House Courts Complex, New Delhi-110001

# चावल उत्पादन में एक से 1.12 करोड़ टन की गिरावट आ सकती है: खाद्य सचिव

- कई राज्यों में कम बारिश के चलते घटा बुवाई का रकबा
- चावल उत्पादन में एक करोड़ टन का नुकसान होने का अनुमान

**भाषा। नई दिल्ली**

**सरकार** ने शुक्रवार को कहा कि धान की बुवाई क्षेत्र में गिरावट के कारण इस साल के खरीफ सीजन के दौरान भारत के चावल उत्पादन में एक करोड़ से 1.12 करोड़ टन की गिरावट आ सकती है। इस संबंध में खाद्य सचिव सुधांशु पांडे ने कहा कि देश में चावल का अधिशेष उत्पादन होगा। उन्होंने बताया कि कई राज्यों में कम बारिश के कारण इस खरीफ सीजन में अब तक धान का रकबा 38 लाख हेक्टेयर कम है। खरीफ मौसम भारत के कुल चावल उत्पादन में लगभग 80 प्रतिशत का योगदान देता है। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, ''चावल के उत्पादन में एक करोड़ टन का नुकसान होने की आशंका है। वहीं सबसे खराब स्थिति में यह इस साल 1.2 करोड़ टन कम हो सकता है। सचिव ने कहा कि हालांकि, यह एक शुरुआती अनुमान है जो रकबे में गिरावट और औसत उपज पर आधारित है। पांडे ने कहा कि उत्पादन में गिरावट कम हो सकती है क्योंकि जिन राज्यों में अच्छी बारिश हुई है वहां उपज में सुधार हो सकता है। फसल वर्ष 2021-22 (जुलाई-जून) के दौरान चावल का कुल उत्पादन 13.29 करोड़ टन रिकॉर्ड होने का अनुमान है। यह पिछले पांच वर्षों के 11.64 करोड़ टन के औसत उत्पादन से 1.38 करोड़ टन अधिक है।सचिव ने इस सवाल का जवाब नहीं दिया कि क्या सरकार मुफ्त खाद्यान्न कार्यक्रम प्रधान मंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का विस्तार करेगी या नहीं।

## सरकार ने टुकड़ा चावल के निर्यात पर रोक लगाई

**नई दिल्ली।** गैर-बासमती चावल के निर्यात पर 20 प्रतिशत सीमा शुल्क लगाने के बाद सरकार ने घरेलू उपलब्धता बढ़ाने के उद्देश्य से टुकड़ा चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने आठ सितंबर, 2022 को जारी अधिसूचना में कहा, ''टुकड़ा चावल के निर्यात की श्रेणी को मुक्त से प्रतिबंधित में संशोधित किया गया है।'' यह अधिसूचना नौ सितंबर, 2022 से प्रभावी है। स्थांतरित नीति के संबंध में विदेश व्यापार नीति 2015-2020 के तहत प्रावधान इस अधिसूचना पर लागू नहीं होंगे। साथ ही नौ से 15 सितंबर की अवधि के दौरान टुकड़ा चावल की कुछ खेपों को निर्यात करने की अनुमति दी जाएगी। अधिसूचना के अनुसार, इस अवधि के दौरान निर्यात के लिए केवल उसी खेप को अनुमति दी जाएगी जिसका इस अधिसूचना से पहले जहाजों पर लदान शुरू हो गया है। इससे पहले सरकार ने उसना चावल को छोड़कर गैर-बासमती चावल पर 20 प्रतिशत का निर्यात शुल्क लगा दिया है। चालू खरीफ सत्र में धान फसल का रकबा काफी घट गया है। ऐसे में घरेलू आपूर्ति बढ़ाने के लिए सरकार ने यह कदम उठाया है। राजस्व विभाग की बृहस्पतिवार को जारी अधिसूचना के अनुसार, धान के रूप में चावल और ब्राउन राइस पर 20 प्रतिशत का निर्यात शुल्क लगाया गया है। यह निर्यात शुल्क नौ सितंबर से लागू होगा। गौरतलब है कि देश के कुछ राज्यों में बारिश कम होने की वजह से धान का बुवाई क्षेत्र घटा है। चीन के बाद भारत चावल का सबसे बड़ा उत्पादक है। चावल के वैश्विक व्यापार में भारत का हिस्सा 40 प्रतिशत है। भारत ने 2021-22 के वित्त वर्ष में 2.12 करोड़ टन चावल का निर्यात किया था। इसमें 39.4 लाख टन बासमती चावल था। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, इस अवधि में गैर-बासमती चावल का निर्यात 6.11 अरब डॉलर रहा। भारत ने 2021-22 के दौरान विश्व के 150 से अधिक देशों को गैर-बासमती चावल का निर्यात किया।

## रेलवे ने पहिया कारखाना लगाने के लिए जारी की निविदा

**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को कहा कि रेलवे ने पहिया कारखाना लगाने के लिए निविदा जारी की है जहां हर साल कम-से-कम 80,000 पहियों का विनिर्माण किया जाएगा। साथ ही रेल पहियों का निर्यातक बनने के लिए खाका तैयार किया गया है। वैष्णव ने कहा कि रेलवे ने पहली बार रेल पहिया संयंत्र लगाने के लिए निजी कंपनियों को आमंत्रित किया है। इस संयंत्र में तेज रफ्तार वाली ट्रेनों के लिए पहिए बनाए जाएंगे। भारतीय रेल को हर साल दो लाख पहियों की जरूरत है। इस योजना के मुताबिक, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) जहां एक लाख पहियों का विनिर्माण करेगी वहीं बाकी एक लाख पहिए इस नए मेक इन इंडिया संयंत्र में बनाए जाएंगे। वैष्णव ने यहां संवाददाताओं को बताया कि यह निविदा इसी शर्त पर दिया जाएगा कि इस संयंत्र में बनने वाले रेल पहियों का निर्यात भी किया जाएगा और यह निर्यात यूरोपीय बाजार को किया जाएगा।

# भारत, अमेरिका जल्द करेंगे व्यापार नीति मंच की बैठक



**भाषा। लास एंजिलिस**

**भारत** और अमेरिका के बीच व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए व्यापार नीति मंच (टीपीएफ) की अगली मंत्रिस्तरीय बैठक बहुत जल्द अमेरिका में आयोजित की जाएगी। भारत और अमेरिका ने पिछले साल 23 नवंबर को नई दिल्ली में टीपीएफ की 12वीं बैठक आयोजित की थी। यह मंच अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) के नेतृत्व में एक अंतर-एजेंसी सहयोग है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पियूष गोयल ने यहां संवाददाताओं से कहा,अमेरिका में बहुत जल्द हमारी व्यापार नीति मंच की अगली बैठक होगी। इस बैठक में पहचान करने योग्य और कार्य के नए क्षेत्रों पर चर्चा की जाएगी। इसके लिए दोनों देशों की टीमों को एक-दूसरे के साथ काम शुरू करने के लिए कहा गया है। गोयल ने अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कैथरीन ताई और अमेरिका की वाणिज्य मंत्री गिना एम रायमोंडो के साथ यहां द्विपक्षीय बैठक की। उन्होंने अमेरिका के जीएसपी कार्यक्रम के तहत व्यापार लाभ बहाल करने के बारे में पूछे जाने पर कहा, ''मुझे नहीं लगता कि यह अब कोई मुद्दा है। उन्होंने कहा, ''हमारा कोई भी निर्यात जीएसपी से प्रभावित नहीं हुआ है। तो मुझे लगता है कि यह कोई मुद्दा नहीं है। हमने हाल के दिनों में भी चर्चा की है, जो आज भी शामिल है।

## एस मोहंती इस्मा के नए महानिदेशक नियुक्त

**नई दिल्ली।** चीनी उद्योग संगठन ने शुक्रवार को एस मोहंती को अपना नया महानिदेशक नियुक्त करने की घोषणा की। इस्मा ने बयान में कहा कि इस्मा की मुख्य समिति ने आज हुई अपनी पहली बैठक में मोहंती को संगठन के नए महानिदेशक के रूप में नियुक्त करने का निर्णय लिया है। मोहंती 15 अक्टूबर से पहले पद ग्रहण कर लेंगे। इस्मा ने अप्रैल के अंत में कहा था कि उसके महानिदेशक अविनाश वर्मा ने 27 अप्रैल को अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform that my Client **M/s KALRA HOSPITAL SRCNC PVT. LTD., A-6, KIRTI NAGAR NEW DELHI-110015** is destroying their year 2016 patient medical records (IPD Records). If any person or patient wants to claim their medical records then they can contact Mr. Ghanshyam Lal (Sr. Executive MRD) at mobile no. 8318566462 or 011-45005600 on or before 20/09/2022 to get their records. This is further to inform that no record will be maintained after 20/09/2022 and Hospital is not responsible to any loss in the medical records thereafter.

**RAHUL KUMAR (Advocate)**
160 Ashoka Enclave Main Sector-35 Faridabad (Hr.)

**नाम परिवर्तन**

मैं, संगीता वहल पत्नी श्री अगुम बहल निवासी 53/77, वेस्ट पंजाबी बाग, नई दिल्ली-110026 मैने अपना नाम बदलकर संगीता वहल से संगीता बहल कर लिया है। भविष्य में मुझे अब सभी कागजादों में **संगीता बहल** के नाम से जाना जाये।

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General public on behalf of Fullerton India Credit Company Ltd. That Ms. Rubina is owner of Plot of land area measuring 200 Sq., Yds., out of Khasra No. 1599/2, Situated in Kanchan Park Colony, in the area of Village Loni Chakbandi, Pargana & Tehsil Loni, District Ghaziabad (the said property), by virtue of Sale deed dated 07.09.2022, registration No. 14188, executed by Mr. Shahrukh as attorney of Mohd. Yusuf, All persons are hereby informed that above mentioned owner want to take Loan from Fullerton India Credit Company Ltd. against the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owner over the said property, its sale /Mortgage/litigation, and any kind of objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

For Kumar & Associates (Advocates & consultants)
200, Second Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, New Delhi-15
kumarassociates.advocate@gmail.com, Ph: 011-41112527-28

**सार्वजनिक सूचना**

यह आम जनता के सूचना के लिए है की एक राजनीतिक दल को "प्रवृत्ति पार्टी" (पार्टी का नाम) के नाम से पंजीकृत करने का प्रस्ताव है। पार्टी का कार्यालय 980, प्रकाश पब्लिक स्कूल के पास, पालम गांव, नई दिल्ली-110045 में स्थित है। इस पार्टी ने जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 29ए के तहत राजनीतिक दल के रूप में पंजीकृत के लिए भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली को आवेदन किया है। पार्टी के पदाधिकारियों के नाम इस प्रकार है:

**अध्यक्षः सुनील कुमार, महासचिवः अभिषेक चतुर्वेदी, कोषाध्यक्षः प्रवीन सुंदरियाल**

यदि किसी को "प्रवृत्ति पार्टी" (प्रस्तावित नाम) के पंजीकरण में कोई आपत्ति है तो अपनी आपत्ति, कारण सहित, सचिव (राजनीतिक दल) भारत निर्वाचन आयोग, निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली-110001 को प्रकाशन के 30 दिन के भीतर भेज सकते है।

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

**VEHICLES FOR SALE**

1) TATAMOTORS_TATA_1512
REG. NO. DL1GE0599-YOM -2022

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 5 DAYS AT BRANCH ADDRESS: KOTAK MAHINDRA BANK 3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125, NOIDA-201313 OR CONTACT : ABHINAV LAL KOTAK MAHINDRA BANK LTD. CONTACT NO. 7798988481 E-MAIL-abhinav.lal@kotak.com

**PUBLIC NOTICE**

Noticc is hereby given to the public at large, on behalf of my client **Mrs. Jasbir Kaur, wife of Late Bhri AJit Singh, resident of C-3/88, 3* Floor, Janakpuri C- 4, West Delhi, Delhi-110058**, that the property as more particularly described in the schedule hereunder and situated at **R.K.Puram, New Delhi** which is held by my client Mra. Jasbir Kaur and she has decided to sell the said scheduled property.

Therefore any person(s) having any claim in respect of the above referred property or part hereof by way of sale, exchange, mortgage, charge, gift, maintenance, inheritance, possession, lease, tenancy, sub-tenancy, lien, license, hypothecation, transfer of title or beneficial interest under any trust right of prescription or pre-emption or under any Agreement or other disposition or under any decree, order or Award or otherwise claiming, howsoever, are hereby requested to make the same known in writing together with supporting documents to the undersigned at her resident as mentioned above and to me also at my office 14, Sector-V market, R.K.Puram, New Delhi-110022 within a period of 14 days (both days inclusive) of the publication hereof, failing which the claim of such persons(s) shall deemed to have been waived and/ or abandoned.

**SCHEDULE**

Single story, two side open Stall No. 16, Sector-XII Market, R.K.Puram, New Delhi- 110022 with roof rights which Deed of Conveyance is registered vide Registration No.16472 in Book No.I, VoL No.2485 on page 123 to 127 by the Sub Rcgistrar-IX, New Delhi dated 09.12.2005 in the name of my client's husband Shri Ajit Singh and mutated in her name and bounded with built-up stalls, standing thereon, as follows:
On or towards the East: Verandah
On or towards the West: Property bearing Stall No. 13.
On or towards the North: Verandah
On or towards the South: Property bearing Stall No. 15.
Dated, this 7'h day of September 2022. Place: New Delhi Dated: 08.09.2022

S. Khan
Advocate

# शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी, सेंसेक्स 105 अंक चढ़ा

**भाषा। मुंबई**



**वैश्विक** बाजारों में सकारात्मक रुख और विदेशी निवेशकों की लिवाली से घरेलू शेयर बाजार में शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 100 अंक से अधिक चढ़कर बंद हुआ। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 104.92 अंक यानी 0.18 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 59,793.14 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह एक समय 431.58 अंक चढ़कर 60,119.80 के पार पहुंच गया था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 34.60 अंक यानी 0.19 प्रतिशत की बढ़त के साथ 17,833.35 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में टेक महिंद्रा के शेयर में सबसे अधिक 3.32 प्रतिशत की तेजी रही। इंडसइंड बैंक, इंफोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, मारुति, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, भारतीय स्टेट बैंक, विप्रो और एक्सिस बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ अल्ट्राटेक सीमेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो, बजाज फाइनेंस और बजाज फिनसर्व और टाइटन के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। इनमें 1.94 प्रतिशत तक की गिरावट रही। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुख के साथ घरेलू शेयर बाजारों की शुरूआत मजबूत रही। हालांकि, 60,000 अंक के मनोवैज्ञानिक अंक को पार करने के बाद मुनाफावसूली के कारण शेयर बाजार में बढ़त सीमित हो गई।''

उन्होंने कहा, ''अमेरिकी केंद्रीय बैंक के चेयरमैन की ब्याज दर को लेकर आक्रामक टिप्पणी और यूरोपीय बैंक के नीतिगत दर में 0.75 प्रतिशत वृद्धि के निवेशकों के आकलन के बाद वैश्विक बाजारों में तेजी आई।'' साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स में 989.81 अंक यानी 1.68 प्रतिशत तथा निफ्टी में 293.90 अंक यानी 1.67 प्रतिशत की तेजी रही। व्यापक बाजार में शुक्रवार को बीएसई का स्मॉलकैप 0.18 प्रतिशत और मिडकैप सूचकांक 0.16 प्रतिशत चढ़े। एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की, हांगकांग का हैंगसेंग और चीन के शंघाई कंपोजिट सूचकांक में तेजी रही। वहीं, यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरूआती कारोबार में तेजी का रुख था। अमेरिकी शेयर बाजार बृहस्पतिवार को बढ़त में बंद हुए। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.73 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 90.69 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बृहस्पतिवार को शुद्ध रूप से 2,913.09 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे।

# 2001 में हुई सीजेएम की हत्या मामले में तीन दोषियों को उम्र कैद की सजा

भाषा। लखीमपुर खीरी



**नीमगांव इलाके** में 2001 में तत्कालीन मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) बालक राम की डकैती के दौरान हुई हत्या के मामले में तीन दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। जिले के सहायक सरकारी वकील (एडीजीसी) रमा रमन सैनी ने अदालत के फैसले के बारे में जानकारी देते हुए कहा, अपर जिला न्यायाधीश अनिल कुमार यादव द्वितीय ने राम लखन, श्यामू सिंह और प्रेम पाल सिंह पर दस-दस हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया। उन्होंने बताया कि तीनों को बृहस्पतिवार को उम्रकैद की सजा सुनाई गई। सैनी ने कहा कि अदालत ने तीनों आरोपियों को धारा 412 (डकैती के दौरान बेईमानी से संपत्ति प्राप्त करना) के तहत भी दोषी ठहराया और उन्हें 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई और तीनों दोषियों पर 10,000 रुपए का जुर्माना लगाया।

उन्होंने कहा कि एक आरोपी राम लखन को शस्त्र अधिनियम की धारा 25 के तहत दोषी ठहराया गया था और अदालत ने उसे इस धारा के तहत एक साल के कारावास और 2,000 रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई थी। उन्होंने कहा कि अदालत ने आदेश दिया कि सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी। एडीजीसी सैनी के मुताबिक, 26 जनवरी 2001 को नीमगांव पुलिस सीमा के मितौली और बेहजाम कस्बों के बीच करीब आधा दर्जन हथियारबंद लुटेरों ने सड़क पर रास्ता जाम कर दिया था। उस समय तत्कालीन सीजेएम बालक राम अपनी कार से दो अन्य लोगों के साथ फुर्खाबाद से लखीमपुर खीरी वापस जा रहे थे। एडीजीसी सैनी ने कहा कि इस दौरान लुटेरों ने सीजेएम बालक राम की कार की खिड़की का शीशा तोड़कर उन पर गोलियां चलाईं तथा नकदी और अन्य कीमती सामान लूट लिया। डकैती के बाद लुटेरे फरार हो गए। एडीजीसी ने बताया कि कार चालक राम सिंह घायल सीजेएम को जिला अस्पताल ले गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। बाद में, राम सिंह ने नीमगांव थाने में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ सशस्त्र डकैती व हत्या का मामला दर्ज कराया। सैनी ने कहा कि पुलिस ने मामले की जांच की और राम लखन, दिलीप कुमार, श्यामू और प्रेम पाल सिंह के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया। एडीजीसी ने बताया कि मुकदमे के दौरान आरोपी दिलीप कुमार की मौत हो गई, जबकि अन्य तीन आरोपियों राम लखन, श्यामू और प्रेम पाल सिंह को दोषी ठहराया गया।

# महिला थाना व वन स्टाप सेन्टर का पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण



महिला थाना का निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर

## ● जनशिकायतों के समयबद्ध निस्तारण के लिए दिये निर्देश

संवाददाता। गोंडा

**पुलिस अधीक्षक** आकाश तोमर ने शुक्रवार को महिला थाना व वन स्टाप सेन्टर का औचक निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किये। इस मौके पर एसपी ने थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क, बंदी गृह व थाना परिसर आदि का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री तोमर ने रिकार्डो को अद्यतन करने, कार्यालय में साफ-सफाई रखने, महिला फरियादियों की समस्याओं का तत्काल निस्तारण कराने, लंबित शिकायती प्रार्थना पत्रों की समीक्षा कर मौके पर जाकर आवेदक की संतुष्टि को प्राथमिकता देते हुए गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने वन स्टाप सेन्टर का भी निरीक्षण किया। जिसमें उपस्थित पीड़ित महिलाओं से सेंटर द्वारा प्रदान की जा रही सहायता/सुविधाओं के बारे में जानकारी लिया। साथ ही मौके पर मौजूद महिला डाक्टर, पुलिस अधिकारिया/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, प्रभारी महिला थाना पूनम यादव, पीआरओ राकेश सिंह व अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# अपराध समीक्षा बैठक में एसपी ने मातहतों के कसे पेंच

**गोंडा।** पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने पुलिस लाइन साभागार में सभी क्षेत्राधिकारियों, थानाध्यक्षों, थाना प्रभारियों व शाखा प्रभारियों के साथ बैठक कर अपराध की समीक्षा किया। समीक्षा बैठक में एसपी ने सभी मातहतों की जमकर क्लास लगाते हुए उनके पेंच कसे।

समीक्षा बैठक में पुलिस अधीक्षक ने मातहतों को निर्देश दिए सभी पूरी निष्ठा व ईमानदारी से अपने कार्यों का निर्वहन करते हुए अपने-अपने क्षेत्र में प्रत्येक दशा में अपराधों पर नकेल लगाना सुनिश्चत करें। फिसड्डी व लापरवाहों को किसी भी दशा में बख्शा नहीं जायेगा। इस मौके पर उन्होंने जिले में होटल, माल, अस्पताल, स्कूल, औद्योगिक संयंत्र, आवासीय मल्टी स्टोरी अपार्टमेन्ट एवं बड़े व्यावसायिक काम्पलेक्सों की चेकिंग के संबंध में चलाए जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत अब तक की गयी कार्यवाही की भी समीक्षा किया। साथ ही स्कूलों, अस्पतालों, प्रतिष्ठानों व भवनों में अग्नि से बचाव संबंधी सुरक्षा उपकरणों के लगे होने का सत्यापन शीघ्र कराए जाने व लोगो को अग्नि से बचाव व रोकथाम हेतु अधिक से अधिक जागरुक करने के निर्देश भी दिए। एसपी ने अवैध कच्ची शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन, बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण लगाने, चोरी, लूट व नकबजनी की घटनाओं की रोकथाम हेतु कस्बा व ग्रामीण इलाकों में रात्रि गश्त बढ़ाने, बैंक व लेनदेन वाले स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने, संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ करने तथा प्रतिदिन बैंक ड्यूटी में जाने वाले कर्मचारियों को ड्यूटी के सम्बन्ध में ब्रीफकरने एवं सभी पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के दौरान दृश्यता, गतिशीलता, सजगता एवं सतर्कता बनाये रखने हेतु भी निर्देशित किया। इस अवसर पर संयुक्त निदेशक अभियोजन, समस्त क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष, शाखा प्रभारी, निरीक्षक प्रज्ञान, प्रतिसार निरीक्षक, अग्निशमन अधिकारी व अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



पुलिस लाइन्स सभागार में अपराध की समीक्षा बैठक करते पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर

## दहेज लोभियों ने की विवाहिता की हत्या

**श्रावस्ती।** भिनगा कोतवाली क्षेत्र के मुरावन पुरवा गांव में ससुरालीजन दहेज के लिए विवाहिता की हत्या कर दी सूचना पाकर मौके पर पहुँचे मायके वालों ने घटना की सूचना पुलिस को दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिनगा भेज दिया। भिनगा कोतवाली अंतर्गत ग्राम बस्थनवा निवासी केशव राम ने अपनी पुत्री की शादी 22 जून 2009 को कोतवाली क्षेत्र के मुरावनपुरवा निवासी दिलेराम यादव के साथ किया था। तथा वर्ष 2016 में गौवना दिया था। शादी के बाद से ही ससुरालीजन सुषमा देवी को दहेज के लिए आए दिन परेशान किया करते थे। 8 सितंबर 2022 को ससुरालीजन ने सुषमा देवी की हत्या कर सभी सदस्य घर से फरार हो गए । पड़ोसियों से सूचना पाकर मायके वाले मौके पर पहुंच गए और इसकी सूचना पुलिस को दी।

# अस्पताल की फीस न दे पाने के कारण बच्ची किसी और को दी, मामला दर्ज

भाषा। शाहजहांपुर

**उत्तर प्रदेश** के शाहजहांपुर जिले में एक निजी अस्पताल के संचालक ने एक महिला के प्रसव की फीस न दे पाने के कारण कथित तौर पर उसकी नवजात बच्ची को दूसरे धर्म के एक व्यक्ति को बेचकर इसकी भरपाई कर ली। पुलिस सूत्रों ने बताया कि बाद में मामले के तूल पकड़ने के बाद बच्ची को उसके माता-पिता को वापस कर दिया गया है, जबकि इस प्रकरण में रिपोर्ट दर्ज कर अस्पताल को सील कर दिया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने शुक्रवार को बताया कि थाना निगोही अंतर्गत त्रिलोकपुर गांव में रहने वाले रमाकांत की पत्नी संगीता को प्रसव पीड़ा के बाद स्थानीय नवजीवन अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां बुधवार रात में उसने एक बच्ची को जन्म दिया। कुमार के अनुसार, आरोप है कि अस्पताल संचालक ने दूसरे दिन संगीता से यह कहते हुए बच्ची ले ली कि तुम इसका पालन-पोषण कैसे कर पाओगी। उन्होंने बताया, अस्पताल संचालक ने संगीता से यह भी कहा कि नवजात को लेकर तुम्हारी छह बेटियां हो गईं, ऐसी स्थिति में तुम अस्पताल की फीस भी नहीं भर पाओगी। इसके बाद अस्पताल संचालक ने एक मुस्लिम दंपती को बुलाकर बच्ची को उसे सौंप दिया तथा उससे अपने अस्पताल की फीस वसूल ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार, विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) स्थानीय नेता राजेश अवस्थी को जब घटना की जानकारी मिली तो वह अपने कार्यकर्ताओं के साथ निगोही पहुंच गए तथा बृहस्पतिवार शाम को अस्पताल के सामने डॉक्टर का पुतला फूंका एवं मामले की जानकारी अधिकारियों को दी। इस बीच, मामले ने जब तूल पकड़ा तो मुस्लिम दंपती ने बच्ची को अस्पताल संचालक को वापस कर दिया। जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरके गौतम ने पीटीआई-भाषा को बताया कि जब उन्हें मामले की जानकारी मिली तो उन्होंने अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रोहतास के साथ एक दल को निगोही भेजा। उन्होंने बताया कि अस्पताल का पंजीकरण न होने के कारण उसे जांच दल द्वारा सील कर दिया गया है, जबकि अस्पताल का संचालक फरार हो चुका है। गौतम के अनुसार, पूरे मामले की जांच के लिए एक कमेटी बना दी गई है, जो जांच करके रिपोर्ट देगी। पुलिस ने अस्पताल संचालक डॉ अशोक राठौर के विरुद्ध बृहस्पतिवार देर रात मामला दर्ज कर लिया है।

## बुलंदशहर के विद्यालय में छह बच्चे बेहोश, मामले की जांच शुरू

**बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले के सिकंदराबाद विकासखंड के गोपालपुर स्थित संविलियन विद्यालय में शुक्रवार को करीब छह छात्रों के बेहोश होने का मामला सामने आया है। विद्यालय के शिक्षकों ने आरोप लगाया कि स्कूल के पास औद्योगिक क्षेत्र होने से जहरीली गैस से बच्चे बेहोश हुए हैं।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को गोपालपुर गांव में संविलियन विद्यालय में करीब छह बच्चे बेहोश हो गए। उन्होंने बताया कि बच्चों के बेहोश होने पर विद्यालय में हड़कंप मच गया और मौके पर पहुंचे डॉक्टरों ने बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की। मामले की सूचना मिलने पर जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। विद्यालय की कार्यवाहक प्रधानाचार्य सीमा वर्मा ने आरोप लगाया कि यहां आसपास औद्योगिक क्षेत्र है और उससे जहरीली गैस निकलने की वजह से 5-6 बच्चे बेहोश हो गए। उन्होंने बताया हफ्ते भर पहले भी सुबह की प्रार्थना में दो बच्चे बेहोश हुए थे, तब लगा था कि घर से खाना न खाकर आने की वजह से ऐस हुआ है लेकिन शुक्रवार को जब ज्यादा बच्चे बेहोश हुए तब इस पर सबका ध्यान गया। जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने बताया शुक्रवार सुबह प्रार्थना के दौरान कुछ बच्चों के बेहोश होने की शिकायत मिली थी। उन्होंने कहा कि अब बच्चों की हालत ठीक है। सिंह ने बताया कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम ने मौके से नमूने लिए हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय के आसपास औद्योगिक क्षेत्र है और मौके की छानबीन के बाद उपजिलाधिकारी ने प्रथम दृष्टतया बताया कि जहरीली गैस जैसा कुछ नहीं है, लेकिन फिर भी नमूने लिए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि उसके जो भी नतीजे आएंगे उसके अनुसार कार्यवाही होगी।

## क्विक न्यूज

### इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने आनंद गिरि की जमानत याचिका खारिज की

**प्रयागराज (भाषा)।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के तत्कालीन अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरि की कथित आत्महत्या के मामले में आरोपी आनंद गिरि की जमानत याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। अदालत ने बुधवार को जमानत याचिका पर निर्णय सुरक्षित रख लिया था। न्यायमूर्ति एस के सिंह ने जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा, याचिकाकर्ता के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य है और इसलिए उसकी जमानत की अर्जी मंजूर नही की जा सकती। याचिकाकर्ता ने अपनी जमानत की अर्जी में कहा था कि उसे इस मामले में झूठा फंसाया गया है और जिस कथित सुसाइड नोट में उसके नाम का उल्लेख है, उसकी लिखावट नरेंद्र गिरि की नही थी और उस नोट में कई काट छांट और ओवरराइटिंग थी। याचिकाकर्ता ने यह दलील भी दी थी कि घटना के समय वह प्रयागराज से बहुत दूर हरिद्वार में था और पुलिस अधिकारियों ने इस घटना की जानकारी उसे फोन पर दी थी। उल्लेखनीय है कि यहां की एक स्थानीय अदालत ने 11 नवंबर, 2021 को आनंद गिरि की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। महंत नरेंद्र गिरि का शव 20 सितंबर, 2021 को प्रयागराज में उनके मठ बाघंबरी गद्दी में पंखे से लटका हुआ पाया गया था। पुलिस को शव के पास से एक सुसाइड नोट भी मिला था जिसमें आनंद गिरि, आद्या तिवारी और संदीप तिवारी को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया गया था। सीबीआई ने 20 नवंबर, 2021 को एक स्थानीय अदालत में आनंद गिरि और दो अन्य के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था।

### उच्चतम न्यायालय के पूर्व प्रधान न्यायाधीश केएन सिंह पंचतत्व में विलीन

**प्रयागराज (भाषा)।** उच्चतम न्यायालय के पूर्व प्रधान न्यायाधीश केएन सिंह का अंतिम संस्कार शुक्रवार को तेलियरगंज स्थित शंकरघाट पर विद्युत शवदाह गृह में किया गया। अंतिम संस्कार उनके पुत्र और इलाहाबाद उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश डीपी सिंह ने किया। न्यायमूर्ति केएन सिंह पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे और बृहस्पतिवार को उन्होंने मिंटो रोड स्थित अपने घर में अंतिम सांस ली। शुक्रवार को शंकरघाट पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय के कई न्यायाधीशो और पूर्व न्यायाधीशो ने केएन सिंह के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। अंतिम संस्कार में शामिल होने आए न्यायमूर्ति केएन सिंह के छोटे भाई और इलाहाबाद उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश एपी सिंह ने बताया कि केएन सिंह का जन्म प्रयागराज के मांडा क्षेत्र के चकडीहा गांव में 13 दिसंबर, 1926 को हुआ था। उन्होंने बताया कि न्यायमूर्ति केएन सिंह ने वर्ष 1950 में वकालत शुरू की और अगस्त, 1970 में वह इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश बने जहां वह 15 वर्ष से अधिक समय तक सेवारत रहे। इसके बाद मार्च 1986 में वह उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश बने और नवंबर, 1991 में वह उच्चतम न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश बने। सिंह ने बताया कि न्यायमूर्ति केएन सिंह के परिवार में एक बेटा और तीन बेटियां है।

### छात्रों से शौचालय की सफाई कराने के मामले में प्रधानाध्यापक निलंबित

**बलिया (भाषा)।** जिले के एक प्राथमिक विद्यालय में छात्रों से शौचालय साफ कराने के मामले में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक को निलंबित कर दिया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मनिराम सिंह ने शुक्रवार को बताया कि जिले के सोहांव इलाके के प्राथमिक विद्यालय पिपरा कला नम्बर-एक का वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर आया। वीडियो में एक शख्स छात्रों को धमका कर विद्यालय का शौचालय साफ करवा रहा है और साफ न करने की सूरत में शौचालय में ताला जड़ने की धमकी दे रहा है। उन्होने बताया कि मामले की खण्ड शिक्षा अधिकारी, सोहांव से जांच कराई गई। जांच रिपोर्ट मिलने पर प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक मृत्युंजय सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। प्रधानाध्यापक के विरुद्ध अनुशासनात्मक जांच के आदेश दिए गए है। खण्ड शिक्षा अधिकारी, रेवती को जांच अधिकारी बनाया गया है।

### महिलाओं की जांच कर दी गई दवाएं

**करनैलगंज (गोंडा)।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करनैलगंज पर महिलाओं की जांच कर दवाएं दी गई। यहां पर 306 गर्भवती की प्रसव पूर्व देखभाल (एएनसी) जांच की गई। इसमें 17 महिलाओं को एचआरपी (हाई रिस्क प्रेग्नेंसी) के लिए चिन्हित किया गया। अधीक्षक डॉ0 मोहम्मद मुदस्सिर ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्रों पर आईं गर्भवती की महिला चिकित्सकों द्वारा प्रसव पूर्व सभी जांचें, यूरिन जांच, ब्लड प्रेशर, मधुमेह, सिफलिस, हीमोग्लोबिन व पेट से जुड़ी अन्य जांच की निःशुल्क सुविधा दी गई। इसके साथ ही नव दंपति व परिवार नियोजन लाभार्थियों को स्वस्थ परिवार-खुशहाल परिवार के लिए परामर्श भी दिया गया। मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने, गर्भवती की बेहतर स्वास्थ्य देखभाल, प्रसव पूर्व जांच एवं उन्हें समय पर उचित इलाज मुहैया कराने के लिए पीएमएसएमए दिवस प्रत्येक माह की 09 तारीख को मनाया जाता है। दिवस पर चिकित्सालय पर महिला चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सौम्या श्रीवास्तव द्वारा प्रसव पूर्व जांच की गई। जांच के बाद उच्च जोखिम गर्भावस्था (एचआरपी) वाली महिलाओं को चिन्हित किया गया। उच्च स्तरीय इकाई पर संदर्भित किया गया एवं निःशुल्क दवा, आवश्यक चिकित्सीय व पोषण परामर्श भी दिया गया। उन्होंने बताया कि उन्हें स्वस्थ एवं संतुलित खान-पान, आयरन की गोली खाने की सलाह भी दी गई। इस मौके पर डॉ0 विभा कुमारी, बीसीपीएम सुरेंद्र यादव बीपीएम, संजय कुमार यादव, काउंसलर पंकज सिंह, स्टाफनर्स विजेता सिंह, वंदना, कल्पना, सीएचओ पूनम सिंह, लक्ष्मी देवी, रोहित सिंह आदि उपस्थित रहे।

### दुष्कर्मी को 20 साल कारावास व अर्थदण्ड की सजा

**गोंडा।** पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर के नेतृत्व में चलाए जा रहे 'मिशन शक्ति अभियान' व 'ऑपरेशन शिकंजा' में पुलिस की न्यायालय में प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप दुष्कर्म के आरोपी अमेरिका पुत्र तुलसीराम निवासी अमवा नउवाजोत, रेतवागाड़ा थाना धानेपुर गोंडा को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश ने 20 वर्ष कारावास व पांच हजार रूपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। यह जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने बताया कि उपरोक्त अभियुक्त द्वारा थाना धानेपुर क्षेत्र के की एक नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले गया था और उसके साथ दुष्कर्म जैसा जघन्य अपराध किया था। जिसमे धानेपुर पुलिस द्वारा धारा 376, 366, 363, 368 भा0द0वि0 व पॉक्सो एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर उसको गिरफ्तार कर जेल भेजा था। मॉनिटरिंग सेल व थाना धानेपुर के पैरोकार आरक्षी रवि कुमार उपाध्याय द्वारा मामले में निरंतर की गई सशक्त व प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप उक्त अभियुक्त को न्यायालय द्वारा 20 वर्ष कारावास व पांच हजार रूपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

# सीतापुर-बिसवां मार्ग पर मानपुर थाने के सामने शव रखकर किया प्रदर्शन

**सीतापुर।** भाजपा नेता के गायब बेटे का शारदा सहायक नहर खीरी ब्रांच में दूसरे दिन शव बरामद होने के बाद गांव के ही कुछ लोगो के विरूद्ध हत्या का नामजद मुकदमा दर्ज कराए जाने को लेकर परिजनों ने मानपुर थाने के बाहर सीतापुर बिसवां मार्ग पर शव रखकर जमकर हंगामा किया। परिजन तब तक हंगामा करते रहे जब तक की नामजद एफआईआर नहीं दर्ज हो गई। हंगामे को लेकर लहरपुर सीओ सुजीत दुबेए तालगांव और मानपुर कोतवाली प्रभारी को मयफोर्स मुस्तैद रहना पड़ा। कमलापुर मंडल के भाजपा उपाध्यक्ष कैमहरा खुर्द निवासी अनिल मिश्रा का 30 वर्षीय पुत्र मुनेन्द्र मिश्रा उर्फ सोनू दो दिन पहले गायब हो गया थाए परिजनों के मुताबिक नहर खीरी ब्रांच नसीरपुर पुल के पास गुरूवार शाम 3 बजे के करीब टहलता हुआ देखा गया था। जिसके बाद मुनेन्द्र के डूबने की चर्चा होने लगी। सूचना पर मानपुर पुलिस व ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गएए नहर के किनारे रखी मुनेन्द्र की चप्पलों से पहचान कर ली गई। जिसके बाद नहर अधिकारियों को सूचना कर पानी के बहाव को कम कर दिया गया। अभी ग्रामीण और पुलिस मुनेन्द्र की तलाश कर ही रहे थेए शुक्रवार को मुनेन्द्र का शव नहर की एक खोह से बरामद हो गया। इसको लेकर परिजन इतना आक्रोशित हो गए कि सीतापुर बिसवां मार्ग पर मानपुर थाने के सामने शव रखकर हंगामा करने लगे और परिजन मांग करने लगे कि गांव के लोगो के विरूद्ध हत्या की एफआईआर दर्ज की जाए। हंगामे की सूचना पाकर सीओ लहरपुर सुजीत दुबेए तालगांव थाना प्रभारी संतोष कुमार भी दलबल के साथ मौके पर पहुंच गए और हंगामा कर रहे लोगो को मनाने का प्रयास कियाए लेकिन वह नहीं माने। मृतक की मां माधुरी की तहरीर पर मानपुर पुलिस ने गांव के ही सुनील, कौशल, सुजीत, प्रमोद, करन और उमेश के विरूद्ध नामजद मुकदमा जबतक दर्ज नहीं कर लिया।

# अभियान चलाकर एआरटीओ करें ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई: डीएम

संवाददाता। चित्रकूट

**जिलाधिकारी अभिषेक** आनन्द की अध्यक्षता में कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक कैंप सभाकक्ष में संपन्न हुई ।

इस मौके पर जिलाधिकारी ने वाणिज्य कर, स्टांप, परिवहन, आबकारी, खनन, वन, बैंक, विद्युत, नगरपालिका, नगर पंचायत, मंडी ,आदि विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा की। जिलाधिकारी ने खनिज व विद्युत की वसूली लक्ष्य के सापेक्ष वसूली असंतोषजनक पाए जाने पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को निर्देश दिए कि अधीक्षण अभियंता विद्युत एवं जिला खनिज अधिकारी को कारण बताओं नोटिस जारी किया जाए कि वसूली कम क्यों हुई है। उन्होंने तहसीलदारों को निर्देश दिए कि बैंक व विद्युत देय, वाणिज्य कर, स्टाम्प शुल्क की आरसी की वसूली पर प्रगति कराएं।

डिप्टी कमिश्नर वाणिज्य कर विजय कुमार सोनी को निर्देश दिए कि प्रवर्तन कार्य को बढ़ाकर वसूली में प्रगति कराई जाए। एआईजी स्टांप को निर्देश दिए स्टांप एवं पंजीयन पर जो रजिस्ट्री आवास के है वह आवासीय ही कराया जाए जो गत माह 10 बड़े बैनामा हुए हैं उसकी सूची उपलब्ध कराएं। क्षेत्र विकास प्राधिकरण क्षेत्र में जो जमीन मालिक एग्रीमेंट करता है तो उसकी सूचना क्षेत्र विकास प्राधिकरण कार्यालय को उपलब्ध कराया जाए। परिवहन की समीक्षा पर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रदीप कुमार को निर्देश दिए कि जिन वाहनों का रोड टैक्स बकाया है उन पर कार्यवाही करके वसूली कराएं इसके अलावा ओवर लोडिंग वाहनों पर अभियान चलाकर कार्यवाही सुनिश्चित करें। जिला आबकारी अधिकारी राजेंद्र कुमार से कहा कि वसूली में प्रगति कराएं तथा अवैध शराब के खिलाफ छापामार की कार्यवाही भी कराई जाए।



डीएम ने अपर जिलाधिकारी से कहा कि तहसीलदारों व संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ आरसी वसूली की बैठक कर समीक्षा करें कि प्रगति क्यों नहीं हो रही है। उन्होंने अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि नगर निकाय के अंतर्गत दुकानों आदि विभिन्न क्षेत्रों में कर को बढ़ाएं ताकि नगर निकायों की आय में वृद्धि हो सके। आवासीय टैक्स भी बढ़ाएं। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी राजापुर को निर्देश दिए कि अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत राजापुर के कार्यों में अगर सुधार नहीं होता है तो इनकी रिपोर्ट बनाकर प्रस्तुत करें। ताकि शासन को पत्र लिखकर इनके खिलाफ कार्रवाई कराई जा सके। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों से कहा कि राजस्व वाद लंबित न रहे उनका जल्द से जल्द निस्तारण कराएं। उन्होंने उप जिलाधिकारियों तथा तहसीलदारों को निर्देश दिए कि अभियान चलाकर जो शासकीय भूमि पर अबैध कब्जा है उन्हें चिन्हित कर तत्काल खाली कराए। कहा कि तहसीलों में जो दस बड़े बकायेदार दर्ज है उनकी भूमि की नीलामी कराएं तथा इन लोगों की सूचना एआईजी स्टाम्प को दें ताकि यह अपनी भूमि का बैनामा भी न करा सकें। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुंवर बहादुर सिंह, उप जिलाधिकारी राजापुर प्रमोद कुमार झा ,उप जिला अधिकारी मऊ नवदीप शुक्ला, मानिकपुर प्रमेश श्रीवास्तव,अपर उप जिलाधिकारी राजबहादुर,राम जन्म यादव, आकांक्षा सिंह सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# जालौन में एडीजे कोर्ट खुलवाने की अधिवक्ताओं ने उठायी मांग

**जालौन (उरई)।** बुंदेलखंड एडवोकेट बार एसोसिएशन मुंसिफ कोर्ट जालौन के पदाधिकारियों ने परिसर में एडीजे कोर्ट खुलवाने व अधिवक्ताओं के लिए पहले से प्रस्तावित चेंबर के बजट की मांग के लिए उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के आगामी अध्यक्ष पाचूराम मौर्य व हाईकोर्ट अधिवक्ता रामानंद गुप्ता जी से मुलाकात कर अपनी बात रखी।

मुंसिफकोर्ट भवन जालौन को बने हुए लगभग 10 वर्ष हो चुके हैं। लेकिन अधिवक्ताओं को बैठने के लिए सुरक्षित स्थान की व्यवस्था ना होने से उनको वर्ष में कई बार बारिश के मौसम की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। साथ ही एडीजे कोर्ट, मुंसिफ कोर्ट जालौन में न होने के कारण वादकारियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। जिस संबंध में उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के आगामी अध्यक्ष पाचूराम मौर्य व हाईकोर्ट अधिवक्ता रामानंद गुप्ता के समक्ष बुंदेलखंड एडवोकेट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जितवार सिंह व सचिव अमित कुमार श्रीवास्तव ने मुलाकात कर मुंसिफ कोर्ट जालौन के अधिवक्ताओं की समस्याओं को रखा। साथ ही उनके द्वारा जल्द से जल्द एडीजे कोर्ट स्थापित किए जाने व अधिवक्ताओं के चेंबर बनवाने के लिए बजट उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया। इस मौके पर मुलायम सिंह यादव एडवोकेट, हर्षित राय श्रीवास्तव आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## तीन व्यक्तियों पर नदीगांव पुलिस ने की मिनी गुंडा एक्ट की कार्रवाई

**कोंच( जालौन )।** थाना नदीगांव पुलिस ने 3 व्यक्तियों के खिलाफ मिनी गुंडा एक्ट की कार्यवाही की है। क्षेत्र में भय का वातावरण पैदा कर शांति व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ कार्यवाही किये जाने हेतु पुलिस अधीक्षक रवि कुमार के निर्देश पर थानाध्यक्ष नदीगांव वीरेंद्र सिंह ने शुक्रवार को थाना क्षेत्र के ग्राम घिलौर निवासी दीपक कुमार और मुन्ना नाई सहित ग्राम जरा निवासी जगराम पाल के खिलाफ मिनी गुंडा एक्ट की कार्यवाही की है। थानाध्यक्ष ने कहा कि अभियान चलाकर ऐसे तत्वों की गिरफ्तारी की जाएगी। उन्होंने कहा क्षेत्र में अपराधी किस्म के व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

## आम रास्ते में पक्के निर्माण की एसडीएम से शिकायत

**जालौन (उरई)।** आम रास्ते पर अतिक्रमण कर ग्रामीण ने पक्का निर्माण कर लिया है। ऐसे में वाहनों को निकलने में दिक्कत हो रही है। अतिक्रमण हटाने की बात कहने पर ग्रामीण झगड़े पर आमादा हो जाता है। ग्रामीणों ने एसडीएम से अतिक्रमण हटवाने की मांग की है। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम मकरंदपुरा में तालाब के पास भान सिंह का मकान है। उन्होंने मकान का नया निर्माण कराया है। ग्रामीण नीरज, पवन, नरेंद्र, सतीश आदि ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि उन्होंने मकान का निर्माण करते समय आम रास्ते में कब्जा कर लिया है। आम रास्ते में बनी सीसी सड़क पर पक्का निर्माण कर लिया है। पहले मकान को बढ़ाकर बना लिया है। इसके बाद भी सीसी मार्ग लगभग 5 फीट सीढियां बना ली है। आम रास्ते में अवैध निर्माण होने के कारण रास्ते से ट्रैक्टर, कार आदि निकलने में दिक्कत होने लगी है।

# किसान देश की रीढ़ की हड्डी के समान, इनकी अनदेखी न हो: तिवारी



**जालौन (उरई)।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बुंदेलखंड प्रभारी आचार्य शिवम तिवारी ने कुठौंद में आयोजित कार्यक्रम में संगठन का विस्तार किया गया। जिसमें गोपालजी तिवारी को संगठन का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। कुठौंद में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बुंदेलखंड प्रभारी आचार्य शिवम तिवारी ने कहा कि भारत संरचनात्मक दृष्टि से गांवों का देश है और सभी ग्रामीण समुदायों में अधिक मात्रा में कृषि कार्य किया जाता है। इसीलिए भारत को कृषि प्रधान देश की संज्ञा भी मिली है। लगभग 70 प्रतिशत भारतीय लोग किसान ही हैं। किसान देश की रीढ़ की हड्डी के समान हैं। किसान हमारे देश के जीवन रक्त हैं। कार्यक्रम में संगठन विस्तार की भी घोषणा की गई। जिसमें गोपालजी तिवारी पृथ्वीपुरा को जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। श्यामजी त्रिपाठी को बुंदेलखंड कोषाध्यक्ष, अमित तिवारी को जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा, राज मिश्रा को ब्लॉक रामपुरा अध्यक्ष, धर्मेंद्र सिंह जिलाध्यक्ष मजदूर मोर्चा, सावन मिश्रा व सूर्य कुमार सिंह सेंगर जिला सचिव मनोनीत किए गए। इस दौरान भाकियू (स्वराज) के सदस्यों ने जय जवान, जय किसान के नारे लगाए।

# स्वियातेक और जाबूर फाइनल में

## पहली बार अमेरिकी ओपन के खिताबी जंग में पहुंची

भाषा। न्यूयॉर्क

विश्व की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक और विंबलडन की उप विजेता ओन्स जाबूर ने विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करके पहली बार अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के फाइनल में प्रवेश किया। जाबूर ने गुरुवार की रात को अपनी सर्वश्रेष्ठ टेनिस का नजारा पेश किया तथा कारोलिन गर्सिया को आसानी से 6-1, 6-3 से शिकस्त देकर लगातार दूसरे ग्रैंड स्लैम फाइनल में जगह बनाई। उन्होंने जीत के बाद कहा, अब मैं वास्तविकता के अधिक करीब हूं। विंबलडन में मैं सपना जी रही थी और विश्वास नहीं कर पा रही थी कि मैं फाइनल में पहुंच गई हूं। जाबूर ने इस तरह से गर्सिया के 13 मैच के विजय अभियान पर रोक लगाई। ट्यूनीशिया की यह खिलाड़ी शनिवार को होने वाले फाइनल में स्वियातेक से भिड़ेगी जिन्होंने पहला सेट गंवाने के बाद छठी वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका को 3-6, 6-1, 6-4 से हराया। स्वियातेक तीसरे सेट में भी पिछड़ रही थी लेकिन उन्होंने आखिरी चार गेम जीत कर फाइनल में





जगह बनाई। उन्होंने आखिरी 20 पॉइंट में से 16 पॉइंट अपने नाम किए थे। स्वियातेक अमेरिकी ओपन में इससे पहले कभी चौथे दौर से आगे नहीं बढ़ पाई थी लेकिन पोलैंड की 21 वर्षीय खिलाड़ी के नाम पर फ्रेंच ओपन के दो खिताब दर्ज हैं। पांचवीं वरीयता प्राप्त 28 वर्षीय जाबूर 1968 से शुरू हुए पेशेवर युग में अमेरिकी ओपन के फाइनल में पहुंचने वाली पहली अफ्रीकी खिलाड़ी है।

### डब्ल्यूटीए चेन्नई ओपनः फ्रांस की गार्सिया और बेल्जियम की मर्टेंस ने नाम वापस लिया

**चेन्नई।** फ्रांस की कैरोलिन गार्सिया और बेल्जियम की एलिस मर्टेंस ने डब्ल्यूटीए चेन्नई ओपन से अपने नाम वापस ले लिए। इस डब्ल्यूटीए 250 टूर्नामेंट के आयोजकों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। विश्व रैंकिंग मे 17वें स्थान पर काबिज गार्सिया को टूर्नामेंट मे शीर्ष वरीयता मिलने की उम्मीद थी। रैंकिंग मे भारत की दूसरी सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी करमन कौर थांडी को तीसरा वाइल्ड कार्ड मिला। वह देश की शीर्ष खिलाड़ी अंकिता रैना और अमेरिकी ओपन के पूर्व फाइनलिस्ट यूजिनी बूचार्ड (कनाडा) के साथ एकल मुख्य ड्रॉ मे शामिल होंगी। यहां जारी विज्ञप्ति के मुताबिक सोमवार से शुरू होने वाले टूर्नामेंट से गार्सिया ने व्यस्त कार्यक्रम के कारण नाम वापस ले लिया। वह अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनल मे पहुंची थी जहां गुरुवार को ट्यूनीशिया की ओन्स जबूर ने उन्हें हराया। गार्सिया के हटने से अमेरिकी ओपन की शुरुआत से पहले 29वें स्थान पर रही एलिसन रिस्के-अमृतराज को एकल मे शीर्ष वरीयता प्राप्त होने की संभावना है।

# एशिया कप समीक्षाः टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम पर उठे सवाल

भाषा। नई दिल्ली

**आगामी टी20** विश्व कप से पहले एशिया कप टी20 टूर्नामेंट में भारत के लचर प्रदर्शन से टीम प्रबंधन को जवाब कम मिले लेकिन सवाल अधिक उठने लगे। ग्रुप चरण में पाकिस्तान और हांगकांग के खिलाफ जीत दर्ज करने के बाद टीम सुपर फोर में पाकिस्तान और श्रीलंका के खिलाफ दबाव के क्षणों में बिखर गई। विराट कोहली हालांकि अपने शतकों के सूखे को खत्म करने में सफल रहे जिससे क्रिकेट प्रशंसकों ने राहत की सांस ली। उनका शतक हालांकि अफगानिस्तान के खिलाफ ऐसे मैच में आया जो महत्वहीन था। यही नहीं, अफगानिस्तान की टीम को पिछले दिन बेहद करीबी मैच खेलने के 20 घंटे के अंदर दूसरी बार मैदान पर उतरना पड़ा वह भी दूसरे शहर में। भारत के लिए शीर्ष तीन बल्लेबाजी क्रम में लोकेश राहुल के पावर प्ले में विकेट बचाने की योजना टीम की मुश्किलें बढ़ा रही है। कोहली ने बीसीसीआई डॉट टीवी के लिए रोहित से बातचीत के दौरान कहा, हमें उसे अच्छी स्थिति में रखना होगा क्योंकि हम जानते हैं कि वह क्या करने में सक्षम है। कोहली की नाबाद शतकीय पारी के बाद इस तरह की मांग भी उठ रही कि वह रोहित के साथ पारी का आगाज करें और तीसरे क्रम पर सूर्यकुमार यादव बल्लेबाजी के लिए आए। ऐसे में राहुल को एकादश से बाहर बैठना पड़ सकता है। इसमें कोई शक नहीं की राहुल के पास प्रतिभा की कोई कमी नहीं है लेकिन वह एशिया कप में अपनी प्रतिष्ठा के अनुसार बल्लेबाजी करने में विफल रहे। मध्यक्रम में भी टीम की मुश्किलें कम नहीं हुई। दिनेश कार्तिक को शुरुआती मैचों में खेलने का मौका मिला लेकिन उन्हें 10 से भी कम गेंदों का सामना करने को मिला। टेस्ट मैचों में अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से टीम को कई यादगार जीत दिलाने वाले पंत इस प्रारूप में अब तक अपनी ख्याति के अनुरूप प्रभावित नहीं किया है।

### कोहली से पारी का आगाज करवाने के सवाल पर राहुल ने कहा, क्या आप चाहते हो मैं बाहर बैठा रहा रहूं

**दुबई।** केएल राहुल तब हैरान रह गए जब उनसे पूछा गया कि क्या अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 क्रिकेट मे अपना पहला शतक लगाने वाले विराट कोहली को विश्वकप मे रोहित शर्मा के साथ पारी का आगाज करना चाहिए। औपचारिक रह गए इस मैच मे रोहित ने विश्राम लेने का फैसला किया था जिसके बाद कोहली ने राहुल के साथ पारी की शुरुआत की। कोहली अगर पारी का आगाज करते है तो इसका मतलब होगा कि राहुल को बाहर बैठना पड़ेगा जिनके टी20 मे बल्लेबाजी के रवैए लेकर सवाल उठ रहे है। राहुल से जब संवाददाता सम्मेलन मे कोहली से पारी का आगाज करवाने के बारे मे सवाल किया गया तो उन्होने उल्टा सवाल दाग दिया, तो क्या मै खुद बैठ जाऊं भारतीय उप कप्तान का मानना है कि कोहली को बड़े स्कोर बनाने के लिए पारी का आगाज करने की जरूरत नही है।

### कोहली ने रोहित से कहा, आपने स्वाभाविक बने रहने की जो छूट दी उससे मैं सहज हो पाया

**दुबई।** विराट कोहली ने कप्तान रोहित शर्मा का उनके साथ किए गए संवाद के लिए आभार व्यक्त किया जिससे उन्हें सहज बने रहने और अपने मूल स्वरूप मे लौटने मे मदद मिली। कोहली ने अफगानिस्तान के खिलाफ एशिया कप सुपर चार के मैच मे अपने करियर का 71वां अंतरराष्ट्रीय शतक लगाकर तीन साल का इंतजार समाप्त किया। इसके बाद भारत के वर्तमान और पूर्व कप्तान के बीच बीसीसीआई.टीवी पर आपस मे बातचीत हुई। कोहली ने अपना इंटरव्यू ले रहे रोहित से कहा, हमें सुपर चार के इन मैचों (पाकिस्तान और श्रीलंका के खिलाफ) से सबक लेना होगा कहां हमने गलती की। टीम प्रबंधन की तरफ से स्पष्ट संवाद था। आपने मुझे जो स्वाभाविक बने रहने की छूट दी उससे मैने सहज महसूस किया। इसलिए विश्राम से वापसी करने के बाद मै टीम मे अपने योगदान को लेकर काफी उत्साहित था।

### इंग्लैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला में भारतीय टीम का ध्यान करीबी मुकाबले जीतने पर

**चेस्टर ली स्ट्रीट।** राष्ट्रमंडल खेलों में यादगार प्रदर्शन करने के बाद भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ शनिवार से शुरू हो रही तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में करीबी मुकाबलों को अपने पक्ष में करने की कोशिश करेगी। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम ने पिछले महीने ही राष्ट्रमंडल खेलों में सेमीफाइनल में इंग्लैंड को हराकर रजत पदक जीता था। टीम के पास यहां स्वर्ण पदक जीतने का मौका था लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल में मजबूत स्थिति के बाद टीम की पारी लड़खड़ा गई और उसे नौ रन से हार का सामना करना पड़ा।

### करीबी मैच जीतने के लिए बल्लेबाजी क्रम में संतुलन की जरूरतः हरनमप्रीत

**चेस्टर ली स्ट्रीट।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम के लिए करीबी मैच को अंजाम तक पहुंचाना हमेशा चिंता का विषय रहा है और कप्तान हरमनप्रीत कौर का मानना है कि इस समस्या का समाधान बल्लेबाजी क्रम में सही संतुलन हासिल करना है। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के फाइनल में आस्ट्रेलिया के 162 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत एक समय दो विकेट पर 118 रन बनाकर बेहद मजबूत स्थिति में था लेकिन इसके बाद बल्लेबाजी क्रम ढह गया।

### नेपाल ने सैफ अंडर-17 फुटबॉल टूर्नामेंट में भारत को 3-1 से हराया

**कोलंबो।** भारतीय फुटबॉल टीम को सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप के दूसरे मैच मे शुक्रवार को नेपाल ने 3-1 से शिकस्त दी। डैनी मेइतेइ ने 25वें मिनट मे भारत को बढ़त दिला दी थी लेकिन मध्यांतर से पहले सरोज दरलामी ने बराबरी का गोल दागकर नेपाल की वापसी कराई। मैच के दूसरे हाफ मे उनेश बुढाथोकी (49वें) और सुभाष बाम (68वें) के गोल ने नेपाल की बढ़त को 3-1 कर दिया।

### एआईएफएफ अध्यक्ष, महासचिव ने फीफा प्रमुख से मुलाकात की

**दोहा।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के नवनियुक्त अध्यक्ष कल्याण चौबे सहित शीर्ष दो अधिकारियों ने शुक्रवार को यहां फीफा प्रमुख गियानी इन्फेंटिनो के साथ भारतीय फुटबॉल पर उत्साहजनक और रचनात्मक चर्चा की। खिलाड़ी के तौर पर मोहन बागान और ईस्ट बंगाल की टीमों के साथ गोलकीपर की भूमिका निभा चुके चौबे के साथ इस मौके पर राष्ट्रीय महासंघ के नए महासचिव शाजी प्रभाकरन भी थे।

### सरनदीप ने दिल्ली के मुख्य कोच पद के लिए आवेदन किया

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व स्पिनर और पूर्व राष्ट्रीय चयनकर्ता सरनदीप सिंह ने आगामी घरेलू सत्र से पहले दिल्ली के मुख्य कोच के पद के लिए दावेदारी पेश की है। राजकुमार शर्मा के मार्गदर्शन मे दिल्ली के लिए पिछले सत्र भूलने वाला था क्योंकि टीम रणजी ट्रॉफी सहित तीनों प्रारूपों मे नॉकआउट मे जगह बनाने मे विफल रही। सरनदीप इस महीने लीजेंड्स लीग क्रिकेट मे कोचिंग की भूमिका मे नजर आएंगे। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) द्वारा तय की गई आवेदन की समय सीमा शनिवार को समाप्त हो रही है।

### स्पेन की मौजूदगी से विश्व कप में भारत का पूल कड़ा बन जाएगा : रीड

**नई दिल्ली।** भारतीय हॉकी टीम के मुख्य कोच ग्राहम रीड ने शुक्रवार को कहा कि एफआईएच विश्व कप मे भारत के पूल मे स्पेन की मौजूदगी से लीग चरण ही चुनौतीपूर्ण बन गया है। विश्व मे पांचवे नंबर की भारतीय टीम को अगले साल 13 से 29 जनवरी के बीच भुवनेश्वर और राउरकेला मे होने वाले विश्वकप मे इंग्लैंड (विश्व मे नंबर छह), स्पेन (विश्व मे नंबर आठ) और वेल्स के साथ पूल डी मे रखा गया है। भारत ने इस साल राष्ट्रमंडल खेलों मे रजत पदक जीतने के अपने अभियान के दौरान इंग्लैंड को 4-4 से ड्रॉ पर रोका था जबकि वेल्स को 4-1 से हराया था।

### यूरोपा लीग के अपने पहले मैच में हारा मैनचेस्टर यूनाइटेड

**मैनचेस्टर।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो की शुरूआती एकादश मे वापसी हुई लेकिन इसके बावजूद मैनचेस्टर यूनाइटेड को यूरोपा लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के अपने पहले मैच मे रियल सोसिडाड से 1-0 से हार का सामना करना पड़ा। स्टार स्ट्राइकर रोनाल्डो चैंपियन्स लीग के किसी क्लब मे स्थानांतरण नही करवा पाए और इसलिए उन्हे 2002 के बाद पहली बार यूरोप की दूसरी श्रेणी के टूर्नामेंट मे खेलने के लिए मजबूर होना पड़ा। रोनाल्डो को इससे पहले आखिरी बार 13 अगस्त को इंग्लिश प्रीमियर लीग के मैच मे शुरूआती एकादश मे शामिल किया गया था। इसके बाद उन्हे चार मैचो मे स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप मे उतारा गया।

# विराट सिंह की शतकीय पारी से पूर्व क्षेत्र ने उत्तर क्षेत्र के खिलाफ 397 रन बनाए

## दलीप ट्रॉफी

भाषा। पुडुचेरी

**बाएं हाथ के** बल्लेबाज विराट सिंह की 117 रन की पारी के दम पर पूर्व क्षेत्र ने दलीप ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल मुकाबले में उत्तर क्षेत्र के खिलाफ दूसरे दिन शुक्रवार को यहां अपनी पहली पारी में 397 रन बनाए। इसके जवाब में यश ढुल (नाबाद 35) और मनन वोहरा (नाबाद 20) ने पहले विकेट के लिए 65 रन की अटूट साझेदारी कर उत्तर क्षेत्र को मजबूत शुरुआत दिलाई। पूर्व क्षेत्र ने 179 रन पर तीन विकेट से दिन की शुरुआत की लेकिन पहले घंटे के खेल के बाद कप्तान मनोज तिवारी 27 रन बनाकर आउट हो गए। निशांत सिंधू ने उनके और विराट के साथ चौथे विकेट के लिए 77 रन की साझेदारी को तोड़ा। सिंधू ने इसके बाद विकेटकीपर अभिषेक पोरेल (06) को भी पवेलियन की राह दिखाई। विराट 247 गेंद की पारी में 12 चौके और एक छक्का लगाने के बाद पुलकित नारंग की गेंद पर आउट हुए। शाहबाज अहमद (62) ने इसके बाद पुछल्ले बल्लेबाजों के साथ 100 से अधिक रन जोड़ कर टीम को 400 रन के करीब पहुंचाया।



### जायसवाल और रहाणे का दोहरा शतक, पश्चिम क्षेत्र के दो विकेट पर 590 रन

**चेन्नई।** भारतीय टीम में वापसी की कवायद में जुटे कप्तान अजिंक्य रहाणे और सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के दोहरे शतक से पश्चिम क्षेत्र ने दलीप ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल मुकाबले के दूसरे दिन शुक्रवार को यहां पूर्वोत्तर क्षेत्र के खिलाफ पहली पारी में दो विकेट पर 590 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज पृथ्वी साव ने भी शतक जड़ा। कल बारिश के कारण सिर्फ 25 ओवर का खेल हो पाया था लेकिन आज साफ मौसम का पूरा फायदा उठाते हुए पश्चिम क्षेत्र ने 98 ओवर में 474 रन बटोरे। दिन का खेल खत्म होने पर रहाणे 264 गेंद में 18 चौकों और छह छक्कों से नाबाद 207 रन बनाकर खेल रहे थे। राहुल त्रिपाठी 25 रन बनाकर उनका साथ निभा रहे हैं। जायसवाल ने 228 जबकि पृथ्वी ने 113 रन की पारी खेली। पश्चिम क्षेत्र की टीम आज बिना विकेट खोए 116 रन से आगे खेलने उतरी। पृथ्वी ने 61 जबकि जायसवाल ने 55 रन से पारी को आगे बढ़ाया। पृथ्वी ने अधिक आक्रमक रुख अपनाया और जायसवाल के साथ मिलकर टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया। उन्होंने इस दौरान शतक भी पूरा किया। पृथ्वी हालांकि शतक पूरा करने के बाद जल्द ही अंकुर मलिक की गेंद पर विकेटकीपर आशीष थापा को कैच दे बैठे जिससे जायसवाल के साथ उनकी 206 रन की साझेदारी का अंत हुआ।

### पांचाल और भरत के अर्धशतक, भारत ए के छह विकेट पर 229 रन

**हुबली।** कप्तान प्रियांक पांचाल और श्रीकर भरत के अर्धशतक से भारत ए ने खराब शुरुआत से उबरते हुए न्यूजीलैंड ए के खिलाफ वर्षा से प्रभावित दूसरे अनौपचारिक क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को यहां छह विकेट पर 229 रन बनाए। बारिश और मैदान गीला होने के कारण पहले दिन एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी थी जबकि दूसरे दिन भी 66 ओवर का ही खेल हो पाया। दिन का खेल खत्म होने पर भरत 104 गेंद में 10 चौकों की मदद से 74 रन बनाकर क्रीज पर थे जबकि राहुल चाहर चार रन बनाकर उनका साथ निभा रहे हैं। सलामी बल्लेबाज पांचाल ने 148 गेंद में 12 चौकों और दो छक्कों से 87 रन की पारी खेली। न्यूजीलैंड ए ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और जल्द ही भारत ए का स्कोर चार विकेट पर 68 रन कर दिया। लोगान वान बीक (39 रन पर दो विकेट) ने सलामी बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन (22) को कप्तान टॉम ब्रूस के हाथों कैच कराके न्यूजीलैंड ए को पहली सफलता दिलाई। वान बीक ने इसके बाद रुतुराज गायकवाड़ (05) को विकेटकीपर डेन क्लीवर के हाथों कैच कराया।

# गेंदबाजों और निसंका ने दिलाई श्रीलंका को जीत

## पाक को 5 विकेट से पराजित किया

भाषा। दुबई

**लेग स्पिनर** वानिंदु हसरंगा की अगुआई में स्पिनरों के फिरकी के जादू के बाद सलामी बल्लेबाज पथुम निसंका के अर्धशतक से श्रीलंका ने एशिया कप टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के सुपर चार चरण के अंतिम मुकाबले में शुक्रवार को यहां पाकिस्तान को पांच विकेट से हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज की। यह मुकाबला फाइनल की ड्रेस रिहर्सल था क्योंकि रविवार को यही दोनों टीम खिताबी मुकाबले में खेलेंगी। पाकिस्तान के 122 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका ने निसंका की 48 गेंद में पांच चौकों और एक छक्के से नाबाद 55 रन की पारी और भानुका राजपक्षे (24) के साथ उनकी चौथे विकेट की 51 रन की साझेदारी से 17 ओवर में ही पांच विकेट पर 124 रन बनाकर जीत दर्ज की। कप्तान दासुन शनाका ने भी 16 गेंद में 21 रन बनाए। श्रीलंका की टीम सुपर चार चरण में अजेय रही। लेग स्पिनर वानिंदु हसरंगा



(21 रन पर तीन विकेट) और आफ स्पिनरों महीश तीक्षण (21 रन पर दो विकेट) और धनंजय डिसिल्वा (18 रन एक विकेट) की फिरकी के जादू के सामने पाकिस्तान की टीम 19.1 ओवर में 121 रन पर ढेर हो गई। पदार्पण कर रहे तेज गेंदबाज प्रमोद मदुसान (21 रन पर दो विकेट) ने स्पिनरों का अच्छा साथ निभाया। पाकिस्तान की ओर से सिर्फ कप्तान बाबर आजम (30) और मोहम्मद नवाज (26) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरे श्रीलंका की शुरुआत भी बेहद खराब रही और टीम ने दूसरे ओवर में दो रन के स्कोर तक ही सलामी बल्लेबाज कुसाल दास और दनुष्का गुणतिलक के विकेट गंवा दिए। ए दोनों खाता भी नहीं खोल पाए। मोहम्मद हसनैन (21 रन पर दो विकेट) ने पहले ही ओवर में मेंडिस को इफ्तिखार अहमद के हाथों कैच कराया जबकि अगले ओवर में हारिस राउफ (19 रन पर दो विकेट) की गेंद पर गुणातिलक विकेटकीपर मोहम्मद रिजवान को कैच दे बैठे।

### स्कोरबोर्ड

**पाकिस्तानः** रिजवान का मेंडिस बो मदुसान 14, आजम बो हसरंगा 30, जमां का हसरंगा बो करुणारत्ने 13, अहमद बो हसरंगा 13, शाह का निसंका बो धनंजय 04,नवाज रन आउट 26, अली बो हसरंगा 00,हसन का हसरंगा बो तीक्षणा 00,कादिर का निसंका बो तीक्षणा 03,राउफ का धनंजय बो मदुसान 01, हसनैन नाबाद 00,अतिरिक्तः 17,कुलः 19.1 ओवर मे सभी विकेट खोकरः 121,विकेट पतनः1-28, 2-63, 3-68, 4-82, 5-91, 6-91, 7-95, 8-110, 9-121,गेंदबाजीः मदुशंका 4-0-35-0,तीक्षणा 4-0-21-2,मदुसान 2.1-0-21-2,धनंजय 4-0-18-1,हसरंगा 4-0-21-3, करुणारत्ने1-0-4-1

**श्रीलंकाः** निसंका नाबाद 55,मेंडिस का इफ्तिखार बो हसनैन 00,गुणातिलक का रिजवान बो राउफ 00, डिसिल्वा का आजम बो राउफ 09, राजपक्षे का राउफ बो कादिर 24,शनाका का हसन बो हसनैन 21,हसरंगा नाबाद 10,अतिरिक्तः 05,कुलः 17 ओवर मे पांच विकेट परः 124 रन,विकेट पतनः1-1, 2-2, 3-29, 4-80, 5-113,गेंदबाजीःहसनैन 3-0-21-2,राउफ 3-0-19-2,हसन 3-0-25-0,नवाज 4-0-21-0, कादिर 4-0-33-1

# नीरज के कमर में चोट

## राष्ट्रीय खेलों में भाग लेना मुश्किल



भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय** ओलंपिक संघ (आईओए) के निर्देश के बावजूद चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा का लंबे अंतरराष्ट्रीय सत्र और कमर में चोट के कारण आगामी राष्ट्रीय खेलों में भाग लेना मुश्किल है। ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता चोपड़ा ने गुरुवार को ज्यूरिख में प्रतिष्ठित डायमंड लीग फाइनल का खिताब जीत कर एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। वह इस खिताब को जीतने वाले पहले भारतीय बने इसके एक दिन बाद उनसे 29 सितंबर से 12 अक्टूबर तक गुजरात के विभिन्न शहरों में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय खेलों में भाग लेने के बारे में पूछा गया। चोपड़ा ने संवाददाताओं से कहा, राष्ट्रीय खेल करीब आ रहे हैं। मैं अभी कमर की चोट से उबर रहा हूं। मैं एक या दो सप्ताह तक प्रशिक्षण नहीं ले पाऊंगा। इसलिए मैं मुख्य रूप से अगले साल पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूं। आईओए ने देश के शीर्ष एथलीटों के लिए खेलों में भाग लेना अनिवार्य कर दिया है, जिससे कई खिलाड़ियों को अपने प्रशिक्षण कार्यक्रम में बदलाव करना पड़ सकता है। आईओए का निर्देश गृह मंत्री अमित शाह द्वारा खेलों के शुभंकर और राष्ट्रगान के लॉन्च के बाद आया है। इस कार्यक्रम में केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि यह अब तक के सबसे बड़े और भव्य राष्ट्रीय खेल होंगे। राष्ट्रीय खेलों का आयोजन सात साल के लंबे अंतराल पर होगा। इस चोट के कारण चोपड़ा अमेरिका में हुए विश्व चैम्पियन में रजत पदक जीतने के बाद इस साल जुलाई-अगस्त में राष्ट्रमंडल खेलों में भाग नहीं ले पाए थे। उन्होंने हालांकि एक महीने के बाद 26 अगस्त को डायमंड लीग सीरीज के लुसाने चरण को जीतकर यहां फाइनल के लिए क्वालीफाई किया और इसके विजेता बनकर अंतरराष्ट्रीय सत्र को शानदार तरीके से खत्म किया। वह डायमंड लीग मीट में स्वर्ण जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी है। उन्होंने लुसाने में 89.08 मीटर के थ्रो से अपने करियर के तीसरे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ यह खिताब जीता था। ज्यूरिख में चोपड़ा ने फाउल से शुरुआत की लेकिन अपने दूसरे प्रयास में 88.44 मीटर भाला फेंक कर वह शीर्ष पर पहुंच गए।

### पिछले सत्र में बाहर की चीजों से सामंजस्य बैठाने में समस्या हुई थी

**नई दिल्ली।** तोक्यो ओलंपिक मे ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने के बाद व्यावसायिक दायित्वों और सामाजिक प्रतिबद्धताओं ने नीरज चोपड़ा के खेल पर काफी असर डाला। चोपड़ा ने उस अनुभव से सीख लेने के बाद आगामी सत्र मे चीजो को अलग तरह से करने की योजना बनाई है। ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी चोपड़ा ने गुरुवार को ज्यूरिख मे प्रतिष्ठित डायमंड लीग फाइनल का खिताब जीतने वाला पहला भारतीय बन कर एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। चोपड़ा ने शुक्रवार को ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन मे कहा, पिछला साल मेरे लिए नया अनुभव था, सामंजस्य बैठाने में परेशानी हो रही थी लेकिन उस सत्र से मैने काफी कुछ सीखा है। इस बार कुछ व्यावसायिक प्रतिबद्धताओं के लिए मै तारीखे पहले ही दे दूंगा। जब अभ्यास का समय आएगा तो मै उस पर पूरा ध्यान दूंगा ताकि तैयारी मे कोई कमी ना रहे।

# उत्तर प्रदेश प्री क्वार्टर फाइनल में

## उत्तराखंड पर जीत

## 51वीं राष्ट्रीय सीनियर पुरुष हैंडबॉल

## प्री क्वार्टर फाइनल : सर्विसेज ने केरल को 24-11 से हराया

**लखनऊ।** मेजबान उत्तर प्रदेश ने 51वीं राष्ट्रीय सीनियर पुरुष हैंडबॉल चैंपियनशिप के अपने अंतिम लीग में उत्तराखंड को एकतरफा 28-9 से शिकस्त देकर प्री क्वार्टर फाइनल में स्थान सुरक्षित किया। प्री क्वार्टर फाइनल में उत्तर प्रदेश की टक्कर अब दिल्ली की टीम से कल सुबह के सत्र में होगी। दूसरी ओर पिछली चैंपियन सर्विसेज ने पहले प्री क्वार्टर फाइनल में केरल को 24-11 से हराकर क्वार्टर फाइनल में स्थान सुरक्षित किया। चैंपियनशिप में आज एकमात्र यहीं प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबला खेला गया। इसके अलावा अन्य मुकाबले लीग दौर के खेले गए। हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश हैण्डबॉल संघ द्वारा केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित चैंपियनशिप में लीग दौर के मैच खत्म हो गये। लीग मुकाबलों में जीत से बिहार, पंजाब,रेलवे, हरियाणा, चंडीगढ़ और राजस्थान ने अपने-अपने पूल में शीर्ष पर रहते हुए प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पूल जी में अपने पिछले दो मैच जीत चुकी उत्तर प्रदेश ने आज लीग के अंतिम मुकाबले में उत्तराखंड को 28-9 से हराया। आज मैच में यूपी के खिलाड़ियों ने आक्रामक खेल से मैच में अपनी मजबूत पकड़ बना ली जिसके चलते दबाव में आयी उत्तराखंड की टीम अंत तक उबर नहीं सकी। इस मैच में मेजबान ने मध्यांतर तक 12-1 से बढ़त हासिल कर ली। मध्यांतर के बाद भी उत्तर प्रदेश ने तालमेल भरे खेल के सहारे लगातार गोल करते हुए जीत अपनी झोली में डाल ली जबकि प्रतिद्वंद्वी टीम इस दौरान सिर्फ आठ गोल ही कर सकी। उत्तर प्रदेश से नितिश ने अकेले 6 गोल दागे। गुरदीप खत्री व अब्दुल करीम ने 4-4 गोल किए। शुभम सरोज व अरुण कुमार को तीन-तीन जबकि गुरप्रीतए संचित को दो-दो गोल करने में सफलता मिली। उत्तराखंड की ओर से अंकित ने पांच जबकि हिमांशु, दीपक, शिवा, विवेक शर्मा को एक-एक गोल करने में सफलता मिली। इसके अलावा लीग दौर में शानदार प्रदर्शन से पूल ए में शीर्ष पर रही सर्विसेज ने आज खेले गए पहले प्री क्वार्टर फाइनल में केरल को 24-11 से हराया। सर्विसेज ने इस मैच में रोमांचक संघर्ष के बाद मध्यांतर तक 9-8 की बढ़त बना ली। मध्यांतर के बाद सर्विसेज के खिलाड़ियों ने तेजतर्रार खेल दिखाया और जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बनी। सर्विसेज की ओर से मोहित और कैलाश ने दमदार खेल दिखाते हुए सर्वाधिक 6-6 गोल दागे। इन दोनों के बाद रघु कुमार ने 4, अशोक नैन व वरुण ठाकुर ने दो-दो जबकि दीपक अहलावत, साहिल, चिराग, मिंटू सरदार ने एक-एक गोल किए। केरल से जीवन ने तीन और हरीश जीए मिथुन, शरथ व विष्णु ने दो-दो गोल किए। पूल डी में आज अपने अंतिम लीग मैच में रेलवे ने ओडिशा को 20.8 गोल से हराया।



### अनुराग को रजत

**लखनऊ।** 75वीं सीनियर नेशनल एक्वाटिक चैंपियनशिप-2022 के चौथे दिनए गुवाहाटी के अनुराग आर सिंह ने 05:37:75 सेकेंड का समय निकालकर 800 मीटर फ्री स्टाइल में रजत पदक अर्जित किया।

### आइटा पुरुष प्राइजमनी टेनिस टूर्नामेंट आज से

**लखनऊ** /उन्नाव टेनिस अकादमी के तत्वावधान में आइटा पुरुष प्राइजमनी टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन आगामी 10 से 16 सितंबर तक होगा। आशियाना स्थित उन्नाव टेनिस अकादमी के कोर्ट पर खेला जाने वाला टूर्नामेंट यह एक लाख रुपए की ईनामी राशि का होगा जिसमें 10 राज्यों के करीब 100 खिलाड़ी भाग ले रहे है जिसमें कई उम्दा रैंकिंग वाले खिलाड़ी भी होंगे। आयोजन सचिव समित केसरी के अनुसार टूर्नामेंट का उद्घाटन 10 सितंबर को सुबह 10 बजे मुख्य अतिथि अपर मुख्य सचिव खेल नवनीत सहगल के कर कमलों द्वारा होगा। विशिष्ट अतिथि पुनीत अग्रवाल सचिव, उत्तर प्रदेश टेनिस एसोसिएशन होंगे। टूर्नामेंट में क्वालीफाइंग मुकाबले 10 और 11 सितंबर को खेले जाएंगे। मुख्य ड्रा के मुकाबले 12 सितंबर से शुरू होंगे।

### जिला अंडर-23 एथलेटिक्स चैंपियनशिप 12 को

**लखनऊ।** लखनऊ जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वावधान में 12 सितंबर को लखनऊ जिला अंडर-23 पुरुष व महिला एथलेटिक्स चैंपियनशिप केडी सिंह बाबू स्टेडियम में होगी। लखनऊ जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव बीआर वरुण के अनुसार चैंपियनशिप में भाग लेने के इच्छुक एथलीटों का जन्म एक नवंबर 1999 से 31 अक्टूबर 2002 के मध्य होनी चाहिए। उन्हें प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए अपना आधारकार्ड लाना होगा। इच्छुक एथलीटों को आयोजन स्थल पर सुबह 8 बजे बजे संपर्क करना होगा। उन्होंने बताया कि इस चैंपियनशिप के माध्यम से से चयनित लखनऊ जिला टीम आगामी 15 व 16 सितंबर को गोरखपुर में होने वाली यूपी स्टेट अंडर.23 पुरुष व महिला एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग लेगी। चैंपियनशिप के बारे में अधिक जानकारी के लिए बीआर वरुण 9415027942 से संपर्क कर सकते है।